ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आश्विन कृष्ण पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 08 अक्टूबर 2023 • वर्ष-29 • अंक-351 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



हमने दशकों की क्षति और विनाश को समृद्धि में... पेज 10 पर

## वर्ल्ड कप : भारत आज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा अपने अभियान का आगाज




**चेन्नई।** भारत आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप में रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगा। यह दोनों टीमों का वर्ल्ड कप में पहला मैच होगा। ऐसे में दोनों टीमें हर हाल में इस मुकाबले को जीतना चाहेगी। दोनों टीमों के बीच यह मैच दोपहर 2 बजे से चेन्नई के एमए चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में हैदराबाद में न्यूजीलैंड का सामना नीदरलैंड्स से होगा। यह मुकाबला मैच भी दो बजे शुरू होगा।

## दक्षिण अफ्रीका के वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के नीचे दबे श्रीलंकाई शेर




**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका ने दिल्ली के फिरोजशाह कोटला ग्राउंड पर खेले गए अपने पहले मैच में श्रीलंका पर बड़ी जीत के साथ वर्ल्ड कप में अदब के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। इस मुकाबले में प्रोटियाज टीम की ओर से 3 बल्लेबाजों ने शतक ठोका जिसके दम पर साउथ अफ्रीका ने 428 रन का वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर बनाया। यह वनडे विश्व कप इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। साउथ अफ्रीका की ओर से रखे गए 429 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम 44.5 ओवर में 326रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इस तरह प्रोटियाज टीम ने श्रीलंका को 102 रन से हराया। उसकी ओर से डेब्यू वर्ल्ड कप खेल रहे चरित असलंका ने सबसे ज्यादा 79 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका की ओर से गेराल्ड कोएत्जी ने तीन विकेट लिए जबकि कैगिसो रबाडा और केशव महाराज ने 2-2 विकेट हासिल किए। अनुभवी विकेटकीपर बैटर क्विंटन डिकॉक सहित रासी वान डर डुसन और एडेन मार्करम ने शतक जड़े।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने संकल्प यात्रा के तहत बरवाडीह में किया जनसभा को संबोधित

# भ्रष्टाचार व अपराध मुक्त झारखंड बनाएंगे : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

भाजपा के संकल्प यात्रा के सातवें चरण में शनिवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बरवाडीह पहुंचे। उन्होंने प्रखंड के हाई स्कूल स्थित मैदान में जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान में अपराधी पूरी तरह बेलगाम हैं और लोग खौफ व दहशत भरी जिंदगी जीने को विवश हैं। ऐसे में हम सभी को भ्रष्ट, अपराधी एवं अपराध मुक्त झारखंड बनाने का संकल्प लेने की जरूरत है। हम लोगों को वर्तमान भ्रष्ट सरकार से मुक्ति का संकल्प दिलाने के लिए आए हैं। उन्होंने सरकार के मुखिया से सवाल करते हुए कहा कि अगर हेमंत सोरेन खुद को पाक साफ समझते हैं तो ईडी के समन पर हाजिर क्यों नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा



वर्तमान सरकार को झारखंड बनने के बाद अबतक का सबसे भ्रष्ट एवं असफल सरकार करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार बालू, पत्थर, कोयला, लोहा तस्करों को संरक्षण दे रही है और पुलिस के माध्यम से वसूली में लगी हुई है। बाबूलाल मरांडी ने उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, आवास योजना, पेंशन योजना, गरीबों के लिए राशन के साथ-साथ महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को नरेंद्र मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने 2024 में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार केंद्र एवं राज्य में बनाने का संकल्प कार्यकर्ताओं को दिलाया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही 6 महीने के अंदर सभी सरकारी स्कूल में शिक्षकों की कमी दूर कर ली जाएगी। बेरोजगार नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ होगी। इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि परिवार और भ्रष्टाचार के संरक्षण के लिए यह गठबंधन बनाया गया है। मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र व तलवार भेंट कर मरांडी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह ने की। मंच का संचालन भाजपा जिला महामंत्री पंकज कुमार सिंह ने किया। जिला अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय एवं जिप अध्यक्ष पूनम देवी ने भी सभा को संबोधित किया। मौके पर भाजपा के जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, भजायुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, प्रदेश शेष पृष्ठ 11 पर

# नदी में नहाने गए छह बच्चे बहे, एक की मौत; एक लापता

### चार बच्चों को नदी के आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बचाया



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

थाना क्षेत्र की कोपे पंचायत के भटको गांव के पास नदी में नहाने गए छह बच्चे नदी के तेज बहाव में बह गए। एक बच्ची की नदी में डूबने से मौत गई, जिसकी पहचान पूर्णिमा कुमारी (8), पिता प्रदीप राम भटको निवासी के रूप में हुई है। वहीं ग्रामीणों की मदद से चार बच्चों को बचा लिया गया, जबकि एक बच्ची लापता है। ग्रामीणों ने बताया कि घर के पास से गुजर रही औरंगा नदी में सभी बच्चे नहाने गए थे। ग्रामीणों ने कहा कि नदी की तेज बहाव में बच्चे बहने लगे तो नदी के आसपास मौजूद ग्रामीणों ने देखा और चार बच्चों को बचा लिया, लेकिन एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि चांदनी कुमारी (10) नदी के तेज बहाव में बह गई है जिसकी तलाश की जा रही है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बिहार-झारखंड सीमा पर तैनात होगी आईआरबी

### पुलिस मुख्यालय ने जारी किया जवनों की तैनाती का आदेश



**मेदिनीनगर।** झारखंड-बिहार सीमा पर नक्सल विरोधी अभियान में केंद्रीय रिजर्व बल (सीआरपीएफ) की जगह इंडियन रिजर्व बटालियन के जवानों को तैनात किया जाएगा। इंडियन रिजर्व बटालियन के जवानों की तैनाती बिहार से सटे पलामू के इलाके में की जाएगी। पलामू में नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के डगरा और कुहकुह और मनातू में आईआरबी को तैनात किया जाना है।

इस संबंध में पुलिस मुख्यालय की तरफ से आदेश जारी कर दिया गया है। दो दशक के बाद बिहार सीमा पर सीआरपीएफ की जगह आईआरबी नक्सल विरोधी अभियान का नेतृत्व करेगी। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने शनिवार को आईआरबी की तैनाती की पुष्टि की है। पलामू में सीआरपीएफ के 134 बटालियन को क्लोज किया जा रहा है। पलामू से सीआरपीएफ 134 बटालियन को सारंडा के इलाके में शिफ्ट किया जा रहा है। 1995-96 में पहली बार नक्सल विरोधी अभियान के लिए पलामू में सीआरपीएफ की दो कंपनी पहुंची थी। वर्ष 2003-04 में पहली बार पूरी बटालियन की तैनाती की गई थी। उस समय 13वीं बटालियन को तैनात किया गया था। वर्ष 2010-11 में सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन को तैनात किया गया था। पलामू में तैनाती के दौरान सीआरपीएफ 134 बटालियन के 20 से अधिक जवानों और अधिकारियों को पुलिस मेडल ऑफ गैलेंट्री मिली थी। सीआरपीएफ के क्लोज होने के बाद पहली बार पलामू के इलाके में झारखंड पुलिस के जवान नक्सल विरोधी अभियान का नेतृत्व करेंगे। कई इलाकों में ग्रामीण सीआरपीएफ को हटाने का विरोध कर रहे हैं और मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। पलामू में सीआरपीएफ 134 बटालियन की सात कंपनियां तैनात थीं। सीआरपीएफ झारखंड-बिहार सीमा पर हरिहरगंज, कुहकुह, डगरा, मनातू और चक में तैनात थी। इसके अलावा पलामू, चतरा और लातेहार सीमा पर तैनात थी। इनमें बिहार सीमा पर दो स्थानों को छोड़ दिया जाए तो सभी जगह सीआरपीएफ की कंपनियों को हटा दिया गया है। इंडियन रिजर्व बटालियन की टुकड़ी जल्द ही डगरा, कुहकुह और मनातू में तैनात होगी। पलामू के लेस्लीगंज में आईआरबी और जैप का मुख्यालय है।

# मुख्यमंत्री कल देवघर व जामताड़ा में मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का करेंगे शिलान्यास

### 27 पंचायत की 1,11,174 आबादी को होगा लाभ



**रांची।** देवघर एवं जामताड़ा जिलान्तर्गत सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास नौ अक्टूबर को होगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ग्राम सिकटिया, प्रखण्ड सारठ, जिला देवघर में मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। इस योजना का निर्माण 484.35 करोड़ रुपये से होगा। शिलान्यास समारोह को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है। देवघर और जामताड़ा जिला अंतर्गत सारठ, करो, विद्यासागर एवं जामताड़ा प्रखंड में नदी तल से अधिक ऊंचाई पर खेती योग्य भूमि में पारंपरिक नहर प्रणाली से सिंचाई संभव नहीं होने तथा इस प्रणाली में खेती योग्य भूमि का बहुत ज्यादा भू-अर्जन के कारण भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से जल लिफ्ट कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना तैयार की गई है। इसके जरिए पंपिंग के लिए जल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिकटिया ग्राम के समीप अवस्थित अजय बराज के अपस्ट्रीम से पंप मोटर से जल पाइपलाइन के माध्यम से सिंचित क्षेत्र में चकवार सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। प्रस्तावित पटवन क्षेत्र में मुख्य रूप से धान के अतिरिक्त सरसों, मूंग, गेहूं एवं मक्का की खेती भी संभव हो सकेगी। खेती एवं पशुओं को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अधिक वर्षा शेष पृष्ठ 11 पर

### चार प्रखंड के 27 पंचायतों के किसानों को होगा लाभ

इस योजना के क्रियान्वयन के फलस्वरूप देवघर और जामताड़ा जिला चार प्रखण्ड के 27 पंचायत में निवास करने वाले 1,11,174 आबादी को लाभ होगा। इसमें 13,930 अनुसूचित जाति एवं 26, 346 अनुसूचित जन जाति के लोग भी निवास करते हैं। योजना से सारठ प्रखण्ड के छह, करों प्रखण्ड के छह, विद्यासागर प्रखण्ड के 12 और जामताड़ा प्रखण्ड के तीन पंचायत के किसानों को लाभ होगा। योजना का कार्य तीन वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दुमका जिला अंतर्गत मसलिया एवं रानेश्वर प्रखंड में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेगा लिफ्ट योजना का निर्माण प्रारंभ कराया गया है, जिससे 22 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

## गागर में सागर

### अवैध खनन मामला : सुनील यादव की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन मामले के आरोपित सुनील यादव की जमानत याचिका ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। इससे पूर्व गुरुवार को कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई थी। अदालत ने फैसला सुरक्षीत रख लिया था। सुनील, दाहू यादव का भाई है। ईडी कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके बाद साहिबगंज पुलिस ने 26 अगस्त 2023 को सुनील यादव को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में आरोपित सुनील का भाई दाहू यादव अब तक फरार है।

### भगवान भगत की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शनिवार को साहिबगंज के पत्थर कारोबारी भगवान भगत की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। मामले में आदेश सुरक्षित रखा है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पांडे नीरज राय ने पैरवी की। साहिबगंज में हुए एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले से भगवान भगत का मामला जुड़ा हैं। ईडी मामले में भगवान भगत के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है। भगवान भगत को ईडी ने सात जुलाई को गिरफ्तार किया था।

# कोचिंग जा रही नाबालिग छात्रा का घर के पास से अपहरण

### विरोध में ग्रामीणों ने थाना चौक को किया जाम

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड मुख्यालय से एक नाबालिग छात्रा का उसके घर के पास से अपहरण करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर छात्रा के पिता बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय निवासी ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर बालूमाथ प्रखंड निवासी तरुण यादव, पिता विपिन यादव, ग्राम-पोस्ट थाना बालूमाथ पर अपहरण करने का आरोप लगाया है। आवेदन में पीड़ित के पिता ने यह भी बताया है कि बीते 6 अक्टूबर को छात्रा के साथ उपरोक्त युवक तरुण ने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था और उठा लेने की भी धमकी छात्रा को दी थी। इस बारे में छात्रा ने अपने घरवालों को बताया था। इसके बाद पिता ने इसकी जानकारी युवक के पिता विपिन यादव को भी दी थी और अगले दिन 7 अक्टूबर को दोपहर 1:30 बजे जब छात्रा ट्यूशन जाने के लिए घर से बाहर निकली तो इसी दौरान घात लगाए बैठे तरुण ने छात्रा का अपहरण कर लिया। अपहरण के दौरान युवती ने बचाव-बचाव की भी आवाज लगाई। अपहरण स्थल पर किताब-कॉपी बिखरे पड़े थे। वहीं आवेदन मिलते ही बालूमाथ इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशि रंजन के नेतृत्व में पुलिस अपहृत छात्रा की सकुशल बरामदगी के लिए छापेमारी कर रही है। इस मामले में अपहरण स्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली जा रही है। इंस्पेक्टर का दावा है कि छात्रा को शीघ्र बरामद कर लिया जाएगा। वहीं छात्रा के दिनदहाड़े अपहरण के विरोध में ग्रामीणों ने रांची-चतरा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। पुलिस और अंचलाधिकारी आफताब आलम सहित कई गणमान्य बुद्धिजीवी की पहल पर शाम 6:00 बजे जाम हटाया गया।

# झारखंड में जातीय जनगणना की पक्षधर है सोरेन सरकार, लेकिन 2024 तक फैसले के नहीं आसार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जातीय जनगणना के मामले में झारखंड सरकार भी बिहार की राह पर चलना चाहती है, लेकिन राज्य की मौजूदा परिस्थितियों में फिलहाल इस पर फैसला लिए जाने के आसार बेहद कम हैं। वैसे यह मुद्दा 2024 में अप्रैल-मई में संभावित लोकसभा और इसके बाद अक्टूबर-नवंबर में झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान सियासी फिजां में फुटबॉल की तरह उछलता रहेगा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कहना है कि वह इस बात के हिमायती हैं कि जिस समूह की जितनी आबादी है, उसे उसी के अनुसार अधिकार मिलना चाहिए। झारखंड के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल तीनों पार्टियां झामुमो, कांग्रेस और राजद इसकी पक्षधर हैं। राज्य में एनडीए गठबंधन में शामिल आजसू पार्टी भी जातीय जनगणना की मांग उठा रही है। राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा फिलहाल इस मुद्दे पर चुप है। सीएम हेमंत सोरेन कहते हैं



कि जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर दो साल पहले ही राज्य में सभी दलों की सहमति बनी थी। इसके बाद सर्वदलीय शिष्टमंडल के सदस्यों ने सितंबर 2021 में दिल्ली जाकर इससे संबंधित मांग पत्र गृह मंत्री को सौंपा था। हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से इस पर पहल हो। पत्र में कहा गया था कि संविधान में सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के विकास के लिए विशेष सुविधा और आरक्षण की व्यवस्था की गई है। आजादी के बाद से आज तक की कराई गई जनगणना में जातिगत आंकड़े नहीं रहने से विशेषकर पिछड़े वर्ग के लोगों को विशेष सुविधाएं पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पिछड़े-अति पिछड़े अपेक्षित प्रगति नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में यदि अब जातिगत जनगणना नहीं कराई जाएगी तो पिछड़ी-अति पिछड़ी जातियों की शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति का ना तो सही आकलन हो सकेगा, ना ही उनकी बेहतरी तथा उत्थान संबंधित समुचित नीति निर्धारण हो पाएगा और ना ही उनकी संख्या के अनुपात में बजट का आवंटन हो पाएगा। आज से 90 साल पहले जातिगत जनगणना 1931 में की गई थी और उसी के आधार पर मंडल कमीशन के द्वारा पिछड़े वर्गों को आरक्षण उपलब्ध कराने की अनुशंसा की गई थी। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर कहते हैं, हमारे शीर्ष नेता राहुल गांधी स्पष्ट कर चुके हैं कि विभिन्न जातियों को उनकी जनसंख्या के आधार पर आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। पार्टी शेष पृष्ठ 11 पर

### पहले चरण का परीक्षण अक्टूबर के अंत तक करने की संभावना

# इसरो मानवरहित उड़ान परीक्षण को तैयार



**नई दिल्ली।** चंद्रयान, आदित्य एल वन के बाद अब अंतरिक्ष में गगनयान मिशन भेजने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को गगनयान यान के संबंध में सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी और तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि इसरो गगनयान मिशन के लिए मानवरहित उड़ान परीक्षण शुरू करेगा। फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) की तैयारी चल रही है, जिसमें क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन शामिल है। क्रू एस्केप सिस्टम यानी विकसित यान से अंतरिक्ष यात्रियों को निकालने की प्रणाली है, जिसका परीक्षण जल्दी ही किया जाएगा। गगनयान मिशन के तहत चार महत्वपूर्ण परीक्षण किए जाने हैं। जिसमें इस महीने परीक्षण यान टीवी-डी1 का परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद दूसरे परीक्षण यान टीवी-डी2 और पहले मानव रहित गगनयान (एलवीएम3-जी1) का परीक्षण किया जाएगा। उसके बाद परीक्षण यान मिशन (टीवी-डी3 और डी4) और एलवीएम3-जी2 को रोबोटिक पेलोड के साथ भेजने की योजना है। अंतिम चरण मानवयुक्त परीक्षण यान को लॉन्च करने का है।

मिशन के बारे में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीवीएसएससी) के निदेशक एस उन्नीकृष्णन नायर ने गुरुवार को बताया था कि इससे जुड़े सभी वाहन प्रणालियां प्रक्षेपण के लिए श्रीहरिकोटा पहुंच चुकी हैं। इसके पहले चरण के तहत मानवरहित परीक्षण अक्टूबर के अंत तक किया जा सकता है।

### क्या है गगनयान मिशन

इसरो का गगनयान मिशन भारत का पहला और दुनिया का चौथा अंतरिक्ष मानव मिशन है। इसके रॉकेट को जीएसएलवी मार्क-क्क्क में कुछ बदलाव करके बनाया गया है, जिसे एचएलवीएम-क्क्क नाम दिया गया है। इसमें इंसानों को ले जाने वाले कैप्स्यूल और आपात स्थिति में इजेक्शन सिस्टम जोड़ा गया है। गगनयान मिशन में 3,735 किलोग्राम वजन का एक स्पेसक्राफ्ट भी है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भ्रमण करने में मदद करेगा। इसे ऑर्बिटर मॉड्यूल भी कहा जाता है। गगनयान मिशन को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाएगा। फिर यह शेष पृष्ठ 11 पर

# सोशल इमोशनल लर्निंग के जरिए बच्चों में विकसित होगा जीवन कौशल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य शिक्षा विभाग 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को मिलाकर कुल 121 स्कूलों में 'हर्ष जोहार पाठ्यचर्या' को लागू करने की पहल कर रहा है। इसे लेकर 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और कस्तूरबा विद्यालयों में से प्रत्येक विद्यालय से 10 शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सम्पूर्ण प्रोजेक्ट के तहत हर्ष जोहार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत राज्य के 121 स्कूलों में बच्चों के अंदर सोशल इमोशनल लर्निंग, एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग, इंटरेक्टिव सेशंस, सेफ स्पेस फॉर लर्निंग, आदि के माध्यम से जीवन कौशल विकसित किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम छह से 12वीं तक के बच्चों के लिए होगा। हर्ष जोहार पाठ्यचर्या के तहत बच्चों के अंदर भावनात्मक लचीलापन विकसित करने, महत्वपूर्ण विचार कौशल, जिम्मेदार निर्णय लेने, आत्म जागरुकता, आत्म सम्मान, विकासोन्मुख मानसिकता, सकारात्मक संबंध स्थापित करने और उसे बनाए रखने, दूसरों के प्रति सहानुभूति रखने जैसे जीवन कौशल विकसित किये जाएंगे।



## गागर में सागर

### हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्रों में 75 स्थानों पर होती हैं दुर्गा पूजा

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्रों में दुर्गोत्सव की तैयारी में अपने- अपने पूजा कमेटी के सदस्य जुट गये हैं। हुसैनाबाद अनुमंडल के तीनों प्रखंडों में करीब 75 स्थानों पर दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती हैं। हुसैनाबाद के शहरी क्षेत्रों में नौ और ग्रामीण क्षेत्रों में 41 स्थानों पर दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित कर दुर्गोत्सव मनाया जाता हैं। हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र के जपला महावीर भवन में 66 वर्षों से दुर्गा पूजा की अराधना होती है। जबकि रामचरित मानस नवाह्न महायज्ञ 43 वर्षो से किया जा रहा है। वहीं जपला दुगार्बाड़ी, स्टेशन परिसर, कुर्मी टोला,नहर मोड़,मोहम्मदाबाद, गम्हरिया में प्रतिमा स्थापित होती हैं। इस बार बारिश होने से सड़क की स्थिति काफी खराब हो गई है। इसमें पहले नगर पंचायत द्वारा पूजा में स्टोन डस्ट भरवाने का कार्य किया जाता था। परंतु इसबार पूजा समिति के लोगों को ही इसकी मरम्मती करानी होगी। तभी भक्त पूजा पंडाल तक जा सकते हैं ,अन्यथा उन्हें भारी परेशानी होगी। दुगार्बाड़ी में आज भी बंगाली रीति रिवाज से पूजा अर्चना होती है और कारीगर भी बंगाल से ही आते हैं। वहीं हैदरनगर प्रखंड में 15 स्थानों पर दुर्गोत्सव मनाया जाता हैं। जिसमें चौक बाजार हैदरनगर,शुक्रबाजार हैदरनगर,मठ पर बभंडी हैदरनगर, बड़ा शिवालय हैदरनगर इन चारों मूर्ति के साथ बहेरा और बिलासपुर ग्राम से हैदरनगर आई प्रतिमाएं एक साथ भ्रमण और विसर्जन होती है। हैदरनगर बाजार क्षेत्रों में चार स्थान पर विधिवत पूजा होती है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 11 स्थान पर पूजा पंडाल स्थापित कर दुर्गोत्सव मनाते हैं। मोहम्मदगंज प्रखंड में करीब दस स्थानों पर प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती हैं। जो मोहम्मदगंज बाजार क्षेत्र के पूजा पंडालों पर अधिक भीड़ होती हैं।

### पंडित शंभूनाथ दुबे की मनायी गई चौथी पुण्यतिथि

**विश्रामपुर।** प्रसिद्ध समाजसेवी पंडित शंभूनाथ दुबे की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन नप मुख्यालय स्थित स्व.दुबे के आवास पर हुआ।कार्यक्रम की शुरूआत पंडित शंभूनाथ दुबे के चित्र पर उनके परिजनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। नगड़ी सीओ संतोष शुक्ला,चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र प्रसाद,थाना प्रभारी शशि रंजन व विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने स्व.दुबे के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इससे पहले स्व.दुबे के बड़े पुत्र दया शंकर दुबे ने पिता के आत्मा की शांति हेतु पिंडदान किया। वहीं छोटे पुत्र सह युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे ने पिता की स्मृति में उनकी कई बातें लोगो के साथ साझा की। कार्यक्रम में भंडारा का भी आयोजन किया गया था। श्रद्धांजलि सभा में नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढ़कू सिंह,सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह,नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम,जेई विभूति भूषण,पूर्व जिला पार्षद मनोज सिंह,सुधीर दुबे,अशोक दुबे,सोनू दुबे,शंकर केशरी, कृष्णा चंद्रवंशी, राजेंद्र केसरी, संजय शाह सहित कई लोग शामिल हुए।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिला खरवार एकता संघ का प्रतिनिधिमंडल

**विश्रामपुर।** खरवार एकता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से बेतला गेस्ट हाउस में जाकर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने श्री मरांडी को एक ज्ञापन भी दिया। ज्ञापन में खरवार जाति को राजनीत में उचित हिस्सेदारी देने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में संघ के केन्द्रीय उप-सचिव अखिलेश सिंह,पलामू जिला अध्यक्ष उमेश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश्वर सिंह,लोक सेवक संघ पलामू सचिव सुरेन्द्र सिंह,उदय सिंह,भीष्म सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

# अवैध शराब बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग ने की छापेमारी

## दो अवैध महुआ शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त

### 60 लीटर महुआ शराब को जब्त किया गया है



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** उत्पाद विभाग ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ शनिवार को हरिहरगंज थाना पुलिस के सहयोग से छापेमारी अभियान चलाया। उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि वैध विगहा ,पाठक बिगहा तथा अररुआ खुर्द में छापेमारी अभियान चलाकर दो अवैध महुआ शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। जबकि 20 क्विंटल जावा महुआ को नष्ट किया गया। साथ ही शराब बनाने के उपकरण को भी नष्ट किया गया। वही 60 लीटर महुआ शराब को जप्त किया गया है। शराब कारोबारी सूचना मिलते ही मौके से फरार हो गये। छापेमारी अभियान में हवलदार कृष्णा महतो, उदय यादव, रामलाल यादव सहित हरिहरगंज के पुलिस के जवान शामिल थें।

# पाटन के अंचल पदाधिकारी राजस्व संबंधित काम से हटाये गये

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** अंचल अधिकारी लाल बाबू को राजस्व संबंधित कार्य एवं ऑनलाइन किए जाने वाले कार्य का अधिकार छीन लिया गया है। वे अब केवल दैनिक कार्य एवं स्थापना संबंधित कार्यों का निष्पादन करेंगे। प्रशिक्षण उप समाहर्ता दीपक कुमार मिश्रा को नई जिम्मेवारी दी गई है। वह अपने कार्यों के अलावा पाटन अंचल कार्य, राजस्व से संबंधित कार्य एवं भूमि ऑनलाइन कार्य डिजिटल का कार्य करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है इसके पूर्व में डीसी ने पाटन के आंचलअधिकारी को मेदनीनगर सदर के एसडीओ से अनुमति लेने के बाद भूमि का ऑनलाइन डीजीटीलाइजेशन करने का निर्देश दिया था। इसके पूर्व प्र मंडली आयुक्त के निर्देश पर उपायुक्त ने नई व्यवस्था दी है, प्रमंडलिए आयुक्त ने प्रखंड सह अंचल का निरीक्षण करने के बाद 15 सितंबर को आदेश निर्गत कर पाटन के अंचल पदाधिकारी को राजस्व एवं ऑनलाइन कार्य से हटाने का निर्देश दिया। निरीक्षण में काफी गड़बड़ियां पाई गई थी। सी ओ लाल बाबू अब सिर्फ स्थापना कार्य देखेंगे।




## राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ ने जंतर-मंतर दिल्ली में दिया धरना

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ भारत के आह्वान पर 2 अक्तूबर से 6 अक्टूबर तक आयोजित धरना कार्यक्रम में पलामू व गढ़वा जिला के सैकड़ों अभिकर्ताओं ने भाग लिया। संघ के राष्ट्रीय महासचिव मनोज मिश्रा ने सभा स्थल पर उपस्थित अभिकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार एक ओर महिला सम्मान की बात करती है तो दूसरी ओर डाकघर की महिला अभिकर्ताओ को महिला सम्मान योजना , सुकन्या समृद्धि योजना, पीपीएफ व वरिष्ठ नागरिक योजना में कमीशन से अलग रखकर भेदभाव कर रही है ।सरकार देश के 5 लाख अभिकर्ताओं के साथ अन्याय कर रही है,जो हमारा संगठन बर्दाश्त नही कर सकता। हम अपनी मांगों को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना के माध्यम से सरकार को चेताने आये है । संघ धरना से पूर्व दर्जनों सांसद एवं वित मन्त्री के समक्ष समस्याओं से अवगत करा चुक है । सभी ने हमारा समर्थन किया है । इस धरना कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष पृथ्वी भइट्टाचार्य, महासचिव मनोज मिश्रा, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी कुमार पांडेय, प्रदेश सचिव सत्यनारायण दूबे,विजय कुमार सिंह, विनोद कुमार, पलामू जिला अध्यक्ष विजय कुमार तिवारी, गढ़वा जिला अध्यक्ष धनन्जय कुमार जपला मुख्य डाकघर के देवेन्द्र नाथ गुप्ता, श्रवण कुमार ,डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, सहित पलामू एवं गढ़वा जिला से काफी संख्या में अभिकर्ताओं ने भाग लिया।

### राजा मेदिनी राय तर्पण सह चेरो मिलन कार्यक्रम का आयोजन आज

**सतबरवा।** राजा मेदिनी राय तर्पण कार्यक्रम सह चेरो मिलन समारोह का आयोजन आज रविवार को होगा। यह कार्यक्रम मेदिनी युवा मंच पलामू प्रमंडल झारखंड के नेतृत्व में फुलवरिया गांव औरंगा नदी के किनारे जतारा मेलाटांड़ के प्रांगण में किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि मनिका विधायक के विधायक रामचंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश दुद्धी विधानसभा के पूर्व विधायक हरिराम सिंह चेरो, पश्चिम बंगाल के पूर्व डीजीपी सह कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक गंगेश्वर सिंह होंगे।

10 से शुरू होंगे कार्यक्रम

## हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम को लेकर बनी रणनीति



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला छठ पोखरा स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय में हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम को लेकर पीएम की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ रणनीति बनाई गई। कांग्रेस प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी की उपस्थिति में कार्यकताओं के साथ विचार विमर्श कर उसे सफल बनाने की अपील की गई। पीएम की विफलताओं को ग्रामीणों को बताएंगे। महंगाई पर रोक, डीजल पेट्रोल में बेहताशा वृद्धि, उनके जुमलेबाजी को बताएंगे। उन्होंने बताया कि 10 से 18 अक्टूबर तक हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ व प्रदेश के निर्देश पर पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा। इसमें प्रदेश सचिव धनजंय कुमार तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, जिला महासचिव शैलेश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष, वाराणसी के जिला महासचिव सुनील श्रीवास्तव, टुनटुन सिंह आदि मौजूद थे।

### तहसील भवन की रखी गई आधारशिला

**विश्रामपुर।** प्रखंड के लालगढ़ पंचायत मुख्यालय में शनिवार को तहसील भवन की आधारशिला रखी गई। भवन निर्माण का शिलान्यास भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने शिलापट्ट का अनावरण कर के किया। शिलान्यास समारोह में बोलते हुए श्री चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा का हर क्षेत्र में रफ्तार के साथ विकास हो रहा है। यह सब विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के अथक प्रयास से ही संभव हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि तहसील भवन बन जाने के बाद तहसीलदार यहां बैठेंगे। पंचायत के राजस्व और जमीन संबंधी कार्यों के लिए यहां के लोगों को प्रखंड मुख्यालय का चक्कर नही लगाना पड़ेगा। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी और संचालन मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने किया।

## खेल | अखंड भारत फुटबॉल टुर्नामेंट का फाईनल मैच संपन्न

# पलामू टाइगर फुटबॉल क्लब ने मारी बाजी



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** हाई स्कूल के मैदान में अखंड भारत फुटबॉल टुनार्मेंट का फाईनल मैच खेला गया, जिसका उद्घाटन समाजसेवी जगन्नाथ प्रसाद सिंह, सांसद प्रतिनिधि मनिष कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। फाईनल मैच पलामू टाईगर फुटबॉल क्लब पोंची बनाम सुआ कौडिया के बीच खेला गया, जिसमें पलामू टाइगर फुटबॉल क्लब ने सुआ कौडिया को 5 -1 से हरा कर मैच जीत लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि समाजसेवी जगन्नाथ प्रसाद सिंह , सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से विजेता टीम को कप व नगद 21 हजार तथा उप विजेता टीम को कप व 11 हजार नगद दिया गया। तथा मनिका सिंजो को ड्रेस फुटबॉल मनिका झुंगुर को ड्रेस फुटबॉल मैन ऑफ द मैच हारून रशीद ,मैन ऑफ द सीरीज अंकित शुक्ला को दिया गया। इस मौके पर आयोजक अरूण प्रसाद, पोंची पंसस अशोक राम, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक यादव, भोला सिंह समेत कई लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद की सात ग्रामीण सड़कों की निविदा निकली

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कहा है कि विधायक कोटा के अलावा विधानसभा क्षेत्र में 50 से अधिक ग्रामीण सड़कों पर काम चल रहा है। कुछ पूर्ण भी हो गई हैं। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद , हरिहरगंज, हैदरनगर,पिपरा व मोहम्मदगंज क्षेत्र की 30 ग्रामीण सड़कों के निर्माण या जीर्णोद्धार की स्वीकृति मिली है। सात सड़कों का निर्माण 17 करोड़ 10 लाख 57 हजार रुपए की लागत से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन सात सड़कों में देवरी जपला मुख्य पथ से कुसुआ होते एके सिंह कालेज तक पथ की विशेष मरम्मती, दुवरा देवी मंदिर से चारकोल झरगडा तक पथ की विशेष मरम्मती कार्य शामिल है।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा, लोहरदगा

" अप्रेन्टेशिप मेला" दिनांक 09.10.2023

आवश्यक सूचना

उप निदेशक प्रशिक्षण (मु0), निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–1572 दिनांक 06.10.2023 एवं RDSDE E-mail Dated :27.09.2023 and 03.10.2023 के आलोक में सूचित किया जाता है कि MSDE भारत सरकार द्वारा जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, लोहरदगा परिसर में दिनांक 09.10.2023 को PM National Apprenticeship Mela-PMNAM का आयोजन किया जा रहा है।

अतः सभी इच्छुक आई0टी0आई0 उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एव 5वीं से स्नातक पास अभ्यार्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं फोटोग्राफ के साथ ससमय 10:30 बजे प्रातः से उपरोक्त वर्णित स्थल पर आयोजित अप्रेन्टेशिप मेला में भाग लेना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त संदर्भ में राज्य अवस्थित एवं जिला अवस्थित सभी औद्योगिक ईकाईयों से अनुरोध है कि अपनी प्रविष्टि जिला नियोजनालय, लोहरदगा अथवा (https://dgt.gov.in/appmela2023/establishment.php) में दर्ज करते हुए उक्त आयोजित मेला में भाग लेने की कृपा करें।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
कुजरा, लोहरदगा

PR 308606 (Lohardaga)23-24*D



जिला खनन कार्यालय, गढ़वा

खनिज परिवहन वाहनों में GPS लगाने की अनिवार्यता के संबंध में सूचना

एतद् द्वारा गढ़वा– जिला अंर्तगत खनिज परिवहन में संबंधित सभी वाहनधारक/खनन पटटेधारी, खनिज अनुज्ञप्तिधारियों, खनिज परिवहनकर्ता एवं खनिज व्यवसायियों को यह निदेश दिया जाता है कि "The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining,Transportation and Storage) Rule,2017 के नियम 5(ii) के अनुसार खनिज परिवहन में प्रयुक्त होने वाले सभी Minerals Carrying Vehicle पर GPS/RFID Vehicle Tracking Device लगाये जाने की अनिवार्यता है। अतः सभी खनिज ढुलाई वाहनों पर अगले तीन माह के अंदर MoRTh द्वारा अधिकृत किसी भी Supplier से AIS 140 Certification युक्त GPS Vehicle Tracking Device (VTD) को Install किया जाय। Vendor द्वारा उपकरण की e-SIM Validity, गुणवता एवं Warranty को भी बनाया रखा जाय, साथ ही GPS VTD Devices को खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा विकसित Vehicle Tracking Solution (VTS) से Integrate किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

ह0/–
सहायक खनन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 308584 (Mines and Geology)23-24*D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा

अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
1.पूर्व में प्रकाशित ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/16/2022-23
2.पूर्व में प्रकाशित ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/01/2023-24
ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/11/2023-24_RE(3rd call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टिफिकेसन न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के गढ़वा सदर प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/11/Gr.-1 |
| 2 | गढ़वा जिला के मेराल प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/11/Gr.-2 |
| 3 | गढ़वा जिला के भवनाथपुर प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/11/Gr.-3 |
| 4 | गढ़वा जिला के नगरउंटारी प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/11/Gr.-4 |
| 5 | गढ़वा जिला के मझिआंव प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/11/Gr.-5 |
| 6 | गढ़वा जिला के डंडई प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/11/Gr.-6 |
| 7 | गढ़वा जिला के रमना प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/11/Gr.-7 |
| 8 | गढ़वा जिला के बड़गड़ प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/11/Gr.-8 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 09.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –दिनांक–09.10.2023 से दिनांक–14.10.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–16.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने करने का स्थान :–
   1.जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा।
   2.जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
   3-e-procurement cell मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02,गढ़वा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय–17.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –7004019730
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
13. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा

PR 308631 (Rural Development)23-24*D



उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,लोहरदगा
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
Email id:sslohardaga@gmail.com

-:: अति अल्पकालिन निविदा सूचना ::-

लोहरदगा जिला में सामाजिक सुरक्षा योजनान्तर्गत वस्त्र वितरण कम्बल एवं वस्त्र वितरण योजना के तहत् वित्तीय वर्ष–2023–24 के लिए जिला में गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे व्यक्तियों यथा–निर्धन,विधवाओं,वृद्धों,दिव्यांगो ,भुमिहीनों,निःसहाय ,बंधुआ मजदूरों एवं भिक्षुकों को जाड़े में ठंड से बचाव हेतु मुफ्त कम्बल वितरण करने हेतु Gem Portal के माध्यम से क्रय किया जाना है। क्रय किये जाने वाले कम्बल की अनुमानित संख्या लगभग **15250** (पन्द्रह हजार दो सौ पचास) अदद है,यह संख्या घट–बढ़ सकती है।

**Bid Item Details**

| क्र0 | सामग्री का नाम | साईज | वजन | Sticker/Logo | Quantity |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कम्बल(ऊनी) | 90"x60" | 02 कि0ग्रा0 (न्यूनतम) | 3"x3" Dimension का (झारखण्ड सरकार एवं महिला बाल विकास,झारखण्ड,राँची) लोगो सभी कम्बलों में लगाना अनिवार्य होगा। | 15250 (Approx) |

**Salient Feratures of Bid Document**

| S/N | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | निविदा की राशि | 4575000/-(पैंतालीस लाख पचहत्तर हजार रूपये) |
| 2 | निविदा प्रकाशन की तिथि (GeM Portal) पर | 06-10-2023 |
| 3 | EMD | Rs.91500/- (2% of bid amount),Only Demand Draft in favour of "Assistant Director,Social Security,Lohardaga "Payable" at Lohardaga) |
| 4 | Bank Gurantee (of successful bidder) | 5% of Bid amount Rs.2,28,750/-as FDR has to be submitted within two days of bid finalization in favour of Assistant Director,Social Security,Lohardaga |
| 5 | GeM Portal पर Online निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/स्थान | 14.10.2023 Gem Portal (https://gem.gov.in) |
| 6 | कम्बल का नमूना/कागजात जमा करने की अंतिम तिथि। | दिनांक–14.10.2023 समय–अपराहन् 2:00 बजे तक स्थान –जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग,समाहरणालय,लोहरदगा। |
| 7 | निविदादाताओं का क्रय समिति के साथ बैठक की तिथि। | दिनांक–17.10.2023 समय–अपराहन् 03:00 बजे स्थान–जिला समाहरणालय सभाकक्ष,लोहरदगा। |

Note:- निविदादाता की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि निविदादाता द्वारा अधिकृत पत्र में साथ निविदा समिति की बैठक में उपस्थित होंगे। उपरोक्त निविदा की शर्ते एवं विस्तृत विवरणी https://lohardaga.nic.in के वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 308622 (Lohardaga) 23-24 (D)



समाहरणालय, लातेहार (जिला भू–अर्जन शाखा)

–:आम सूचनाः–

अंचल–लातेहार एवं मनिका जिला–लातेहार अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क–75 मार्ग के (पैकेज–*II*) उदयपुरा से भोगू सेक्शन के अन्तर्गत ***Design Ch.-97+515 km*** से ***Ch.-147+ 540*** तक फोर लेन सड़क निर्माण में हितबद्व रैयतो को सूचित करना है कि अधिग्रहित भूमि से संबंधित मुआवजा नोटिस प्राप्त करने हेतु तिथि एवं स्थान निर्धारित किया जाता है, निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर नोटिस लेना सुनिश्चित किया जाय, अंचलवार तिथि निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | तिथि एवं समय | षिविर का स्थान | मौजा का नाम | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लातेहार | दिनांक–12.10.2023 समय–11.00 बजे पूर्वाहन से 04 बजे अपराहन तक | अंचल कार्यालय, लातेहार | 1. होटवाग 2. डुडंगीकला 3. मतनाग 4. पतकी 5. पाण्डेपुरा 6. उदयपुरा 7. नावाडीह 8. कुरा 9. ईचाक 10. कढिमा | |
| 2. | मनिका | दिनांक–13.10.2023 समय–11.00 बजे पूर्वाहन से 04 बजे अपराहन तक | अंचल कार्यालय, मनिका | 1. दून्दु 2. नदवेला 3. जमुना 4. लाली 5. औराटांड 6. सिंजो 7. मनिका 8. एजामांड़ 9. नामूदाग | |

उक्त संबंध में सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को ससमय उपस्थित होकर अधिग्रहित भूमि से संबंधित नोटिस प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाय।

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 308628 (Land Reforms)23-24*D

## गागर में सागर

### सरकारी राशि का उपयोग अन्य कार्यों में करना खेदजनक: बीडीओ

**मेदिनीनगर।** पंडवा बीडीओ ने शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ा पंचायत में बन रहे पीएम आवास का जायजा लिया। कहा कि कुछ लाभुकों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा लेने के बावजूद भी काम नहीं किया जा रहा है, जबकि पैसा का उपयोग दूसरे व्यक्तिगत कार्य में किया जा रहा है, जो खेद जनक है। वैसे लाभुकों पर सरकार कार्रवाई करने को मजबूर हो जाती है। उन्होंने लोहड़ा पंचायत के लाभुकों को अविलंब आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं मुरमा पंचायत के भुसरा व सरैया गांव में मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभुकों से मिलकर आम बागवानी का भौतिक सत्यापन किया एवं सुरक्षा को लेकर किसानों को सजग रहने का निर्देश दिया। कहा की पांच वर्षों तक पौधों का ख्याल रखना चुनौती पूर्ण कार्य है । यदि इस कार्य में सफल होते हैं तो निःसंदेह आप एक बेहतर व्यवसाय को क्रियान्वित करने की स्थिति में होंगे।

### विश्रामपुर विस क्षेत्र में हो रहा है अभूतपूर्व विकास : डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ पंचायत मुख्यालय में शनिवार को तहसील भवन की आधारशिला रखी गई। तहसील भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए श्री चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा का हर क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहा है। जो स्थानीय विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी के अथक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि तहसील भवन बन जाने के बाद तहसीलदार यानी राजस्व कर्मचारी यहां बैठ कर कार्य को संपादित करेंगे। । पंचायत के राजस्व जमीन संबंधी कार्यों के लिए यहां के लोगों को प्रखंड मुख्यालय का चक्कर नही लगाना पड़ेगा। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी व संचालन मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने किया। मौके पर रामानंद तिवारी,विकाश चंद्रवंशी,अजीत चौधरी,मीना देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### पलामू लोकसभा के लिए कई दिग्गजों ने कांग्रेस आलाकमान से किया सम्पर्क

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव 2024 का समय जैसे जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। पलामू लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने महागठबंधन के तरफ से अपना दावा ठोक दिया है। इससे पहले पलामू लोकसभा सीट पर राजद ने अपना दावा पेश किया था। लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पलामू में खुद को मजबूत करने में जुटी हुई है। इसके तहत कांग्रेस की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के दावे के बीच कई दिग्गजों ने टिकट के लिए पार्टी से संपर्क करना भी शुरू कर दिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार पलामू के एक पूर्व सांसद की बेटी, पलामू के राजनीति में सक्रिय एक जनप्रतिनिधि के बेटी ने भी पार्टी से संपर्क किया है। हालांकि पार्टी के अंदर भी कई लोग हैं जिन्होंने चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। आगामी 10 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक कांग्रेस पार्टी पलामू में हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश कर रही है। इस संबंध में कांग्रेस के पलामू जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक का कहना है कि पलामू लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी मजबूत है। पार्टी चाहती है कि इस बार वे चुनाव लड़े। हालांकि आखिरी निर्णय आलाकमान को लेना है।

# तीरंदाजी में पलामू की प्रतिभा ने लहराया राज्य में अपना परचम



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 15वीं झारखंड राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में हुई। जहां पलामू जिले के संत मरियम विद्यालय से 17 बच्चों ने भाग लिया। इन सत्रह बच्चों में प्रीतम राज सिल्वर, क्षितिज सिंह ब्रॉन्ज मेडल लेकर संत मरियम विद्यालय व पलामू के नाम को रौशन किये। दोनो प्रतिभागी बच्चे एव प्रशिक्षक सुमित बर्मन को विद्यालय के मंच से पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### सड़क दुर्घटना में 35 वर्षीय व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम छिपादोहर निवासी दिवाकर मिश्रा के पुत्र संटू मिश्रा उम्र 35 वर्ष सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में घायल के पिता दिवाकर मिश्रा ने बताया कि संटू शुक्रवार की शाम किसी काम से विश्रामपुर गया हुआ था। इसी बीच विश्रामपुर से घर लौटने के क्रम में रास्ते में एक कुत्ता को बचाने के दौरान वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी संटू की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपनी देखरेख में घायल संटू का इलाज करवा रहे हैं।

तस्वीर झूठ ना बोले



सरकार व कोर्ट के आदेश के बाद भी शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं थम रहा है। लगभग सभी दुकानों में आज भी प्लास्टिक के थैलों का उपयोग हो रहा है। जिले के जिम्मेवार प्रशासनिक पदाधिकारी कभी कभार दुकानों में छापामारी कर अपने कर्तब्यो की इतिश्री कर लेते हैं। इसका सबूत शहर के गली मुहल्लों में प्लास्टिक के थैलों के ढेर के रूप में देखा जा सकता है। लोग दुकानों से प्लास्टिक के थैलों में सामान लेकर आते हैं और बाद में थैलों को कचरे के ढेर में फेक देते हैं। जिन्हे पालतू पशु खाकर बीमार होते हैं और असमय उनकी मौत हो जाती है। उक्त तस्वीर में शहर के बेलवाटिका के राजधानी सैलून के पास कचरे की ढेर में पड़े प्लास्टिक के थैलों को गाय खा रही है। - छाया भोला

# पलामू के स्कूल में भूत की अफवाह, डर से सन्नाटा

### किसी संदिग्ध वस्तु को देखने के बाद तीन बच्चे बेहोश हो गये थे

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में एक स्कूल से अजीबोगरीब घटना सामने आयी है। स्कूल में कथित भूत की अफवाह फैलने के बाद बच्चे पूरे दिन स्कूल नहीं आये। भय का माहौल बना रहा। किसी अदृश्य वस्तु को देखने के बाद तीन बच्चे बेहोश हो गये थे। उनका इलाज किया गया। विद्यालय पहुंचे सीआरपी ने ग्रामीणों को जागरूक किया और स्थिति सामान्य कर शनिवार से बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। यह मामला पलामू जिले के तरहसी प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पूर्णी टरिया का है। बताया जाता है कि स्कूल के कुछ बच्चे स्कूल परिसर में कोई अदृश्य वस्तु देखकर बेहोश हो गये, जिससे गांव में अभिभावकों के बीच तरह-तरह के भूत-



प्रेत की आशंका व्यक्त की जाने लगी। डर के कारण एक भी बच्चा स्कूल नहीं पहुंचा। क्लास रूम में सन्नाटा था। सूचना मिलने पर सीआरपी नीलम कुमार पांडे विद्यालय पहुंचे और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं शिक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह के साथ स्थल का निरीक्षण किये और अभिभावकों एवं छात्रों के बीच बनी सभी प्रकार की शंकाओं को दूर करने का प्रयास किया। सीआरपी नीलम ने बताया कि फिलहाल बेहोश हुए बच्चों की स्थिति की जानकारी ली गयी है। सभी की हालत सामान्य है, लेकिन सभी में आशंकाएं व्याप्त हैं। ऐसे में अभिभावकों के साथ स्कूल प्रबंधन समिति के सभी सदस्य स्कूल के आसपास की सभी आशंकाओं को दूर करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि स्कूल पूरी तरह से सुरक्षित है। बच्चे गलतफहमी का शिकार हो गये। अगले कार्य दिवस पर सभी अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल भेजने पर सहमत हुए।

## कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले छात्र के साथ मारपीट, छात्र घायल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के आबादगंज मल्टी टीटोरियल बाइलोजी कोचिंग सेंटर के छात्र नागेंद्र यादव उम्र 16 वर्ष को एक अन्य छात्र ने पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद अन्य छात्रों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना के एएसआई अनिल कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर घायल छात्र को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचा अपनी देख-रेख में उसका इलाज करवाये। जानकारी के अनुसार नागेंद्र यादव गढ़वा जिला के बरडीहा गांव निवासी रंजीत यादव का पुत्र है। नागेंद्र यादव कुछ महीनो से मेदिनीनगर शहर में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता है। वो शनिवार की सुबह पढ़ाई करने के लिए कोचिंग गया हुआ था। इसी बीच एक छात्र में उसे पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताते चले कि आबादगंज में करीब एक दर्जन से अधिक कोचिंग सेंटर है जिसमें



हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। इन छात्र-छात्राओं की सुरक्षा बेहद जरूरी है। पहले आबादगंज में कोचिंग के समय महिला थाना की पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग किया जाता था। परंतु कुछ वर्षों से यहां पर पेट्रोलिंग बंद होने की वजह से आए दिन छात्र-छात्राओं में झगड़ा होता रहता है। जिसकी वजह से छात्रों के माता-पिता को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### जहरीला सांप के काटने से महिला घायल

**मेदिनीनगर।** जहरीले सांप के काटने से 30 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी हिफाजत अंसारी की पत्नी रबिया बीवी उम्र 30 वर्ष को सांप ने काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल रबिया बीवी ने बताया कि शुक्रवार की शाम किसी काम से वह अपने खेत पर गई हुई थी। इसी बीच जहरीले सांप ने उसे काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और वह खेत पर ही बेहोश हो गई। इसके बाद किसी ग्रामीण के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन खेत पर पहुंचकर घायल रबिया बीवी को इलाज के लिए रांका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। वहां से चिकित्सको ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

### हेरिटेज जेनी किड्स में डांडिया उत्सव का आयोजन

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित हेरिटेज जेनी किड्स स्कूल में शनिवार को डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल की सभी माताएं आमंत्रित थीं। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल की डायरेक्टर संगीता शंकर एवं मुख्य अतिथि श्रीमती श्रेया श्रुति ने मंगलदीप प्रज्वलित कर किया सभी माताएं तथा बच्चे गुजराती वेशभूषा में बहुत ही आकर्षक लग रहे थे। सभी ने डांडिया के गाने पर धूम मचा दी। इस कार्यक्रम में बेस्ट ड्रेस के लिए श्रीमती पल्लवी कुमारी प्राउड मदर ऑफ हेरिटेजियन मिस आध्या श्री तथा बेस्ट डांस के लिए राजश्रीब शेखर प्राउड मदर ऑफ हेरिटेजियन मिस आरोही को पुरस्कृत किया गया । पुरस्कार का वितरण स्कूल की डायरेक्टर मैम के द्वारा हुआ।

# झारखंड सरकार ने कैंसर व रेबीज को नोटीफाएबल बीमारी घोषित किया

स्वीटी वर्मा

**मेदिनीनगर।** 5 अक्टूबर को झारखंड सरकार की कैबिनेट की बैठक हुई। इस मंत्री परिषद की बैठक में दो बीमारियों को नोटीफाएबल बीमारी घोषित कर दिया गया है। यह दो बीमारी कैंसर और रेबीज हैं। पलामू के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि आम लोग केवल यह समझते हैं। कि कुत्ते के काटने से ही रेबीज होता है। यह पूरी तरह से सही नहीं है। उन्होंने बताया की बिल्ली , चूहा, गिलहरी लकड़बग्घा, सियार,भालू,तेंदुआ इत्यादि सभी के काटने के बाद रेबीज के विरुद्ध सूई लेना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया यदि उन्हें कोई भी जानवर काट ले तो उन्हें तुरंत बिना समय गवाई स्वास्थ्य केंद्र में जाए यदि वह शहर के आसपास है। तो एमएमसीएच में अवश्य जाएं । ऐसे जानवरों के काटे जाने पर सरकार के द्वारा एंटी रेबीज की सुई ,दवा बिल्कुल मुफ्त दी जाती है। इसके लिए 1रूभी खर्च नही किया जाना है। एक प्रश्न के उत्तर में डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया की अधिकतम पलामू जिले में एक महीने में कुत्ते से काटने की घटना 125 से लेकर 130 रहती है। उन्होंने कहा यदि हम 125 का ही औषधि प्रति माह ले तो 1 साल में डेढ़ हजार हो जाएगा। यह देखा गया है। कि पलामू के बगल के जिले लातेहार में जो सबसे ज्यादा खबरें आती है। वह है। भालू के काटने की। लातेहार में यदि देखा जाए तो भालू से काटे जाने के मरीजों की संख्या 2 महीने में दो या तीन हो जाती है। लेकिन यह भी एक आश्चर्य है। कि लातेहार जिले में भेड़िया का एक सेंचुरी है। हिंदी में अभी तक 40,42 साल की इतिहास में भेड़िया से किसी के भी जख्मी होने या काटने की कोई सूचना नहीं है। पलामू में कभी कभार सियार और लकड़बग्घा के काटने की भी खबर आती है। जो दूसरी बीमारी झारखंड सरकार ने नोटीफिएबल की है, वह है कैंसर। इस समय पलामू में ब्लड कैंसर के करीब करीब 60 से 70 रोगी है। उन्हें हर कुछ महीनो में खून चढ़ाने की आवश्यकता होती है। जिसे ब्लड बैंक पूरा करता है सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि कम उम्र की लड़कियों में ब्रेस्ट कैंसर की शिकायत मिल रही है। ऐसे लोगों को जब यह एहसास हो उनके ब्रेस्ट में दर्द है या समस्या है तो उसे ना छुपाएं। वह तुरंत समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक या बड़े अस्पताल के महिला चिकित्सा से अवश्य दिखाएं। अगर महिला चिकित्सक न हो तो ऐसी स्थिति में डॉक्टर से परामर्श लेना आवश्यक है। सिविल सर्जन ने स्पष्ट रूप से बताया कि अविवाहित लड़कियों में खास तौर पर 18 से 25 के बीच में ब्रेस्ट कैंसर के मामले देखे जा रहे हैं। शुरूआती लक्षण में यह पकड़ में आ जाएगा। तो इस गंभीर रोग से बचा जा सकता है। डॉक्टर अनिल कुमार ने विश्वास दिलाया कि कैंसर से हारना नहीं है। कैंसर से लड़ना है।

### जिले में अवैध खनन, भंडारण व परिवहन पर खनन विभाग की कार्रवाई जारी

## पांकी में अवैध रूप से संचालित दो क्रशर सील

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में शनिवार को अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ जिला खनन टास्क फोर्स ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। जिला खनन पदाधिकारी शनिवार को पांकी पहुंचे एवं पुलिस और वन विभाग के साथ संयुक्त रूप से अति सुदरवर्ती क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध रूप से हेडुम एवं गरीहारा में संचालित दो क्रशरों को सील करते हुए 12 सौ घनफिट चिप्स एवं 8 सौ घनफिट बोल्डर को जप्त किया । इस मामले में क्रशर संचालक व्यास यादव तथा अजय यादव समेत वाहन मालिक,चालक एवं भंडारणकर्ता के खिलाफ पांकी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में डीएमओ आनंद कुमार अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ छापेमारी कर रहे है। इसी क्रम में शनिवार को पांकी पहुंचे एवं सहायक उप निरीक्षक भोला राम एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी संजीव चौधरी के साथ थाना क्षेत्र के हेडुम एवं मौजा गरीहारा में छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में पाया कि बिना अनुज्ञप्ति के क्रशर संचालित किया जा रहा है। बताया गया कि क्रशर व्यास



यादव, पिता राजेश यादव एवं अजय यादव का है। जिसके उपरांत अविलंब कार्रवाई करते हुए क्रशर में रखे गए 12 सौ घनफिट चिप्स एवं 8 सौ घनफिट बोल्डर को जप्त करते हुए क्रशर को सील कर दिया गया। इस बाबत उपायुक्त शशि रंजन ने कहा है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध कारोबारियों की जिले में कोई जगह नहीं है। अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन को लेकर लगातार खनन टास्क फोर्स के द्वारा छापेमारी की जा रही है एवं दोषियों पर कार्रवाई भी हो रही है। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि इस कार्य में संलिप्त व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## पिकअप वैन सहित नये जेनरेटर की चोरी, लोगों ने किया सड़क जाम



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के सगालिम में एक व्यक्ति ने नया जेनरेटर खरीदा था और घर लाने के बाद पिकअप वैन से उतारा भी नहीं था कि इसी बीच पिकअप वैन और जेनरेटर की चोरी हो गई। शनिवार की सुबह इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने करीब तीन घंटे तक डालटनगंज बालूमाथ रोड को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार पलामू के सागालिम के रहने वाले दिनेश सिंह ने दो दिन पहले जेनरेटर खरीदी थी। जेनरेटर खरीदने के बाद उसे घर लेकर आया और पिकअप वैन में ही उसे रखा था। उसी दिन गांव में एक जनप्रतिनिधि के घर पर जन्मदिवस समारोह था। इस समारोह में जेनरेटर का इस्तेमाल हुआ था, उसके बाद जेनरेटर को पिकअप वैन के साथ घर के बाहर रखा था। इसी क्रम में पिकअप वैन समेत नए जेनरेटर की चोरी हो गई। दिनेश सिंह ने पूरे मामले की जानकारी पांकी थाना को दी थी। दिनेश सिंह और ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के 24 घंटे के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने डालटनगंज बालूमाथ रोड को तीन घंटे तक जाम रखा. इस जाम में दर्जनों वाहन फंस गए, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीण चोरों को गिरफ्तार करने और वरीय अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे। रोड जाम की जानकारी मिलने के बाद पांकी इंस्पेक्टर अरुण कुमार महथा के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को समझाया बुझाया। पुलिस द्वारा आश्वासन देने और समझाया बुझाने के बाद ग्रामीणों ने रोड जाम हटा लिया। पांकी इंस्पेक्टर अरुण कुमार महथा ने बताया कि ग्रामीणों ने रोड जाम किया था, उसे हटा दिया गया है। वहीं चोरी की घटना को लेकर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

बदहाली

### एकीकृत बिहार के घोटाले के दर्द से नहीं उबर सका है पशुपालन विभाग

# योजनाओं का भौकाल, पशुओं का अस्पताल बदहाल

### अधिकारियों की चांदी, पशुपालक परेशान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एकीकृत बिहार में अरबों रुपए के हुए पशुपालन घोटाले के दर्द से झारखण्ड का पशुपालन विभाग आज तक नहीं उबर सका है। इसकी बानगी पलामू का पशुपालन विभाग है। जहां पालतू पशुओं की देखरेख व इलाज की पुरानी व ध्वस्त हुई व्यवस्था की जगह नई व्यवस्था स्थापित नहीं हो सकी है। जिले के पशुपालन विभाग में आधारभूत संरचनाओं का घोर अभाव है। जिले में स्वीकृत पूर्व के पदों के आलोक में भी पशु चिकित्सकों की संख्या आधे से कम है। अन्य पद भी बड़ी संख्या में खाली पड़े हैं। पशु अस्पतालों के भवन या तो ध्वस्त हो चुके हैं या फिर जर्जर हो ध्वस्त होने की कगार पर हैं। इसमें भी जिले के पांच पशु अस्पतालों को मॉडल अस्पताल का कागजी तगमा दे दिया गया है। यह अलग बात है कि हाल के वर्षों में विभाग के जिला स्तरीय कार्यालयों के भवन सुविधायुक्त व चकाचक हुए हैं, लेकिन पशुपालकों की सुविधावाले अस्पतालों का हाल बेहाल है। कहा जा सकता है कि जिले के करीब आठ लाख पशुधनों के इलाज की व्यवस्था झोला छाप डाक्टरों पर निर्भर है। हालांकि जिले में पशुपालन को बढ़ावा



देने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। पशुपालकों को सरकारी अनुदान दिये जा रहे हैं। पशुधनों को मौसमी व अन्य बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण व दवा वितरण के लिए गांव गांव में शिविर लगाने की योजना चलाई जा रही है, लेकिन डॉक्टर व अन्य कर्मियों के अभाव के कारण इसका पूरा लाभ पशुपालक किसानों को नहीं मिल पा रहा है। इस सम्बन्ध में जिला पशुपालन पदाधिकारी सह जिला गब्य पदाधिकारी डा. प्रभाकर सिन्हा ने बताया कि चिकित्सकों की कमी के कारण थोड़ी परेशानी तो हो रही है, लेकिन पशुपालकों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सारी जानकारी सरकार को दी गई है। विभागीय निदेशक काफी गंभीर भी हैं, जल्द ही जिले की कमियां दूर होने की संभावना है। उन्होंने जो बताया उसके अनुसार जिले में टीवीओ एवं बीएचओ के 27पद स्वीकृत हैं। इनके अलावे तीन अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों का पद है। लेकिन वर्तमान में महज 11पशु चिकित्सक कार्यरत हैं। योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरा विकास योजना एवं जोड़ा बैल योजना में 90एवं 75 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावे गब्य विकास योजना के तहत दो, पांच व दस दुधारू गायों की योजना के तहत किसानों को 50एवं 75 प्रतिशत अनुदान पर लाभ दिया जा रहा है। प्रगतिशील डेयरी के लिए मिकसिंग मशीन, खोवा, पनीर मेकिंग, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण आदि के लिए भी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इतना ही नहीं पशु चारा के लिए कुट्टी काटने की मशीन भी अनुदान पर दी जा रही है। पशुओं के इलाज के लिए गांवों में शिविर लगाकर टीकाकरण एवं दवा वितरण किया जा रहा है। बहरहाल कहने को तो राज्य व केंद्र की सरकार कृषि से जुड़े किसान व पशुपालकों पर मेहरबान है। सरकार कृषि व पशुपालन के विकास के लिए कई योजनाएं चला रही है। जिनके माध्यम से किसानों की आय दुगनी करने के सपने दिखाए जा रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत है कि कृषि क्षेत्र का पशुपालन विभाग बदहाल है। विभाग में आधारभूत संरचनाओं का घोर अभाव है। नतीजा योजनाओं का प्रचार प्रसार नहीं हो पा रहा है और विभाग में विचोलियावाद पनपा है। जिस कारण चंद लोग योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। जिससे विभाग के अधिकारियों की चांदी कट रही है और पशुपालक परेशान है।

## गागर में सागर

### मुखिया प्रतिनिधि ने विद्यालय का किया निरीक्षण, बंद मिला एमडीएम

**केतार।** प्रखंड की परसोडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कलेंदर पासवान ने शुक्रवार को नव प्राथमिक विद्यालय बांसडीह कला का निरीक्षण किया। शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। विद्यालय में एमडीएम बंद पाया। मुखिया प्रतिनिधि ने शिक्षक से मध्याह्न भोजन बंद रखने की वजह पूछी, तो विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रविंद्र यादव ने बताया कि जितिया पर्व होने के कारण रसोईये ने खाना बनाने से इनकार कर दिया है। इस वजह से बच्चों को आज भोजन और फल या अंडा वितरण नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था और मध्याह्न भोजन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन देने को कहा। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत बीईओ से करने की बात कही। एमडीएम प्रभारी राम विजय गुप्ता ने बताया की 97 बच्चों को भोजन खिलाने की रिपोर्ट प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा भेजी गई है। इस संबंध में बीपीएम रवि कुमार बैद्य ने कहा कि जानकारी मिली है इसमें एचएम की लापरवाही है।

### बीडीओ ने मुसहर परिवारों में बांटा चावल

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने शनिवार को पाचाडुमर पंचायत के बी मोड़ के समीप झोपड़ी बनाकर गुजर बसर कर रहे मुसहर परिवारों के बीच 50 किलो चावल उपलब्ध कराया। मौके प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### अजमेर शरीफ में मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के मजार पर की चादरपोशी

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या तीन निवासी झामुमो युवा नेता लालबाबू खान ने अजमेर शरीफ में हजरत ख़्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के मजार पर चादरपोशी कर जिला, राज्य एवं देश में अमन शांति, तरक्की एवं आपसी भाईचारा बना रहे इसके लिये दुआएं की। मौके पर नूर आलम, खान, अयान खान, आदिल खान, सोहैल आलम मौजूद थे। इधर प्रखंड क्षेत्र के बरडीहा गांव से 50 से अधिक लोगों ने मजार पर चादरपोशी कर मुल्क में अमन चैन व भाईचारे की दुआएं मांगी। मौके पर हाफिज मनउवर अंसारी, हाफिज अब्दुल हकीम अंसारी, मौलाना नेमतुल्लाह, मोलवी रेयाज, डॉ रिजवान अहमद, अनवर आलम, असलम आजाद, जहांगीर आलम, अजीज अंसारी, साजिद रजा, मसउवर अंसारी, जाकिर हुसैन, वकील अहमद, साबिद अंसारी, गयासुद्दीन अंसारी, असगर अंसारी, सद्दाम अंसारी, रईस अंसारी, रासिब, गुलाम, भानू आदि उपस्थित थे।

### केसीसी ऋण के संबंध में जानकारी दी

**बड़गड़।** प्रखंड के टेहरी पंचायत अंतर्गत सभी गांवों में किसानों को केसीसी ऋण से लाभन्वित कराने को लेकर डोर टू डोर संपर्क कर कृषक मित्रों के द्वारा ऋण से संबंधित फार्म भरे जा रहे है। शनिवार को पंचायत के सुदूरवर्ती गांव हेसतु एवं कुल्ही गांव में विशेष अभियान के तहत एटीम जगरनाथ कुमार राम कृषक मित्र देवनिस खलखो, अशोक यादव, राजेश बाखला, एल्विस कुजूर, विकास मुंडा, सबुलाल आदि ने डोर टू डोर संपर्क कर किसानों को केसीसी ऋण का आवेदन भरवाया गया।

### वन अधिकार कानून के तहत हुई सभा

**भवनाथपुर।** वन अधिकार अधिनियम 2023 के अंतर्गत शनिवार को कैलान पंचायत में मुखिया सुकनी देवी की अध्यक्षता में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसमें वन अधिकार समिति के अध्यक्ष, सचिव व सदस्यों का चुनाव किया गया। अध्यक्ष प्रमिला देवी, सचिव राजमोहन यादव, सदस्य प्रतिमा देवी, सुनीता देवी, अनिता देवी, पुष्पा देवी, घुरा कोरवा, सनेश भूइया, कामेश्वर अगरिया, रामाधार यादव, रामनरेश यादव को बनाया गया। इस मौके पर प्रेम यादव, प्रसेनजीत यादव, राकेश कुमार, शंभु साह, रूपेश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पेंशन दिवस कार्यक्रम 10 अक्टूबर को

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने शनिवार को त्रैमासिक पेंशन दिवस का आयोजन को लेकर पर्यवेक्षक प्रतिनियुक्त किया है। बीडीओ ने बताया कि पेंशन योजनाओं के लाभों से प्राप्त शिकायतों की जानकारी तथा अन्य से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु 10 अक्टूबर को ग्राम पंचायत और प्रखंड स्तर पर त्रैमासिक पेंशन दिवस का आयोजन करने हेतु पर्यवेक्षक प्रतिनियुक्त किया गया है। केतार पंचायत के लिए नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार(जनसेवक)और रोजगार सेवक रामकुमार प्रजापति, बलिगढ़ पंचायत के लिए राजीव कुमार और रोजगार सेवक मनोज कुमार, लोहारगड़ा पंचायत के लिए पंचायत सचिव अशोक कुमार और रोजगार सेवक रामकुमार प्रजापति, पाचाडुमर पंचायत के लिए राजीव कुमार और रोजगार सेवक पंकज कुमार सिंह, परती- कुशवानी पंचायत के लिए पंचायत सचिव अशोक कुमार और रोजगार सेवक दीपक जायसवाल, परसोडीह पंचायत के लिए पंचायत सचिव अशोक कुमार और रोजगार सेवक छोटन कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है, जबकि प्रखंड कार्यालय बीडीओ मुकेश मछुआ स्वयं रहेंगे। बीडीओ ने कहा की पेंशन दिवस के अवसर पर 60 वर्ष की उम्र पुरा करने वाले लाभुकों को पेंशन योजना से जोड़ा जाएगा।

### बिजली के करंट से युवती हुई घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के तिलदाग पंचायत अंतर्गत चेरीपोखर निवासी विजय चंद्रवंशी की पुत्री ज्योति कुमारी ने शनिवार को विद्युत करंट की चपेट में आकर घायल हो गई। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

---

#### अतिक्रमण पर कार्रवाई के दौरान प्रशासन व दुकानदारों में हुई तीखी बहस

# मझिआंव बाजार में चला बुलडोजर

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर मझिआंव बाजार क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पुराने अस्पताल से राधाकृष्ण बालिका उच्च विद्यालय तक अतिक्रमण हटाने के दौरान कई स्थानों पर जेसीबी मशीन का भी उपयोग किया गया। अतिक्रमण करने वाले 35 लोगों से 17 हजार 500 रुपये का चालान काटा गया, जबकि सिन्टेक्स पानी टंकी 02, चापाकल का मुंडी 1, चार इंच का फाइवर पाइप 17पीस, दरवाजा गेट का पल्ला 2 पीस, गमला 6पीस तथा दुकान का साइन बोर्ड 15 पीस जब्त कर ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर नगर पंचायत कार्यालय लाया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान कई बार प्रशासन एवं दुकानदारों में गरमागरम बहस भी हुई। इसके बाद भी प्रशासन अपना काम करता रहा और जहां पर सड़क या नाली के ऊपर छज्जा या दुकान का बोर्ड दिखा उसे जेसीबी से तोड़ दिया गया।




अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर पालिका प्रशासन द्वारा सड़क के अगल बगल में खड़े लगभग 12 मोटरसाइकिल का भी चालान काटा गया। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से अतिक्रमण हटाने को लेकर ध्वनिविस्तारक यंत्र के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। अखबार के माध्यमसे भी सूचना दी गई थी। इसके बाद भी कुछ दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया था, जिसे जबरन हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि उपायुक्त द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मझिआंव में दुकानदारों एवं वाहन चालकों द्वारा किये गए अतिक्रमण को देखकर नाराजगी व्यक्त की गई थी और सड़क सुरक्षा सप्ताह की बैठक में अतिक्रमण जल्द हटाने का निर्देश दिया गया था। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि मोटरसाइकिल से लेकर सभी तरह के वाहन अगर सड़क के बगल में खड़े पाये जायेंगे तो तत्काल चालान काटा जायेगा। अगर वाहन लगाना है तो सड़क के दोनों ओर की नालियों तक छोड़कर अन्य खाली स्थान पर वाहन लगाएं। वैसे बाजार समिति परिसर में एक स्टैंड बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक दो दिन में पुराने अस्पताल परिसर, कोयल नदी के तट पर पानी टंकी घाट एवं ब्लॉक मोड़ अंबेडकर की प्रतिमा के सामने अस्थायी रूप से स्टैंड बना दिया जायेगा, जहां पर यात्री वाहन अपने वाहन खड़ा कर सकते हैं। गढ़वा, बरडीहा एवं सुंडीपुर की तरफ जाने वाले सभी वाहन नंबर सिस्टम के अनुसार चलेंगे, जिससे जाम की समस्या से निजात मिलेगी। कार्रवाई के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार के अलावे अंचल पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता, थाना प्रभारी विवेक पंडित के साथ पुलिस बल शामिल थे।

---

# रानीचेरी व चिरका गांव में हाथियों ने मचाया उत्पात

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना क्षेत्र में इन दीनों हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हाथी बीते डेढ़ महीने से क्षेत्र के अलग-अलग गांव में अलग-अलग गुटों में बंट कर लगातार फसलों, मकानों व घरेलू पशुओं को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसका खामियाजा ग्रामीणों व किसानों को उठाना पड़ रहा है। फसलों के हो रहे लगातार नुकसान ने किसानों की कमर तोड़ दी है। हाथी अभी तक कई परिवार को घर से बेघर भी कर चुके हैं, जबकि क्षेत्र के एक दर्जन से भी अधिक घरेलू पशुओं को पटक कर मार डाला है। शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के रानीचेरी गांव व चिरका गांव में हाथियों ने जमकर तांडव मचाया। रानी चेरी गांव निवासी कपिल कोरवा का घर हाथियों ने पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत यह रही कि इसी घर में सभी परिवार सोए हुए थे और समय रहते सभी लोग घर से बाहर निकल कर अपनी जान बचाए। वहीं कपिल कोरवा के तीन एकड़ में मकई, दो एकड़ में धान की फसल को क्षतिग्रस्त कर दिया। एक गाय को पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं रामप्रताप सिंह के दो एकड़ में मकई एक एकड़ में धान की फसल को पूरी तरीके से



सफाचट कर दिया। चिरका निवासी रामलाल सिंह के एक पशु को हाथियों ने पटक कर मार डाला तथा संतोष भूइयां के खपरैल घर को हाथियों ने पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं रामवृक्ष सिंह, विशुंधारी कोरवा, हुलास भुइयां के कई एकड़ में लगे मकई व धान की फसल को हाथियों ने पूरी तरीके से रौंद डाला। इसकी जानकारी देते हुए शनिवार को भुक्तभोगियों ने बताया कि रात्रि करीब 12:00 हाथियों का एक झुंड जिसमें 25 से 30 हाथियों की संख्या थी अचानक गांव पर हमला बोलकर पहले एक तरफ से लगे फसलों को रौंदते रहे। इसके बाद गांव के दो खपरैल घरों को पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रभारी वन पाल अनिवेश कुमार ने बताया कि पीड़ितों को उचित मुवावजे दिए जाएंगे। फिलहाल जब तक हाथी क्षेत्र से भाग नहीं जाते हैं, लोग सतर्क रहें। हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग की टीम प्रयास कर रही है।

---

# डंडई गांव के नर्सिंग होम में 40000 की राशि चोरी

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

डंडई गांव के प्रसिद्ध चिकित्सालय त्यागी नर्सिंग होम में शुक्रवार रात्रि चोरी हो गई। ड्रावर में रखी 40000 रुपये की राशि चुरा ली गई। दो तल्ले भवन की छत के ऊपर चढ़कर चोरों ने उक्त घटना को अंजाम दिया।

इस संबंध में डॉक्टर पुष्पेंद्र कुमार ने स्थानीय थाने को इसकी सूचना दी। इस पर दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी जांबाज अंसारी ने सबसे पहले स्थल का मुहाना किया। उसके बाद भुक्तभोगी से घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह कारनामा बाहर नहीं बल्कि स्थानीय शरारती तत्वों का है। उनकी खोजबीन में हम पूरी तरह जुट गए हैं। बहुत ही जल्द घटना के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं पुष्पेंद्र ने बताया कि पिछले दो-चार दिन से पैसा को इकट्ठा करअपने मेडिकल के ड्रावर में बंद करके रखा था। उक्त राशि को बाहर में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे भगिना व भगिनी के खाते में जमा करने के लिए रखा था। कहा कि



शुक्रवार को ही पूरी राशि को दोनों के खाते में ट्रांसफर करने की तैयारी थी। लेकिन अस्पताल के दोनों स्टॉपों के एकाएक गढ़वा चले जाने के कारण वह राशि उनके खाते में हस्तांतरित नहीं हो सकी। सुबह बंद ताला टूटा हुआ देख में आश्चर्यचकित और भयभीत हो गया। चोर अस्पताल के पीछे के हिस्से से चढ़कर सीधे अस्पताल के अंदर प्रवेश किये हैं। उन्होंने अधिक संख्या में चोरों के होने का अंदेशा जताया है। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को चोरी पर अविलंब रोक लगाने की मांग की है। मौके पर डॉक्टर मुखलाल प्रसाद, संजय सेठ, विजय मेहता, आनंद प्रकाश, भोलाराम, शैलेंद्र मेहता, अयोध्या मेहता, राजकुमार साह, रमेश चंद्रवंशी इत्यादि उपस्थित थे।

---

# ज्ञान परीक्षा में सैकड़ों छात्र-छात्राएं हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा/मझिआंव**

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2023 का आयोजन शनिवार को पूरे जिले में किया गया। इसमें जिले के सरकारी एवं गैरसरकारी 30 विद्यालयों में कुल 3500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा को लेकर जिला मुख्यालय के अलावा डंडई, मझिआंव, नगरउंटारी, तिलदाग, बेलचंपा, रेहला आदि में भी केंद्र बनाये गये थे। परीक्षा सुबह 11 बजे से लेकर 12 तक ली गयी। इसमें भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक संजय सोनी एवं सचिव डॉ आलोक रंजन दूबे के निर्देशन में अच्युतानंद तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, अखिलेश कुशवाहा, मिथिलेश कुशवाहा, प्रभदुयाल प्रजापति, डॉ सुनील मेहता, रंजीत केसरी, अनिल विश्वकर्मा, उदय कुमार, रमेश विश्वकर्मा, गौतम विश्वकर्मा, दीपक गिरि, अजीत चौबे, पंकज गुप्ता, अनिता देवी, लक्ष्मी पाठक, ममता चौबे आदि ने वीक्षक के रूप में भूमिका निभायी। सोनी ने बताया कि इस साल पूरे देश में 60 लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुये। परीक्षा के बाद प्रखंड,



जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर मेधा सूची बनती है, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है। जिला, राज्य व देश स्तर पर स्थान लाने वाले को अन्य कई पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। वहीं आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में भी उक्त परीक्षा आयोजित की गई। इसमें कक्षा 5 से कक्षा 10 के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा में स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय, प्रशासनिक विभाग प्रमुख पीके झा, केंद्राधीक्षक के रूप में स्कूल के प्रभारी प्राचार्य संतोष पांडेय, अनुप पांडेय, शहेला खान, इम्तियाज खान ने भूमिका निभाई। वहीं मझिआंव के कन्या मध्य विद्यालय एवं आरके पब्लिक स्कूल ऊंचरी में उक्त परीक्षा संपन्न हुई। गायत्री परिवार के जिला ट्रस्टी एवं पूर्व प्रधानाध्यापक अच्युतानंद तिवारी के निर्देशन में कक्षा 5 से कक्षा 9 तक, पांच विद्यालयों के कुल 339 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। इसमे कन्या मध्य विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र पर उच्च विद्यालय मझिआंव, प्रोजेक्ट राधा कृष्ण बालिका उच्च विद्यालय, एलके पब्लिक स्कूल,द अक्षर पब्लिक स्कूल एवं कन्या मध्य विद्यालय के 190 एवं आरके पब्लिक स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र पर इसी विद्यालय के 149 बच्चों ने परीक्षा दी। इस दौरान कन्या मध्य विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र पर केंद्राधीक्षक के रूप में विद्यालय के प्राचार्य रामाकांत तिवारी तथा वीक्षक के रूप में गायत्री परिवार के जिला युवा समन्वयक बिरेंद्र सोनी, अरबिंद ठाकुर, अनूप कुमार, रंजीत साह, अशोक साह जबकि आरके पब्लिक स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र पर केंद्राधीक्षक प्राचार्य राजेश पांडेय एवं वीक्षक के रूप में गायत्री परिवार के सह कोषाध्यक्ष बेचन राम,प्रीती द्विवेदी, अनूप शर्मा, सुनिधि पांडेय एवं राकेश प्रजापति उपस्थित थे।

---

# राशन वितरण में अनियमितता, बढ़ा आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

जनवितरण प्रणाली के डीलर द्वारा राशन वितरण में अनियमितता बरतने से आक्रोशित बहियार खूर्द ग्राम के लाभुकों ने डीलर की दुकान पर हंगामा करने के बाद प्रखंड कार्यालय घेराव के लिए पहुंचे। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमो वासुदेव राय ने तत्काल आक्रोशित लाभुकों को अपने कक्ष में बुलाकर मामले की जानकारी ली। उसके बाद डीलर प्रेमनाथ उरांव को दो दिनों के अंदर सितंबर एवं अक्टूबर माह का राशन एक सप्ताह में उठाव कर वितरण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि राशन वितरण का उठाव समय पर कर लाभुकों के बीच वितरण करें, इसमें लापरवाही बरतने पर कारवाई निश्चित होगी। बीडीओ सह एमओ के आश्वासन के बाद आक्रोशित लाभुक लौट आयें। लाभुक रामाधार राम, भृगुण पासवान, तपेश्वर पासवान, रामभजन पासवान, अशोक राम, मनोहर राम, उम्र



अंसारी, अब्दुल्लाह अंसारी, चंद्रावती देवी, जगमतिया कुंवर, फुलवा देवी, बरती देवी, कलावती देवी, कमलावती देवी, देवंती कुंवर एवं कमला कुंवर ने कहा कि डीलर प्रेमनाथ उरांव द्वारा राशन वितरण में हमेशा गड़बड़ी की जाती है। मशीन में अंगुठा लगवाकर कहा जाता है कि राशन का उठाव नहीं हुआ है। उठाव करने के बाद राशन दिया जायेगा। सितंबर के राशन उठाव के बाद भी राशन नहीं दिया गया। जिसके बाद लाभुकों द्वारा हंगामा करने के बाद 28 सितंबर को राशन देने की बात कही गई थी। लेकिन एक सप्ताह बाद भी सितंबर माह का राशन वितरण नहीं होने के बाद वे लोग प्रखंड कार्यालय के घेराव करने पहुंचे हैं। लेकिन बीडीओ सह एमओ द्वारा दो दिनों के अंदर सितंबर एवं एक सप्ताह में अक्टूबर माह का राशन वितरण करने के आश्वासन पर वेलोग वापस लौट रहे हैं। अगर राशन वितरण समय पर नहीं किया गया, तो वे लोग पुनः प्रखंड कार्यालय घेराव के लिए पहुंचेंगे।

---

## मोबाइल फोन के लिए किशोरी ने खाया कीटनाशक

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के आदर गांव निवासी हरिहर पाल की पुत्री सोनी कुमारी ने शनिवार को कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार सोनी कुमारी 11 वीं कक्षा में पढ़ती है। वह अपने अभिभावक पर एनरायड मोबाइल खरीदने के लिए कह रही थी। जबकि उसके अभिभावक ने पैसे का जुगाड़ करने के बाद मोबाइल खरीदने की बात कह रहे थे। हरिहर पाल ने बताया कि शनिवार को वे लोग तिल का फसल काटने के लिए खेत में गए थे। जबकि सोनी कुमारी ने घर मे अकेली थी। वहीं सोनी ने सब्जी पर छिड़कने वाले कीटनाशक खा लिया।

---

# पत्नी से झगड़ा कर युवक ने जहर खाकर दे दी जान

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

**पत्नी व ससुराल वाले अलग रहने को बना रहे थे दबाव**

दंपती के झगड़े के बाद ससुराल से मिली धमकी से आहत होकर युवक ने सल्फास खाकर जान दे दिया। मृतक विनय यादव (25) पिता बालेश्वर यादव पलामू जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के जमारी गांव का रहने वाला था। विनय की शादी दो वर्ष पूर्व पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के निवासी भोला यादव की पुत्री इंदु देवी के साथ हुई थी। दंपती को एक पुत्र है। मृतक की मां सरिता देवी के अनुसार विनय एवं इंदु के बीच अक्सर झगड़ा होता था। इंदु परिवार से हिस्सा लेकर अलग रहना चाहती थी, जबकि विनय ने छोटे भाई की शादी होने तक परिवार से अलग नहीं होना चाहता था। वहीं विनय के ससुराल के लोग भी विनय पर परिवार से अलग होकर रहने का दबाव दे रहे थे। शनिवार को इंदु देवी व विनय यादव के बीच झगड़ा हुआ था। इसकी जानकारी मिलने पर इंदु के भाई आदित्य ने मोबाइल फोन पर विनय को धमकी दी थी कि वह बाहर में है, आने के बाद उससे निपट लेगा। इससे तनाव में आकर विनय ने सल्फास खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर घरवालों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। इधर, पुलिस ने उसके शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर मृतक के स्वजनों को सौंप दिया।

---

#### इंतजार: राहुल कुमार सानू के योगदान की बाट जोह रहे हैं लोग

# नए बीडीओ से प्रखंड को काफी उम्मीदें

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड के नए बीडीओ बने जिले के उप समाहर्ता राहुल कुमार सानू को प्रखंड की कई कुरीतियों को मिटाना एक बड़ी चुनौती होगी। उनमें प्रमुख रूप से मनरेगा लाभुकों का शोषण और प्रखंड में फैले व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के साथ-साथ नियम को ताख पर रखकर किए गए कई तरह के अनैतिक कार्यों को भी समाप्त करना उसमें शामिल है।

वेंडरों द्वारा प्रखंड के मनरेगा लाभुकों का शोषण किया जाता है। उनके खाते में भुगतान हुई सामग्री आधारित राशि में 30 से 35 प्रतिशत कमीशन की कटौती करने के बाद उन्हें शेष राशि प्राप्त होती है। जब तक उक्त राशि की कटौती पर




मनरेगा लाभुक हामी नहीं भरते हैं तब तब तक वेंडरों द्वारा उन्हें दौड़ाया जाता है। इस संदर्भ में कई बार प्रखंड में लिखित शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन कोई असर नहीं हुआ है। यह प्रक्रिया प्रखंड के लिए एक इतिहास बन कर रह गया है। इस पर विराम लगाना नए बीडीओ की बड़ी जिम्मेवारी होगी। इसी तरह प्रखंड में फैले व्याप्त भ्रष्टाचार से भी प्रखंड के लोग खासे परेशान हैं। किसी भी तरह के कार्य के लिए चढ़ावा चढ़ाना उनकी मजबूरी बन गया है। बिन चढ़ावा का उनका काम होना मुश्किल हो गया है। इसी तरह प्रखंड में पूर्व से कई ऐसे कार्य होते आये हैं जो नियम के खिलाफ हैं। लोग शिकायत करके थक हारकर अपने अपने घर बैठ गए, लेकिन उस पर रोक नहीं लग सकी। कई मामले को लेकर प्रखंड के लोग बनने वाले नए बीडीओ राहुल कुमार सानू की ओर अपनी नजरें टिक टिकाए बैठे हैं। सूत्रों के अनुसार अगले सोमवार को प्रखंड के नए बीडीओ के रूप में वे योगदान दे सकते हैं। मालूम हो कि प्रखंड के वर्तमान बीडीओ सोमा उरांव का राज्य सरकार के द्वारा लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखंड के लिए तबादला कर दिया गया है। लेकिन प्रखंड के लिए बीडीओ की पोस्टिंग नहीं होने से उपायुक्त शेखर जमुआर के द्वारा राहुल कुमार सानू को प्रखंड के लिए नए बीडीओ के रूप में प्रतिनियुक्त करने का काम किया गया है।

---

## सिविल सर्जन ने सीएचसी का किया निरीक्षण

**भवनाथपुर।** सिविल सर्जन अवधेश सिंह ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रसव-कक्ष, ओपीडी, वार्ड, दवा भंडारण, कार्यालय कक्ष व पुराना निमार्णाधीन अस्पताल भवन का अवलोकन किया। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर एक्स-रे मशीन को चालू करवाने, प्रसव कक्ष में अधूरा पड़े पाटोग्राफ को तत्काल भरने, अस्पताल वार्ड सहित पूरे कैंपस को साफ-सुथरा रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कर्मियों को चेताया कि ड्यूटी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर प्रभारी डॉ रंजन दास, आयुष डॉ नीतीश भारती, अभिनीत विश्वास, प्रखंड लेखा पदाधिकारी प्रदीप कुमार पाठक, लिपिक अरुण लकड़ा, एएनएम अंजु किस्पोटा आदि उपस्थित थे।

---

# नए थाना प्रभारी संतोष रवि ने ग्रहण किया पदभार

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**

संतोष कुमार रवि ने शुक्रवार को धुरकी थाना पहुंचकर पदभार नए थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने प्रभार सौंपा। वहीं निवर्तमान थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने नये थाना प्रभारी को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान संपूर्ण प्रभार लेने के बाद नये थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने बताया की धुरकी थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था, आपसी सौहार्द, तथा क्षेत्र में भय मुक्त बनाये रखना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा की अपराधिक घटनाएं जैसे चोरी, लूट सहित अन्य छोटी बड़ी घटनाओं पर नकेल कसा जाएगा। थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध कारोबार पर विशेष ध्यान रखते हुवे रोक लगाया



जायेगा। थाना आने वाले समस्याओं को निष्पक्ष होकर सहयोग किया जाएगा। पुलिस व पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया की थाना क्षेत्र के लोग अपनी समस्या को खुल कर बताएं पुलिस उन्हें तुरंत कारवाई करेगी। किसी बिचौलिए के चक्कर ना पड़ें, पुलिस उनसे सीधा संवाद करेंगे। पुलिस क्षेत्रवासियों के लिए 24 घंटे तैयार है।

---

## भवनाथपुर में सड़क दुर्घटना में दो लोग हुए घायल

**भवनाथपुर।** अमरोरा मझिगांवा के डीहवार टोला के समीप शनिवार को एक अनियंत्रित होकर टेम्पों के पलट जाने से उसपर सवार मझिगांवा गांव की सहिया सरोज कुंवर के पुत्र अनुप कुमार चंद्रवंशी और अमरोरा निवासी परीखा सिंह के पुत्र अजीत कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। टेम्पों चालक दिनेश ने भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल अनुप को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दिनेश ने बताया कि टेम्पों अमरोरा से खरौंधी जा रहा था, जिसमें दोनों सवारी सवार थे। मझिगांवा के डीहवार टोला के समीप सड़क पर पड़े पत्थर पर टेम्पों चढ़ गया, जिससे अनियंत्रित होकर वह पलट गया।

## गागर में सागर

### 25 विद्यालयों में लगी लिटरेसी क्लास



**चतरा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश में व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्राधिकार की सचिव प्रज्ञा वाजपई द्वारा जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी 12 प्रखंडों के कुल 25 विद्यालयों में लिटरेसी क्लासेस का आयोजन शुक्रवार व शनिवार को क्रमवार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले दिन शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय, चतरा, राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय, चतरा तथा इटखोरी प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासिय विद्यालय में लिटरेसी क्लास का आयोजन किया गया। जिले के 25 स्कूलों में लिटरेसी क्लब क्लासेस में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के सहयोग से कलास आयोजित किया गया। इसमें वर्ग नवम एवं दशम के छात्राओं को भारतीय कानून के संदर्भ में जानकारी देने के साथ भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, पोकसो एक्ट दहेज प्रताड़ना तथा घरेलू हिंसा के कू-कृत्यों से भी अवगत कराया गया। साथ ही चतरा जिले में हो रहे नशे के व्यापार, उससे संबंधित एनडीपीएस एक्ट के संदर्भ में भी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के संदर्भ में भी बताया गया एवं एक जानकार तथा अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में सभी को नालसा द्वारा जारी हेल्प लाइन 15100 के बारे में बताया गया।

### मरांडी की मौजूदगी में भाजपा में शामिल



**बरवाडीह।** प्रखंड के हाई स्कूल मैदान परिसर में आयोजित प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा जन सभा कार्यक्रम में दूसरे दलों से दर्जनों लोग भाजपा में शामिल हुए, जिनका मरांडी, राज्यसभा सदस्य, आदित्य साहू आदि ने स्वागत किया। मरांडी ने भाजपा में शामिल होने वाले सभी लोगों को पार्टी का पट्टा पहना कर भाजपा में शामिल किया, जिनमें प्रखंड के खुरा पंचायत से कांग्रेस कार्यकर्ता शिबू साव, पंचायत के मुखिया जितेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, ईश्वरी राम, सीता राम भुइंया, तपेश्वर राम, प्रदीप राम, राम प्रवेश राम, महादेव प्रसाद, सूरजमल, भुवनेश्वर सिंह, दीपक कुमार, भोला मिस्त्री, सुनील राम, अर्जुन राम, महुआडाड जिला उपाध्यक्षसंजय जायसवाल, बद्री प्रसाद, विनोद कुमार सिंह, बैजनाथ राम, विजय प्रसाद गुप्ता, सुमित प्रसाद गुप्ता, सुबोध कुमार सिंह, प्रमोद पांडे, मोहम्मद अबरार अंसारी आदि शामिल हैं।

### मरांडी ने पूर्व वन मंत्री को किया याद




**बरवाडीह।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने बरवाडीह के संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान झारखंड प्रदेश के प्रथम वन एवं पर्यावरण मंत्री यमुना सिंह द्वारा निर्मित राजा मेदिनी राय इंटर कॉलेज परिसर में बनाया गया पूर्व वन मंत्री यमुना सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण किया। मौके पर यमुना सिंह की पुत्री व भाजपा नेत्री मंजू सिंह महाविद्यालय के प्रिंसिपल अश्विनी कुमार मिश्रा, व्याख्याता अरुण कुमार, संतोष कुमार, अमित कुमार, सुदामा प्रसाद, अजीत कुमार सोनी, पुष्पा के कई पदाधिकारी भाजपा के कई पदाधिकारी साथ थे। इसके साथ ही मरांडी ने अंबेडकर चौक पर पर संविधान निर्माता की प्रतिमा, विवेकानंद चौक पर स्वामी विवेकानंद, कुटमू मोड पर राजा मेदनी राय की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। मौके पर के जिप अध्यक्ष पूनम देवी, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू,किसलय तिवारी,पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह आदि मौजूद थे।

### मरांडी पहुंचे महुआडांड़, जोरदार स्वागत

**महुआडांड़।** संकल्प यात्रा के तहत प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को प्रखंड पहुंचे। बिरसा मुंडा चौक पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद मरांडी ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात मुख्य बाजार स्थित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद मरांडी नेतरहाट के लिए रवाना हो गए। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष भानु प्रसाद, भुवनेश्वर सिंह, आनंद किशोर नाथ शाह, यमुना प्रसाद, विजय जयसवाल, मोहन यादव, दिलिप प्रसाद, प्रशान्त सिंह, दीपेंद्र नाथ शाह आदि मौजूद थे।

## आयुर्वेदिक दवाओं से स्टोन का करते हैं सफल उपचार

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

किडनी आदि में स्टोन के असहनीय दर्द से परेशान लोगों का आयुर्वेदिक दवाओं से सफल इलाज के लिए जिले के लावालौंग प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आतमपुर (लमटा) निवासी वैद्य इम्तियाज खान क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं। इनसे इलाज कराने वालों की माने तो स्टोन के असहनीय दर्द से इलाज करवाकर छुटकारा पाए है वो भी सिर्फ महीने भर की दवा में। आयुर्वेदिक दवा काफी कम दर पर स्टोन पीड़ितों को दी जाती है। कहना है कि वैद्य पीलिया, मिरगी, धात,



दमा, बावाशीर, शुगर, समेत अन्य बीमारियों का भी आयुर्वेद के द्वारा समुचित इलाज करते हैं। वहीं खान ने बताया कि आयुर्वेद से बगैर चीरफाड़ के स्टोन (पथरी) जैसे गंभी बीमारियों का इलाज मामूली खर्च में किया जाता है। लोग हमसे मोबाइल नंबर 8969517322 पर संपर्क कर सकते हैं।

## हाथियों ने मक्का व धान की तैयार फसल की बर्बाद

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड के वन क्षेत्र अंतर्गत फुलसु पंचायत के बारिबाद व मतकोमा ग्राम में शुक्रवार की रात्रि जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाते हुए किसान अमित सिंह व मुकेश सिंह की लगभग पांच एकड़ भूमि पर लगी मक्का व धान की तैयार फसल को खाकर एवं रौंद कर बर्बाद कर दिया। इससे पीड़ित किसानों का लगभग चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है।



हाथियों द्वारा हुई क्षति के संबंध में जानकारी देते हुए दोनों पीड़ित किसानों ने बताया कि जंगली हाथियों की चितकार सुनकर हम जागे और ग्रामीणों को जगाया। पहले वन विभाग को जानकारी दी। सूचना पर वन विभाग फोरेस्ट मंगल सिंह पहुंचे और हाथियों के झुंड को भगाने के लिए टीना, ढोल, नगाड़ा बजाने लगे, लेकिन तब तक हाथियों के झुंड ने फसल को बर्बाद कर दिया। पीड़ित किसानों ने संबंधित विभाग से नुकसान का आंकलन कर तुरंत उचित मुआवजा देने की मांग की है। शनिवार को पंचायत के दर्जनों किसानों ने कांग्रेस युवा नेता लाल आशीष नाथ शहदेव की अध्यक्षता में बैठक कर वन विभाग के प्रति नाराजगी जतायी। कहा कि सैकड़ों एकड़ भूमि पर लगी फसल को अब तक हाथियों द्वारा नष्ट कर दिया गया है और विभाग द्वारा हाथियों को क्षेत्र से निकालने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है और न प्रभावित क्षेत्र में लाइट, टार्च आदि की व्यवस्था की जा रही है। विभाग जल्द कोई सुनवाई नहीं करता है तो ग्रामीण वन विभाग परिसर में धरने पर बैठेंगे।

### कार्यशाला में बोले जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार

## बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें शिक्षक

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

दीनदयाल उपाध्याय, टाउन हॉल लातेहार में सड़क सुरक्षा समिति द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला बीस सूत्री समिति उपाध्यक्ष अरूण दुबे, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्र- छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करने के लिए जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। इसके लिए सभी विद्यालयों में जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी एवं ट्रैफिक यातायात नियमों के बारे में बताने की आवश्यकता है। उन्होने कहा की बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने में शिक्षकों की अहम भूमिका है। इसके निमित प्रत्येक विद्यालय में एक शिक्षक को नोडल शिक्षक बनाया गया गया है। आज इस कार्यशाला में विद्यालय के नोडल शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के नियमों, सड़क सुरक्षा के उपायों से सभी छात्र-छात्राओं को




अवगत कराने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कार्यशाला में ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने यातायात के समय बरती जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया गया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने सगे-संबंधियों, मित्रों को भी यातायात संबंधित नियम अनुपालन करने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने सीट बेल्ट, हेलमेट आदि की उपयोगिता के बारे बताते हुये कहा इनको लगाने से सड़क दुर्घटना की स्थिति में हमारी जान बच सकती है। आगे उन्होंने बताया कि गुड समारिटन पॉलिसी के तहत दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर के दौरान ईलाज के लिए अस्पताल लेकर जाने पर परिवहन विभाग के द्वारा 2 से 5 हजार रुपये तक की राशि प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बीस सूत्री समिति उपाध्यक्ष ने यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा पर जोर देते हुये छात्रों से इसे गंभीरता से लेने का आग्रह किया। जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने कहा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में शिक्षकों एवं अभिभावकों की भूमिका अहम है। शिक्षक विद्यालय में एवं अभिभावक घर पर बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में बतायें। अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने नहीं दें।

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दिया एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में जिला परिवहन कार्यालय लातेहार के तनवीर हुसैन एवं ऋषि राज के द्वारा पीपीटी के माध्यम से सड़क सुरक्षा हेतु नियमों, सावधानियों, ट्रैफिक साइन, सिग्नल इत्यादि के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान परिवहन कार्यालय के कर्मी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।

## मनरेगा लोकपाल ने किया योजना स्थलों का निरीक्षण



**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड के मंझगावा पंचायत सचिवालय शनिवार को पहुंची मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान ने बीडीओ, बीपीओ, प्रखंड व मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक किया। इससे पूर्व बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा बीपीओ नीरज कुमार एवं मुखिया मंजित सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर क्षेत्र में मनरेगा लोकपाल का स्वागत किया। बैठक में लोकपाल ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी से परिचय प्राप्त करने के बाद मनरेगा के तहत संचालित कार्यों की जानकारी ली और कार्यों के क्रियान्वयन को लेकर संबंधितों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके बाद मंझगावा में संचालित योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। मंझगावा व करमा पंचायत में आमबागवानी, टीसीबी, मेढबंदी समेत अन्य योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया और योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार लाने का निर्देश रोजगार सेवक, कनिय अभियंता व संबंधित कर्मियों को दिया। बिरसा आम बागवानी लाभुकों को खाली स्थानो में मिश्रित खेती करने की सलाह दिया, ताकि लाभुक दोहरा लाभ उठा सके। इस दौरान करमा मुखिया रामनाथ यादव, मनरेगा जेई रवि रंजन दास, उमेश कुमार, रोजगार सेवक अजय कुमार, सुनिल कुमार शामिल थे।

## डीएवी स्कूल में आयोजित अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में परीक्षा परिणाम पत्र बांटा




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

स्थानीय भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल, लातेहार में आज अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 के प्रथम सावधिक परीक्षा परिणाम पत्र का वितरण किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने विद्यालय परिवार के साथ संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टॉपर्स विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के संग विद्यालय में आमंत्रित कर के परीक्षा परिणाम पत्र प्रदान किया गया। प्रभात रंजन ने अभिभावकों से बच्चों के प्रति सकारात्मक सोच रखने, उनके भावों का आदान प्रदान करने और उन्हें एक जिम्मेदार अभिभावक होने का एहसास दिलाने की अपील की।

कहा कि विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों के बीच परस्पर तालमेल बैठाए रखने के लिए प्रत्येक तीन महीने पर तीन अलग

**अभिभावकों से बच्चों के प्रति सकारात्मक सोच रखने, उनके भावों का आदान प्रदान करने व जिम्मेदार अभिभावक होने का एहसास दिलाने की अपील की गई**

अलग दिवस में कक्षानुसार पीटीएम आयोजित करेगा। इससे पहले ये जरूरी है कि अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थी सभी अपने-अपने परस्पर उत्तरदायित्वों को समझें। अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रबंधन परिवार को कई प्रकार के व्यक्तिगत सुझाव प्रदान किये एवं विद्यालय को हर संभव सहायता के लिए आश्वस्त किया। कार्यक्रम का संयोजन संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा एवं मंच का संचालन शिक्षक अरुण कुमार पांडेय ने किया। मौके रवि प्रकाश तिवारी, सुशील दुबे, अजीत कुमार, बसंत कुमार, बीएन साहा, मो. आसिफ, शिक्षिका रुक्मणि कुमारी आदि उपस्थित थे।

## चेलो पर बना पुल हुआ ध्वस्त आवागमन में हो रही परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

प्रखंड अंतर्गत गांगपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र के समीप चेलो नदी पर बना पुल बारिश में ध्वस्त हो गया। इससे राहगीरों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। राहगीर व वाहन चालक जान जोखिम में डाल कर ध्वस्त पुल को पार करते हैं। लोगों का कहना है कि कभी भी राहगीरों के साथ बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ग्रामीणों ने बताया की चेलो नदी पर बना पुल काफी दिनों से क्षतिग्रस्त था, जिससे कई दुर्घटना घट चुकी थी। बीते पांच दिनों की वर्षा में पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। उक्त सड़क से छोटे और बड़े वाहनों का परिचालन होता रहता है। ऐसे में गिद्धौर व पथलगड्डा प्रखंड के कई गांव के लोगों को पुल के क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में कठिनाई हो रही है।

## सीओ से ग्रामीणों ने की बैठक पर रोक लगाने की मांग

**टंडवा।** प्रखंड अंतर्गत आम्रपाली-चंद्रगुप्त रेलवे लाइन निर्माण हेतु वनाधिकार समिति से अनापत्ति के लिए आयोजित बैठक का ग्रामीणों ने बहिष्कार कर दिया। अंचल कार्यालय के ज्ञापांक के आलोक में उक्त बैठक की कार्यवाही के लिए राजस्व निरीक्षक व उप निरीक्षक को प्रतिनियुक्त किया गया था। वहीं ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में पत्र सौंपकर बताया कि पूर्व में हुए फर्जीवाड़े व गुपचुप कार्रवाईयों का मामला तमाम विभागों समेत कोल मंत्रालय के पास विचाराधीन है। वहीं उच्च न्यायालय में दाखिल परिवाद से जबतक समुचित न्यायादेश जारी नहीं होता है, तब तक वनाधिकार समिति से अनापत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही पर रोक का आग्रह किया गया है।

## जिलास्तरीय ग्रामीण व स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिला स्तरीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन शनिवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम चतरा में किया गया। खेल में मुख्य रूप से तीरंदाजी, गुलेल, मटका दौड़, गेड़ी दौड़, भारा दौड़ एवं सेकोर शामिल है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय एवं कार्यकारी अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ चतरा चद्रेश शर्मा ने किया।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी ने बताया कि सभी खेलों में जिले के सभी प्रखंडों के लगभग 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। विशेषकर जनजातीय खिलाड़ियों की भागीदारी ज्यादा रही। भारा दौड़ (खेल में) बालक वर्ग में सिमरिया प्रखंड के दिनेश कुमार प्रथम, देवेंद्र कुमार दूसरा व गिद्धौर प्रखंड के अनुज प्रजापती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भारा दौड़




बालिका वर्ग में चतरा प्रखंड की काजल कुमारी प्रथम, सिमरिया की लीलावती कुमारी द्वितीय व सिमरिया की पिंकी कुमारी तीसरे स्थान पर रही। मटका दौड़ बालक वर्ग में चतरा के मो. अतहर प्रथम, मटका दौड़ बालिका में सिमरिया की डुग्गी टुटीप्रथम, सिमरिया की रेशमी कुमारी द्वितीय व सिमरिया की पिंकी कुमारी तीसरे स्थान पर रही। गुलेल बालक वर्ग में गिद्धौर के जव कुमार प्रथम, चतरा डाढ़ा के मुनेश कुजूर दूसरा व गिद्धौर के मंजित कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तीरंदाजी बालक व बालिका वर्ग, गेड़ी दौड़ बालक वर्ग, बालिका वर्ग में पहले तीन स्थान पर रहने वालों को मेडल, ट्रॉफी एवं टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया।

**मिशन-2024** | **लातेहार जिला अध्यक्ष मोतीनाथ शाहदेव बोले, बड़ा दिल दिखाए राजद और कांग्रेस**

## चतरा लोकसभा सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने की दावेदारी

**नवीन मेली संवाददाता। बालूमाथ**

2024 का आम चुनाव महज कुछ महीनों के फासले पर है। ऐसे में हर राजनीतिक दल अपने अपने हिसाब से रणनीति बनाने में लग गया है। चतरा लोकसभा क्षेत्र हमेशा से हॉटकेक रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र पर बाहरी नेताओं की नजर रही है। आगामी चुनाव में इतना तो तय है कि एक तरफ एनडीए तो दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन के बीच मुकाबला होगा। एनडीए गठबंधन की ओर से भाजपा का चुनाव लडना तय है। वर्तमान सांसद के अलावा कई स्थानीय और बाहरी नेता टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल परंपरागत रूप से इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं।



**‘अगर मौका मिला तो बिछड़ेपन के धब्बे को मिटाने का करूंगा अथक प्रयास’**

झामुमा के लातेहार जिला अध्यक्ष मोतीनाथ शाहदेव हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार की उपलब्धियां, चतरा लोकसभा क्षेत्र के जातिगत समीकरण, स्थानीय सांसद नहीं होने के दाग तथा क्षेत्र में लगे पिछड़ेपन के धब्बे को मिटाने के लिए माटी की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा को मौका मिलने पर चतरा लोकसभा क्षेत्र को इंडिया गठबंधन की झोली में डालने के प्रति आश्वस्त है। उन्होंने बताया कि इंडिया गठबंधन के तहत झामुमो प्रत्याशी के तौर पर उन्हें मौका दिया जाता है, तो आजादी के बाद से चतरा लोकसभा क्षेत्र से स्थानीय सांसद नहीं होने के धब्बे को मिटाने का कार्य किया जाएगा। बाहरी सांसद होने का खामियाजा क्षेत्र की जनता भुगतती है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण अति व्यस्ततम राष्ट्रीय राजमार्ग 22 पर टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर अब तक आरओबी का निर्माण नहीं होना है। खनिज आधारित उद्योग की स्थापना के लिए अब तक पर्याप्त पहल नहीं होने को क्षेत्र के पिछड़ा होने का बड़ा कारण बताते हुए क्षेत्र में खनिज आधारित उद्योग की स्थापना के लिए पहल करने की बात कहीं। जिला अध्यक्ष ने चतरा लोकसभा क्षेत्र को प्रकृति द्वारा खनिज संपदाओं से परिपूर्ण होने के बावजूद बड़ी आबादी को इसका समुचित लाभ नहीं मिलने को अब तक के प्रतिनिधियों की विफलता करार देते हुए इस पर ठोस नीति का निर्धारण करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि कृषि पर इस क्षेत्र की निर्भरता होने के बावजूद आधुनिक खेती एवं कृषि आधारित उद्योग की आवश्यकता पर अब तक जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया।

इंडिया गठबंधन के ही महत्वपूर्ण घटक दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चतरा लोकसभा क्षेत्र पर अपनी दावेदारी पेश की है। हेमंत सोरेन सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ चतरा लोकसभा क्षेत्र के जातिगत समीकरण विशेष तौर पर आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग की आबादी को अपने पक्ष में बताया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी दावेदारी के पक्ष में संगठन का इस लोकसभा क्षेत्र में पकड़ का होना भी बताया है। पिछले तीन चुनाव में कांग्रेस व राष्ट्रीय जनता दल के सफल नहीं होने को भी अपने दावेदारी का मजबूत कारण प्रस्तुत किया है। चतरा लोकसभा क्षेत्र के लातेहार विधानसभा पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का कब्जा है। मनिका विधानसभा क्षेत्र पर कांग्रेस काबिज है। चतरा विधानसभा क्षेत्र पर राष्ट्रीय जनता दल का विधायक है। सिमरिया तथा पाकी विधानसभा क्षेत्र पर भाजपा के विधायक हैं। आपसी सहमति से अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा को चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का अवसर मिलता है, तो संभव है कि पार्टी अपना छाप छोड़ने में कामयाब हो सकती है।

## इंतजार करते रह गए नए बीडीओ, नहीं मिला प्रभार




**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

झारखंड सरकार के अधिसूचना के अनुसार झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी सोमा उरांव शनिवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय पहुंचे परंतु काफी इंतजार के बाद भी निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री बाखला प्रभार देने प्रखंड कार्यालय नहीं पहुंचीं। काफी इंतजार के बाद बिना प्रभार लिए सोमा उरांव वापस लौट गए। प्रखंड मुख्यालय समेत अन्य स्थानों पर यह चर्चा का विषय बन गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव के नेतृत्व में सैकड़ो महागठबंधन के कार्यकर्ता प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचे और बुके देकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर बालूमाथ बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव, जेएमएम प्रखंड सचिव परमेश्वर गंझु, प्रेम गंझु, जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव, संतोष उरांव, हरिहर यादव, उमेश यादव, कपिल उरांव, राजेश उरांव, मो अख्तर, मो एनामुल, डॉ प्रभात मिंज, चेताग मुखिया नरेश उरांव, राजन यादव, हरी साव, रंजीत गुप्ता उदय प्रकाश यादव आदि मौजूद थे।

## गागर में सागर

### फरार दो वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सेन्हा।** लोहरदगा न्यायालय द्वारा जारी वारंट एसटी संख्या 5/2018 के आलोक में सेन्हा थाना पुलिस ने छापेमारी कर डांडू से दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू ग्राम में छापेमारी कर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा दो वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है की लोहरदगा न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में एएसआई रामचन्द्र मांझी द्वारा दलबल के साथ वारंटियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस संदर्भ में एएसआई रामचंद्र मांझी ने जानकारी देते हुए बताया कि डांडू निवासी स्वर्गीय रहमत अंसारी का पुत्र मुस्तकीम अंसारी और स्वर्गीय हातिम अंसारी का पुत्र नूरहसन अंसारी दोनों अलग अलग कांड में संलिप्त थे। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की अदालत से जारी वारंट के आलोक में दोनों को सेन्हा पुलिस द्वारा देर रात गिरफ्तार किया गया। दोनों को मेडिकल के बाद लोहरदगा न्यायालय में प्रस्तुत कर शनिवार को जेल भेज दिया गया।

### सेन्हा के नये सीओ बने राकेश कुमार तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा अंचल के नये सीओ के रूप में राकेश कुमार तिवारी ने 46वें अंचलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात सीओ ने कहा की दाखिल खारिज व भूमि संबंधित सभी अन्य कार्यो के अतिरिक्त छात्र छात्राओं का जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्रों का समय पर निपटारा किया जायेगा। साथ ही कहा कि वरीय पदाधिकारीयों के निर्देशानुसार अन्य कार्यो का भी शीघ्र निष्पादित किया जायेगा, जिससे अंचल क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। मौके पर अंचल निरीक्षक चंद्रप्रकाश मेहता के अलावे लिपिक और सभी राजस्व कर्मचारी तथा अन्य अंचलकर्मी मौजूद थे।

### हत्यारोपी के घर पर पुलिस ने साटा इश्तेहार



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
हत्या के मामले में फरार चल रहे नामजद के विरुद्ध कुडू थाना पुलिस ने उसके घर जाकर इश्तेहार चिपकाया। जानकारी के मुताबिक कुडू थाना में दर्ज हत्या के मामले 163/2022 भादवि की धारा 302 में फरार चल रहे रोचों गांव निवासी सुनीत उरांव पिता घाना उरांव के विरुद्ध कुडू थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह, अनुसंधान कर्ता जोशफिना हेम्ब्रम पुलिस बल के साथ उसके मकान पर जा कर इश्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी हाजिर नहीं होता है तो कुर्की जब्ती के लिए प्रक्रिया की जाएगी।

### वन अधिकार समिति की बैठक में भूमि से संबंधित प्रस्ताव पारित

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक शनिवार को आयोजित की गयी। अध्यक्ष, जिला वन अधिकार समिति सह उपायुक्त अबू इमरान के निदेर्शानुसार बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल ने की जिसमें वन अधिकार समिति चतरा द्वारा वन एवं जंगल-झाड़ी भूमि के अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने पर चर्चा हुई। बैठक में हंटरगंज क्षेत्र के 14 गांवों में 35.83 एकड़ अप्रयुक्त जंगल, खास, चतरा क्षेत्र के 17 गांवों में 125.43 एकड़ जंगल, सिमरिया क्षेत्र के सात गांवों में 30.93 एकड़, पत्थलगड्डा 2 गांव के लिए 15.07 एकड़, आम्रपाली रेलवे साइडिंग निर्माण टंडवा जोन 6 में ग्राम रकवा 109.03, एनएच99 बाईपास चतरा में एक गांव में ओ. 33 एकड़ का निर्माण, बृंदा मोड़ से शिवपुर रेलवे साइडिंग 2 ग्राम रकवा 3.74 एकड़ में अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, एसडीओ चतरा मुमताज अंसारी, एसडीओ सिमरिया सुधीर दास सहित रामेतना भगत (सदस्य) सिदपा, टंडवा, सरयू उराव (सदस्य) सिंदरीवार-सिमरिया, शोभा कुजूर (सदस्य) कल्याणपुर, टंडवा एवं अन्य उपस्थित थे।

# संतान की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

### जीवित्पुत्रिका के पूजन से संतान की रक्षा के साथ-साथ अखंड सौभाग्य की होती है प्राप्ति : आचार्य रामाधार



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
पुत्र की लंबी आयु से जुड़े पर्व जीवित पुत्रिका व्रत की पूजा शनिवार को जिले में धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं आचार्य रामाधार पाठक ने विधि विधान से पूजन कराकर जीवितपुत्रिका की कथा कही। कहा कि सप्तमी रहित और उदयातिथि अष्टमी को व्रत करनी चाहिए। यदि इसपर ध्यान नहीं दिया गया तो फल नष्ट हो जाता है। इस दौरान व्रती महिलाओं ने अहले सुबह से ही पर्व की तैयारी की थी। इस दौरान व्रती महिलाओं ने सारा दिन उपवास रखते हुए पूजा-अर्चना की। पर्व को लेकर व्रती महिलाओं ने घरों में मडुआ के आटे से व्यंजन तैयार किया। इस दौरान जिउतिया के मौके पर व्रती महिलाओं ने अपने घर और मंदिरों में पुजारियों के मंत्रोच्चार के साथ जीवित वाहन बाबा की पूजा-अर्चना भी की। पूजन साम्रगी से जीवित वाहन बाबा की पूजा करने के बाद कथा का श्रवण किया। घंटों पूजा-अर्चना के बाद पुजारियों ने व्रती महिलाओं के समक्ष पर्व की शाम पुजारियो से कथा का श्रवण किया। मान्यता के अनुसार इस दौरान व्रतियों ने इसकी कथा भी सुनी। वहीं जिउतिया पर्व पर दो दिनों से ही बाजार में रौनक छाई रही। फल फूल व पूजन सामग्री की खरीदारी में लोग अहले सुबह से ही जुटे थे। इससे बाजार में आम दिनों की अपेक्षा चहल पहल अधिक देखने को मिली। शाम होते ही नगर के विभिन्न स्थानों पर व्रती महिलाओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। व्रती महिलाओं ने विधि विधान से सूत्र रूप जिउतिया (दुर्गा) की आराधना कर पुत्र की दीघार्यु की मनोकामनाएं की।

# फाइलेरिया मुक्ति अभियान लिए गए 300 ब्लड सैंपल



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
फाइलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र लोहारदगा के तत्वाधान में कुडू प्रखंड के कोलसिमरी स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर क्षेत्र में रात्रि रक्त पट्ट संग्रह कार्यक्रम (नाइट ब्लड सर्वे) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी सह वीबीडी विशेषज्ञ डॉ. एके मिश्रा एवं सीएचओ तौशिफ अंसारी की देखरेख में 300 से अधिक लोगों का ब्लड सैंपल लिया गया। मौके पर डॉ एके मिश्रा ने बताया कि फाइलेरिया मरीजों की लगातार बढ़ रही संख्या के मद्देनजर कैंप मोड में फाइलेरिया के संभावित मरीजों की रात्रि में ब्लड सैंपल लिया गया है। इस दौरान सीएचओ तौशिफ अंसारी द्वारा फाइलेरिया से बचाव की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में एमपीडब्ल्यू शादाब कुरैशी, नितिन कुमार, नरेश भगत, एएनएम किरण, रूबी और बेबी कुमारी के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

### सीएफ ने किया वन विभाग की योजनाओं का निरीक्षण, शिकायतों की जांच पड़ताल

# योजनाओं के संचालन में सतर्कता बरतें

- सीएफ ने त्रुटियां चिन्हित कर दूर करने का निर्देश दिया
- अधिकांश विभागीय कार्य जमीनी स्तर पर संतोषप्रद पाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
वृक्षारोपण, जलमीनार, निर्माण, भवन निर्माण समेत विभिन्न विभागीय योजनाओं की ताजा स्थिति और प्रगति को लेकर गुमला प्रादेशिक अंचल वन संरक्षक (सीएफ) थंगीयन पांडियन ने लोहरदगा वन प्रमंडल के कार्य स्थल का स्थल परिभ्रमण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश विभागीय कार्य जमीनी स्तर पर संतोषप्रद मिला। निरीक्षण में मिली त्रुटियों को चिन्हित कर उन्हें प्राथमिकता और संवेदनशीलता के साथ दूर करने का निर्देश सीएफ ने दिया। मिली जानकारी के अनुसार सेन्हा वन क्षेत्र में लगभग बीस हजार पौधारोपण करने एवं एक जल मीनार निर्माण का निरीक्षण किया गया। लगाए गए अधिकांश पौधे और जल मीनार जमीनी स्तर पर सही और उपयोगी मिलने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। बदला आंचल में वन प्रमंडल द्वारा दो जल मीनार निर्माण और वन रोपण कार्य का निरीक्षण किया गया। जल मीनार के चालू हाल में देखने और इसका अधिकतम लाभ ग्रामीणों को लेने की स्थिति देख संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण में पौधारोपण कार्य में त्रुटियां चिन्हित किया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार को मौके पर इसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि वन विभाग के कार्यों को लेकर सीएफ के पास शिकायत की गई थी। गड़बड़ी होने और विभागीय नियमों का अनदेखा करने का आरोप शिकायतकर्ता द्वारा लगाया था। इन पहलुओं पर भी सीएफ ने गहन जांच पड़ताल की। भौतिक स्थिति का निरीक्षण किया। बताया गया कि गड़बड़ी और शिकायत करने के आरोप को निरीक्षण के दौरान पूर्वाग्रह और भ्रामक शिकायत मानी गई। कोयल नदी तट पर किए गए वृक्षारोपण की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान नदी किनारे वन विभाग द्वारा पौधारोपण संतोषजनक स्थिति में मिला। नदी किनारे एक जगह पौधारोपण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। प्राथमिकता पर नदी किनारे की रिक्त भूमि पर पौधारोपण कर योजना पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर सीएफ ने कहा कि वन विभाग की योजनाएं महत्वपूर्ण है। वन एवं पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं के संचालन में विभागीय कर्मी सतर्कता बरतें। इस मौके पर डीएफओ अरविंद कुमार, रेंज अधिकारी अरुण कुमार, वनरक्षी किशोर नंदकुमार, मुकेश चंद्र प्रजापति, फॉरेस्टर जया उरांव समेत विभागीय कर्मी मौजूद थे।

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई

**लोहरदगा।** उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक जूम मीटिंग के माध्यम से हुई। बैठक में सभी थाना प्रभारियों से बीते दो माह में अवैध बालू उठाव, बाक्साईट खनन, पत्थर खनन से संबंधित जानकारी ली गई। सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में बीते दो माह में संबंधित मामलों में जब्त किये गये वाहन, एफआईआर, दंड शुल्क की जानकारी दी गई। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध रूप बाक्साइट खनन से संबंधित मामलों के होने, इसकी जानकारी होने के उपरांत छापेमारी व की गई कार्रवाई एवं अवैध बॉक्साइट खनन का मामला नहीं होने पर भी प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। जूम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सहायक खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## 'समय सारणी बना कर अध्ययन करने से लक्ष्य प्राप्ति संभव'

### सरस्वती विद्या मंदिर में नवम कक्षा की अभिभावक गोष्ठी आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा के सभागार में कक्षा नवम के अभिभावकों की एक गोष्ठी आयोजित की गई। शिक्षक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि अभिभावकों को अपने पाल्य के विकास के लिए विद्यालय द्वारा बुलाए जाने पर अवश्य उपस्थित होना चाहिए। भैया बहनों के विकास के लिए अभिभावकों का तत्परता पूर्वक अपने पाल्य पर ध्यान देना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उपस्थित अभिभावकों ने इस अवसर पर अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने माना कि विद्यालय द्वारा आयोजित अभिभावक गोष्टी का अत्यंत सकारात्मक परिणाम होता है। विद्यालय से जुड़ाव लगाव बढ़ता है और भैया बहनों के विकास में इससे सहयोग मिलता है।
सप्ताहिक जांच की योजना, पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भैया बहनों का प्रशिक्षण, योग व्यायाम का अभ्यास आदि क्रियाकलाप भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी होते हैं। इन्हें लागू किया जाना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने अभिभावकों की समस्याओं का समाधान करते हुए कहा कि विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी भैया बहनों की विकास के लिए निरंतर तत्पर हैं।
जिज्ञासु एवं श्रद्धावान बनकर भैया बहनों को अपनी समस्याएं आचार्यों के समक्ष रखना चाहिए। इससे उन्हें सही मार्गदर्शन प्राप्त करने में सहायता मिलती है। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के विज्ञान आचार्य श्याम सुंदर कुमार ने किया इस मौके पर 42 अभिभावक उपस्थित हुए। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## 'प्राथमिक शिक्षकों को प्रोन्नति देने की सरकार की मंशा नहीं'

**लोहरदगा।** लगभग 30 वर्षों से प्राथमिक शिक्षकों की प्रोन्नति बाधित है। प्राथमिक शिक्षकों के लिए 1993 में प्रोन्नति बनाई गई है। झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन, महासचिव प्रेम प्रसाद राणा, उपाध्यक्ष मुमताज अहमद ने कहा कि नियमावली में स्पष्ट उल्लेख है कि हर वर्ष जनवरी माह में अहर्ता रखने वाले शिक्षकों को जिलेवार नियमानुसार प्रोन्नति सूची बनाकर प्रकाशित करना है। प्रोन्नति के लिए पर्याप्त अहर्ता के बावजूद सरकार की मंशा प्राथमिक शिक्षकों को प्रोन्नति नहीं देने की रही। इसके ठीक विपरीत शिक्षा विभाग प्राथमिक शिक्षकों को अलग अलग श्रेणी में बांटने में ज्यादा रूचि लेते रही है। वर्ग 1-8 में बहाल शिक्षकों को बिना कोई नीति के 1 से 5 बना दिया जाता है, तो सर्व शिक्षा अभियान के तहत ग्राम शिक्षा समिति द्वारा नियुक्त शिक्षकों को महज एक परीक्षा मात्र से ही वर्ग 6-8 शिक्षक के रूप में पदस्थापित कर दिया जाता है। ग्रेड -7 पाने के लिए 13 वर्षो का अनुभव आवश्यक है।उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद प्राथमिक शिक्षकों की प्रोन्नति देने में टाल मटोल की रवैया अपनाया जाता रहा है। कभी ग्रेड 4 पा चुके शिक्षकों की स्थिति में कोई परिवर्तन करने का पत्र निर्गत किया जाता है तो कभी भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति नहीं देने के फरमान जारी कर दिया जाता है। विभाग और सरकार के इस दोहरे मापदंड से शिक्षकों में निराशा - हताशा के साथ -साथ भारी रोष है। शिक्षा सचिव के हालिया पत्र से शिक्षकों में यह धारणा प्रबल हो गई कि सरकार विभिन्न नियुक्त वर्ष में नियुक्त शिक्षकों को आपस में ही उलझाना चाहती है। सरकार की मंशा प्रोन्नति देने की नहीं है।

## शहरी क्षेत्र से अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर जब्त, मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन करने के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए गत मध्य रात्रि को पुलिस व खनन विभाग ने बालू लोडेड एक ट्रैक्टर को मौके से जब्त किया। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने सदर थाना में ट्रैक्टर चालक और मालिक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत प्राथमिकी कराई है। बताया गया कि एनजीटी लागू होने के बाद स्थानीय विभिन्न नदी घाट से बालू के उत्खनन और परिवहन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा है। बावजूद, बालू तस्कर ऊंचे मूल्य पर बालू की तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। गत मध्य रात्रि शहरी क्षेत्र के नदिया स्थित कोयल नदी घाट से बालू लोड कर जा रहा ट्रैक्टर को पुलिस व खनन विभाग की गश्ती टीम ने उसे मौके से जब्त किया।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर निकलेगी जागरूकता रैली

**नवीन मेल संवाददाता**
**लोहरदगा।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर 11 अक्टूबर को समाज कल्याण विभाग, लोहरदगा की ओर से राज्य सरकार की अति महत्वकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली का आयोजन कस्तूरबा गांधी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, लोहरदगा से नगरपालिका, भारतीय स्टेट बैंक, सोमवार बाजार, पावरगंज चौक, न्यू रोड से पुनः स्कूल परिसर तक किया जाएगा। रैली को हरी झंडी दिखाकर प्रातः 9.30 बजे रवाना किया जाएगा। रैली में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं सेविकाएं शामिल होंगीं। रैली की समाप्ति के उपरांत कस्तूरबा गांधी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, लोहरदगा स्थित सभागार में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उक्त जानकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने दी।

## नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को लेकर जिलास्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के तत्वाधान में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया, हिंदू, लोहरदगा के प्रांगण में एनआईपीएल नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय सभी बीईईओ, बीपीओ बीआरपी,सीआरपी, एमआईएस और डाटा ऑपरेटर की उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। उक्त कार्यशाला में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के राज्य नोडल पदाधिकारी, झारखंड मनोज कुमार निराला और राजीव कुमार, सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर झारखंड के द्वारा एनआईएलपी नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई।
इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के पोषक क्षेत्र में 15 वर्ष से अधिक उम्र के महिला और पुरुषों को साक्षर बनाने का बेहद महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसे भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रखंड यूजर, संकुल यूजर, विद्यालय यूजर और सरवेयर बनाकर घर-घर सर्वे कराते हुए साक्षर बनाने के लिए अशिक्षित व्यक्ति और कम पढ़े लिखे व्यक्तियों की पहचान की जानी है। पहचान किए गए व्यक्तियों का एनआईओएस के तहत मूल्यांकन कार्य किया जाएगा। तत्पश्चात उन्हें प्रमाणपत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा। सभी सरवेयर को गूगल प्ले स्टोर से उल्लास ऐप डाउनलोड करना है और शिक्षार्थियों का सर्वे करते हुए उन्हें शिक्षार्थी और स्वयंसेवी के रूप में चिन्हित करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरिता एक्का, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, आकाश कुमार, क्षेत्र प्रबंधक, जयमंगल लोहार, बीईईओ, कूडु, जयनाथ महतो बीईईओ, भंडरा, सभी प्रखंडों के बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी, एमआईएस, डाटा इंट्री ऑपरेटर उपस्थित हुए।

## नल- जल योजना में बरती जा रही अनियमितता, उपायुक्त से शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
पेयजल व स्वच्छता विभाग से बन रहे नल- जल योजना में भारी अनियमितता बरती जा रही है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन देकर की है। ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम भौरों सोलर द्वारा नल-जल योजना में भारी गड़बड़ी एवं पक्षपात कर योजना से वंचित तथा ठेकेदार द्वारा जहां पानी की व्यवस्था है वही बोरिंग दोबारा कर के सरकारी पैसा का दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भौरों गांव के सभी परिवारों को नल-जल योजना के तहत घर-घर पानी सप्लाई करना है परंतु वेंडर ललन सिंह द्वारा भारी गड़बड़ी की जा रही है। जहां - जहां पहले से बोरिंग सक्सेस है वही पर पुनः बोरिंग किया जा रहा है। पैसे लेकर व्यक्तिगत लोगों के घर में बोरिंग कर के सरकारी राशि की निकासी करने का काम किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वेंडर द्वारा गांव में भेदभाव कराकर लड़वाने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि वेंडर ललन सिंह द्वारा किये गए बोरिंग एवं नल -जल योजना कार्यो की जांच कर कारवाई की जाए।

**संभावना** | विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में प्रतियोगिता आयोजित

# प्रश्नमंच में अंकित, चंदन, बंटी और ज्योति प्रथम



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विषय सह प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में 12वीं विज्ञान में अंकित कुमार साहू, पायल वर्मा और रोहित कुमार साहू ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कला में चंदन महतो, पूनम कुमारी व नेहा कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 11वीं विज्ञान में प्रथम स्थान बंटी भगत, द्वितीय स्थान विवेक उरांव व तृतीय स्थान कशिश कुमारी ने प्राप्त किया। 11वीं कला में ज्योति प्रिया कुजूर, नितेश उरांव और रागिनी भगत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और शिक्षक- शिक्षिकाओं के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने छात्र - छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सभी विषयो से प्रश्न पूछे गए ताकि आगामी परीक्षाओं की तैयारी बच्चे अच्छी तरह से कर सके ताकि जैक 2024 की परीक्षा में बेहतर परिणाम आये। कार्यक्रम में रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, स्नेहा शर्मा, चेतना प्रिया,आरती भगत,कविता कुमारी, रितेश कुमार पाठक और छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### मॉन्स्टर एनर्जी यामाहा मोटो जीपी एडिशन लॉन्च




**पटना/रांची।** इंडिया यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड ने अपने रोमांचक ब्रैंड कैंपेन 'द कॉल ऑफ द ब्लू' के तहत आज 2023 मॉन्स्टर एनर्जी यामाहा मोटो जीपी एडिशन के मॉडलों की आकर्षक श्रृंखला लॉन्च की है। इन मॉडलों में सुपरस्पोर्ट वाईजेडएफ-आर15एम, द डार्क वारियर एमटी-15 वी2.0 और रे जेडआर 125 एफआई हाइब्रिड स्कूटर शामिल हैं। मॉन्स्टर एनर्जी यामाहा मोटो जीपी एडिशन की मॉडल रेंज भारत में सभी प्रीमियम ब्लू स्क्वेयर आउटलेट्स पर सितंबर के तीसरे हफ्ते से उपलब्ध होगी। मैक्सी-स्पोर्ट्स स्कूटर का स्पेशल मोटोजीपी एडिशन एरॉक्स 155 भी जल्द ही लॉन्च किया जाएगा। वाईजेडएफ-आर15एम और एमटी-15 वी2.0 के 2023 मॉन्स्टर एनर्जी यामाहा मोटो जीपी एडिशन में टैंक, फ्यूल टैंक और साइड पैनल पर यामाहा मोटोजीपी लिवरी को प्रदर्शित किया गया है, जिससे इन मोटरसाइकिल का रेसिंग बैकग्राउंड उभरकर सामने आता है। एरॉक्स 155 और रे जेडआर मॉडल की पूरी बॉडी पर यामाहा मोटोजीपी की लिवरी पूरी बॉडी पर नजर आती है। मॉन्स्टर एनर्जी यामाहा मोटोजीपी एडिशन मॉडल की रेंज सीमित संख्या में उपलब्ध होगी।

### हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार हरे निशान पर हुआ बंद

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सेंसेक्स 364.06 अंकों यानी 0.55% की बढ़त के साथ 65,995.63 के स्तर पर जबकि निफ्टी 107.75 अंकों यानी 0.55% की बढ़त के साथ 19653 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबारी सेशन के दौरान गोदरेज इंडस्ट्रीज के शेयरों में 20 प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार में हरे निशान पर क्लोजिंग हुई। सेंसेक्स 364.06 अंकों यानी 0.55% की बढ़त के साथ 65,995.63 के स्तर पर जबकि निफ्टी 107.75 अंकों यानी 0.55% की बढ़त के साथ 19653 के स्तर पर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान गोदरेज इंडस्ट्रीज के शेयरों में 20 प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई। कंपनी के शेयर शुक्रवार को 120.20 रुपये की बढ़त के साथ 721.25 के स्तर पर बंद हुए। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड ने शुक्रवार को घोषणा की कि अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) कंपनी में 0.6% हिस्सेदारी के लिए 4,966.80 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस निवेश से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी का मूल्य 8.38 लाख करोड़ रुपये के प्री-मनी इक्विटी मूल्य पर आंका गया है। जिससे रिलायंस रिटेल देश में इक्विटी मूल्य के हिसाब से शीर्ष चार कंपनियों में शामिल हो गई है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 3.79 अरब डॉलर घटकर 586.91 अरब डॉलर रहा



**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 3.794 अरब डॉलर घटकर 586.908 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके पहले के सप्ताह में देश का कुल मुद्रा भंडार 2.335 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 590.702 अरब डॉलर था। अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन पिछले साल वैश्विक घटनाक्रम से पैदा हुए दबावों के बीच आरबीआई ने रुपये की विनिमय दर में गिरावट को रोकने के लिए इस पूंजी भंडार का उपयोग किया था जिससे विदेशी मुद्राभंडार में कमी आई। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.127 अरब डॉलर घटकर 520.236 अरब डॉलर रही। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 57.6 करोड़ डॉलर घटकर 43.731 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.4 करोड़ डॉलर घटकर 17.939 अरब डॉलर रहा।

### मिलेट्स से जुड़े उत्पादों पर अब 18%की जगह 5 % लगेगा जीएसटी

# काउंसिल की बैठक में लिया फैसला

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की 52वीं बैठक हुई। यह बैठक सुषमा स्वराज भवन में चल रही है, जिसमें राज्यों के वित्त मंत्रियों ने हिस्सा लिया है। एएनआई ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने बाजरा के आटे (मिलेट्स के आटे) पर जीएसटी को मौजूदा 18% जीएसटी से घटाकर 5% करने का फैसला किया है। इससे पहले कयास लग रहे थे कि जीएसटी परिषद की मीटिंग में ईवी बैटरी, बीमा कंपनियों और मिलेट्स पर लगने वाले दरों पर भी बड़ा फैसला लिया जा सकता है। जीएसटी परिषद की फिटमेंट कमिटी की ओर से मिलेट्स पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत करने की सिफारिश की गई थी। मिलेट्स से बने आटे को खुले में बेचने पर कोई जीएसटी चार्ज नहीं करने की बात कही गई है। भारत 2023 को 'मिलेट्स ईयर' के रूप में मना रहा है और सरकार बाजरा के उत्पादन और खपत को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है। इससे पहले केंद्रीय कृषि मंत्री तोमर ने कहा कि बाजरा जलवायु के लिहाज से लचीला है और इसे कम पानी में और उर्वरकों और कीटनाशकों के न्यूनतम उपयोग के साथ उगाया जा सकता है। जीएसटी परिषद् की बैठक में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के अलावा राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री और केन्द्र सरकार व राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं। जीएसटी परिषद जीएसटी व्यवस्था से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए समय-समय पर बैठक करती है, जिसमें कर की दरों, नीतिगत परिवर्तन और प्रशासनिक मुद्दे शामिल हैं। जीएसटी परिषद भारत के अप्रत्यक्ष कर ढांचे को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, यह सुनिश्चित करती है कि यह देश के आर्थिक लक्ष्यों के साथ संरेखित हो और नागरिकों और व्यवसायों पर कर के बोझ को कम करे।

## अक्टूबर के पहले चार दिनों में एफपीआई ने बेचे 9,412 करोड़ रुपये के शेयर




**एजेंसी। नई दिल्ली**

हाल के हफ्तों में बाजारों में पूंजी प्रवाह को प्रभावित करने वाला एक प्रमुख कारक अमेरिकी बांड यील्ड में लगातार वृद्धि है। ये बात जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कही है। अक्टूबर के शुरूआती दिनों में अमेरिकी बॉन्ड बाजार में गिरावट देखी गई, जिससे 30 साल की बॉन्ड यील्ड कुछ समय के लिए 5 फीसदी पर पहुंच गई। विजयकुमार ने कहा कि बेंचमार्क 10-वर्षीय यील्ड लगातार 4.7 प्रतिशत से अधिक है, जो एफपीआई को उभरते बाजारों में शेयर बेचने के लिए मजबूर कर रही है। भारत इस साल एफपीआई को आकर्षित करने में उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शीर्ष पर बना हुआ है, लेकिन सितंबर में बिकवाली देखी गई और अक्टूबर की शुरूआत भी इसी प्रवृत्ति के साथ हुई है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर के पहले चार दिनों में एफपीआई ने नकदी बाजार में 9,412 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। एफपीआई वित्तीय, बिजली, आईटी और तेल एवं गैस में बिकवाली कर रहे हैं। बिकवाली करते हुए भी एफपीआई कैपिटल गुड्स, ऑटो और ऑटो कंपोनेंट्स में खरीदार बने हुए हैं। उन्होंने कहा, ऊंचे डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड के चलते एफपीआई के हाल फिलहाल में बाजार में खरीदार बनने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि दूसरी तिमाही के नतीजे अच्छे रहने की उम्मीद है।

### एडीआईए ने रिलायंस रिटेल में किया बड़ा निवेश

## 4966.80 करोड़ रुपए में खरीदी 0.59 प्रतिशत की हिस्सेदारी



**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी के बिजनेस वेंचर को आबू धाबी की कंपनी का साथ मिला है। अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) ने रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड में 4,966 करोड़ की हिस्सेदारी खरीदने का प्लान बनाया है। कंपनी इसके लिए रिलायंस रिटेल में 0.59 फीसदी की इक्विटी खरीदेगी। रिलायंस की शेयर मार्केट को जानकारी के मुताबिक, अबू धाबी की कंपनी के इस निवेश के तहत रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड का इक्विटी वैल्यू 8.381 लाख करोड़ रुपए यानि 100.83 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। वहीं, मुकेश अंबानी के आरआईएल की रिलायंस रिटेल इक्विटी मूल्य के हिसाब से देश की टॉप चार कंपनियों में शामिल हो गई है। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के तहत रिलायंस रिटेल की कमान उनकी बेटी ईशा अंबानी के पास है। रिलायंस रिटेल ने पिछले कुछ सालों में तेजी से अपने कारोबार को बढ़ाया है। साथ ही कंपनी का प्रॉफिट भी बाकी बिजनेस वेंचर के मुकाबले बढ़ा है। आरआरवीएल अपनी सपोर्टिंग कंपनियों और पार्टनर्स के जरिए सबसे तेजी से बढ़ते और सबसे लाभदायक खुदरा व्यापार का संचालन करती है। अगर बात करें रिलायंस रिटेल की वैल्यूएशन की तो साल 2020 के बाद बीते तीन साल में ही ये लगभग दोगुना हो चुकी है। रिलायंस रिटेल की पहुंच देश के करीब 27 करोड़ ग्राहकों तक है। कंपनी की डायरेक्टर ईशा अंबानी ने एडीआईए के इस निवेश को लेकर कहा आरआरवीएल में एक निवेशक के रूप में एडीआईए के समर्थन तथा उनके साथ अपने संबंधों को मजबूत कर हम उत्साहित हैं। ग्लोबल लेवल पर मूल्य निर्माण के उनके लंबे अनुभव से हमें फायदा होगा और इंडियन रिटेल सेक्टर में बदलाव को बढ़ावा मिलेगा।

### नौकरी घोटाले से कंपनियों को हुआ मिलियन डॉलर से ज्यादा का नुकसान

**नई दिल्ली।** साइबर सुरक्षा शोधकर्ताओं के अनुसार, चल रहे वैश्विक नौकरी घोटाले से दुनिया भर के 50 से अधिक देशों में 100,000 से ज्यादा पीड़ितों के प्रभावित होने की संभावना है। इससे 1,000 से अधिक कंपनियों को 100 मिलियन डॉलर से अधिक का सामूहिक व्यक्तिगत नुकसान होने की संभावना है। पीड़ितों की शिकायतों और रिपोर्ट की गई मॉनिटरी हानियों के आधार पर, एक ही कंपनी के क्लोजिंग से रिपोर्ट की गई हानि 200,000 डॉलर से अधिक है। साइबर-सुरक्षा कंपनी क्लाउडएसईके की टीम के अनुसार वैश्विक स्तर पर नौकरी घोटाले में उपनाम वेबविर्म' हैकरों ने 'ब्लू व्हेल चैलेंज' के समान कॉम्बो टास्क योजना के लिए 10 उद्योगों में 1,000 से अधिक कंपनियों का प्रतिरूपण किया है। रिसर्चस ने बताया कि पैमाना और परिष्कार एक अत्यधिक कुशल और लगातार खतरा पैदा करने वाले (टीए) समूह का संकेत देता है।

### असुरक्षित कर्ज में वृद्धि पर आरबीआई ने जताई चिंता

# बिना गारंटी वाले कर्ज वित्तीय स्थिरता के लिए भारी खतरा हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**




खुदरा कर्ज खासकर पर्सनल लोन और अन्य असुरक्षित कर्ज में बेतहाशा वृद्धि पर आरबीआई ने चिंता जताई है। दास ने कहा कि बिना गारंटी वाले कर्ज वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा हैं। ऐसे में हम उम्मीद करेंगे कि हालात पर नियंत्रण के लिए बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और फिनटेक आंतरिक निगरानी तंत्र मजबूत करें। साथ ही, मजबूत जोखिम प्रबंधन भी लागू करें। केंद्रीय बैंक के डिप्टी गवर्नर जे स्वामीनाथन ने कहा, गवर्नर की इस संबंध में टिप्पणियां सिर्फ एक सलाह है। स्वामीनाथन ने चेतावनी दी कि बैंक व एनबीएफसी पर इस पर कार्रवाई नहीं करते हैं तो आरबीआई खुद इसकी जांच करेगा। पिछले दो वर्षों में कुल बैंकिंग कर्ज 12-14 फीसदी बढ़े हैं। इस दौरान असुरक्षित खुदरा कर्ज में 23 फीसदी वृद्धि हुई है, जो नियामक के लिए चिंता की बात है। आरबीआई ने पीएम विश्वकर्मा को भुगतान अवसंरचना विकास कोष (पीआईडीएफ) योजना में शामिल करने का फैसला किया है। साथ ही, पीआईडीएफ योजना को दो साल के लिए 31 दिसंबर, 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले माह पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की थी। इसमें कारीगरों को दिए जाने वाले कर्ज पर 8 फीसदी तक की सब्सिडी देने का प्रस्ताव है। कार्ड डाटा के टोकनाइजेशन की बढ़ती स्वीकार्यता को देखते हुए आरबीआई सीधे बैंक स्तर पर कार्ड-ऑन-फाइल टोकनाइजेशन सुविधाएं शुरू करने पर विचार कर रहा है। ग्राहक शिकायत निपटान तंत्र मजबूत करने के लिए?आरबीआई आंतरिक लोकपाल योजना में बदलाव कर सकता है।

## विदेश

### फिलीपीनी जहाज के बेहद करीब पहुंचा चीनी जहाज, मनीला ने जताया विरोध

**फिलीपीनी।** दक्षिण चीन सागर में चीनी तटरक्षक जहाज फिलीपीन के एक गश्ती जहाज के बिल्कुल करीब पहुंच गया और दोनों जहाज टकराते-टकराते बचे। दोनों के बीच की दूरी महज एक मीटर थी। यह एक चिंताजनक घटना है जिससे समुद्री क्षेत्र में सीमा विवाद बढ़ गया है और बड़ा संकट पैदा होने की आशंका है। फिलीपीन ने ह्यसेकंड थॉमस शोल' (रेतीले और चट्टानों से घिरा समुद्री क्षेत्र, जहां प्रचुर मात्रा में मछलियां पाई जाती हैं) के निकट चीनी जहाज की मौजूदगी की शुक्रवार को कड़ी निंदा की। दोनों एशियाई पड़ोसी इस क्षेत्र पर अपना अपना दावा करते हैं और यह विवाद का विषय रहा है। एक अन्य घटना में फिलीपीन तटरक्षक के एक और जहाज को चीनी तटरक्षक और मिलीशिया जहाजों ने करीब आठ घंटे तक रोक कर रखा और घेराबंदी की। अमेरिका ने विवादित समुद्री क्षेत्र में फिलीपीन की रक्षा का संकल्प जताया है।

# ईरान ने नोबेल विजेता मोहम्मदी सहित मानवाधिकार कार्यकर्ता को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। तेहरान**



ईरान में मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के स्वतंत्र जांचकर्ता ने विगत शुक्रवार को कहा कि तेहरान प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई कर रहा है और उसने शांति के लिए नोबेल पुरस्कार जीतने वाली नर्गिस मोहम्मदी सहित अन्य मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को गैरकानूनी तरीके से हिरासत में रखा है। जांचकर्ता जावेद रहमान की ओर से जारी एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि ईरान में बड़ी संख्या में मृत्युदंड की सजा दी जा रही है। रिपोर्ट में अक्टूबर 2022 से जुलाई तक के आंकड़ों को शामिल किया गया है। यह रिपोर्ट विगत शुक्रवार को मोहम्मदी को शांति के लिए नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा से पहले ही तैयार कर ली गई थी। मोहम्मदी फिलहाल तेहरान की इविन जेल में हैं और वह लंबे समय से महिला अधिकारों की पैरोकार रही हैं। लंदन में ब्रुनेल विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के प्रोफेसर रहमान ने महासभा को दी रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया कि वकीलों और मानवाधिकार रक्षकों के साथ ही मोहम्मदी को भी जेल में बंद किया गया है। रहमान पाकिस्तान से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने 2022 में कुर्दिश समुदाय से ताल्लुक रखने वाली महासा अमीनी को ह्यहिजाब' न पहनने के लिए गिरफ्तार किए जाने और हिरासत में उसकी मौत होने के बाद देश भर में बड़े पैमाने पर हुए विरोध-प्रदर्शनों को समाप्त कराने के वास्ते ह्यह्रबल प्रयोग' करने के ईरानी प्रशासन के फैसले की कड़े शब्दों में आलोचना की थी। रहमान ने कहा था कि जुलाई के अंत में 68 बच्चों और 48 महिलाओं सहित कम से कम 537 लोगों की प्रदर्शनों के दौरान मौत हो चुकी है। सैंकड़ों लोग घायल हुए हैं, जबकि हजारों लोगों को कथित तौर पर गिरफ्तार किया गया है, या हिरासत में लिया गया है या फिर जेल में बंद किया गया है। रहमान ने निराशा व्यक्त की कि ईरान ने अमीनी की मौत और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अवैध बल प्रयोग से जुड़े मामलों की स्वतंत्र एवं पारदर्शी तरीके से जांच नहीं की। उन्होंने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला खामनेई, देश की सरकार, न्यायपालिक और संसद अमीनी की मौत की पूरी जिम्मेदरी ले तथा मामले में तत्काल कार्रवाई करे।

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतू वृहत्तर सहभागिता"
कार्यालय ; जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, पलामू।
(निर्वाचन शाखा)
Tel. No. (Election Office) – 06562-231046
E-mail ID –electionpalamu1@gmail.com

**कोटेशन**

मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 01 / बजट–10–07 / 2022–4070 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में जिला निर्वाचन कार्यालय पलामू में लोकसभा एवं विधानसभा से संबंधित निर्वाचन कार्यो के प्रभावी ढंग से सम्पादन एवं निरीक्षण कार्य के उपयोग हेतु दिसम्बर 2024 तक के लिए एक बोलेरो वाहन ड्राईवर सहित बाह्य स्त्रोत से लिया जाना है। इच्छुक बाह्य स्त्रोत संस्था दिनांक 18.10.2023 तक कार्यालय अवधि में जिला निर्वाचन कार्यालय, पलामू (EVM Warehouse Daltonganj) में अपना कोटेशन विहित प्रपत्र में जमा करा सकते है।

नियम व शर्ते वेब साइट palamu.nic.in से प्राप्त कर सकते है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, पलामू।

PR 308612 (Palamu) 23-24 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या RDD/SD/LOHARDAGA/E-14/2023-24 जिसका पी0 आर0 सं0 PR No. 307280 Lohardaga (23-24)D है, को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
लोहरदगा

PR 308601 Lohardaga (23-24)_D

## युद्ध तेज

### इजराइल ने हमास के विरुद्ध जंग का किया ऐलान, पीएम ने कहा-

# 'दुश्मन को ऐसी कीमत चुकाएगा, उसने कभी सोचा नहीं होगा'

**एजेंसी। फिलिस्तीनी**



फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास ने शनिवार को इजरायल के खिलाफ एक नए सैन्य अभियान की घोषणा की और पिछले साल मई के बाद पहली बार गाजा पट्टी से यहूदी राज्य की ओर मिसाइलों की ताबड़तोड़ बौछार कर दी, जिसमें अब तक एक इजरायली महिला समेत 6 लोगों की मौत हो गई है और सैंकड़ों अन्य लोग घायल हो गए हैं। इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायल से कहा है कि वह गाजा पट्टी पर शासन करने वाले हमास आतंकवादियों के साथ युद्ध में है। गाजा पट्टी के हमास शासकों द्वारा शनिवार को भोर में इजराइल पर एक बड़ा, बहु-मोर्चा हमला शुरू करने के बाद टेलीविजन संबोधन में नेतन्याहू की यह पहली टिप्पणी है। उन्होंने जलाशयों को बुलाने का आदेश दिया और वादा किया कि हमास ऐसी कीमत चुकाएगा जो उसे अब तक नहीं पता था। नेतन्याहू ने कहा, 'ऑपरेशन' नहीं, 'राउंड' नहीं, बल्कि युद्ध। प्रधान मंत्री ने सेना को हमास के आतंकवादियों के घुसपैठ वाले शहरों को खाली करने का भी आदेश दिया, जो इजरायली सैनिकों के साथ गोलीबारी में बंद थे। हमास ने शनिवार को इजराइल पर हजारों रॉकेट दागे और देश की भारी किलेबंदी वाली सीमा के पार दर्जनों लड़ाके भेजे, यह एक विशाल बल प्रदर्शन था जिसने इजराइल को एक प्रमुख छुट्टी पर सतर्क कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, जैसे ही समूह ने रॉकेट हमलों की जिम्मेदारी ली, हमास नेता मोहम्मद अल-दीफ ने इजरायल के खिलाफ नए अल-अक्सा बाढ़ सैन्य अभियान की शुरूआत की घोषणा की। फि लिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, अलगाव बाड़ के पास विस्फोटों की एक श्रृंखला सुनी गई क्योंकि इजराइल की आयरन डोम प्रणाली ने आने वाले रॉकेटों को रोकने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो साझा किए, जिनमें गाजा पट्टी के विभिन्न इलाकों से कई रॉकेट लॉन्च किए जाते दिख रहे हैं। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि पिछले आधे घंटे में गाजा पट्टी से रॉकेट दागे गए, देश के दक्षिण और केंद्र में इजरायली जनता से संरक्षित क्षेत्रों के पास रहने और होम फ्रंट कमांड के आदेशों का पालन करने का आह्वान किया गया। इस बीच, इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने हमास की सहायता करते हुए ₹एक गंभीर गलती की और उनके देश के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया।

**प्रधान मंत्री ने सेना को हमास के आतंकवादियों के घुसपैठ वाले शहरों को खाली करने का भी आदेश दिया**

### जैसे को तैसा: अब अमेरिका ने रूस के 2 राजनयिकों को देश से निकाला

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने पिछले महीने मॉस्को से दो अमेरिकी राजनयिकों के निष्कासन के जवाब में जैसे को तैसा जवाब में वाशिंगटन से दो रूसी राजनयिकों को निष्कासित करने का आदेश दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि उसने रूस द्वारा अमेरिका के दो राजनयिकों को उस रूसी नागरिक के साथ संपर्क के कारण अवांछित व्यक्ति घोषित करने के जवाब में यह कदम उठाया है, जो रूस के सुदूर-पूर्वी शहर व्लादिवोस्तोक में बंद हो चुके अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के लिए काम करता था और जिसे इस साल गिरफ्तार कर लिया गया था। मिलर ने एक बयान में कहा, मंत्रालय रूस की सरकार द्वारा हमारे राजनयिकों के उत्पीड़न को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। मॉस्को में हमारे दूतावास कर्मियों के खिलाफ किसी भी अस्वीकार्य कार्रवाई के परिणाम होंगे।" अमेरिका ने रूसी राजनयिकों को निष्कासित करने का फैसला ऐसे समय में लिया है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

पत्रांक 1597 / ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰,चतरा, दिनांक–06.10.2023

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/CHATRA/17/2023-24 में वर्णित कार्य नगर परिषद अन्तर्गत (चतरा शहर में) 1950 सोलर एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन जिसका PR 308048 Rural Development (23-24)#D द्वारा प्रकाशित निविदा में कार्य पूर्ण करने की अवधि छः (06) माह के स्थान पर तीन (03) माह पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष
प्रमण्डल, चतरा

PR 308598Rural Development(23-24)#D

## एक नजर इधर भी

### श्रद्धा की अभिव्यक्ति ही श्राद्ध

*श्रद्धा* भाव है और श्राद्ध कर्म। श्रद्धा मन का प्रसाद है। पतंजलि ने श्रद्धा को चित्त की स्थिरिता या अक्षोभ से जोड़ा है। श्रद्धा की अभिव्यक्ति श्राद्ध है। भारत में पूर्वजों पितरों के प्रति श्रद्धा की स्थाई भावना है। हम भारतवासी पूर्वजों के प्रति प्रतिपल श्रद्धालु रहते हैं लेकिन नवरात्रि उत्सवों के 15 दिन पहले से पूरा पखवारा पितर पक्ष कहलाता है। लोकमान्यता है कि इस पक्ष में पूर्वज पितर आकाश लोक आदि से उतरकर धरती पर आते हैं। हम सब पूरे वर्ष व्यस्ते रहते हैं। इसी में 15 दिन पितरों के प्रति गहन श्रद्धा का प्रसाद सुख निराला है। वैदिक निरूक्त में श्रत और श्रद्धा को सत्य बताया गया है। पितरों का आदर प्रत्यक्ष मानवीय गुण है। पिता और पूर्वज हमारे इस संसार में जन्म लेने का माध्यम हैं। वे थे, इसलिए हम हैं। वे न होते, तो हम न होते। उन्होंने पालन पोषण दिया। स्वयं की महत्वाकांक्षाएं छोड़ी। उन्होंने हमारी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए तमाम कर्म किये। वे सदा सर्वदा नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय विद्वानों ने श्रद्धा भाव को श्राद्ध कर्म बनाया। पिता, पितामह और प्रपितामह के लिए अन्न भोजन जल आदि के अर्पण तर्पण का कर्मकाण्ड बनाया। श्रद्धा है कि अर्पित किया गया भोजन पितरों को मिलता है। वे प्रसन्न होते हैं और सन्तति को सभी सुख साधन देते हैं। लेकिन तमाम कर्मकाण्ड आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण की संगति में नहीं आते। वे अंधविश्वास जान पड़ते हैं। लेकिन कर्मकाण्ड निरूद्देश्य नहीं होते। सभ्य समाज में पितरों का आदर होता ही है, होना भी चाहिए। श्राद्धकर्म को लेकर चलने वाली बहस पुरानी है। मत्स्य पुराण (19.2) में प्रश्न है कि श्राद्ध का भोजन पुरोहित या अग्नि को अर्पित होता है, क्या वह मृत पूर्वजों द्वारा खाया जाता है? जो मृत्यु के बाद अन्य शरीर धारण कर चुके होते हैं? 'इस प्रश्न का उत्तर भी दिया गया है, 'पिता, पितामह और प्रपितामह को वैदिक मंत्रों में क्रमशः वसु, रूद्र और आदित्य देव के समान माना गया है। वे नाम परिचय सहित उच्चारण किये गये मंत्रों आहुतियों को पितरों के पास ले जाते हैं। यदि पितर सत्कर्म के कारण देवता हो गये हैं तो वह भोजन आनंद रूप में उनके पास पहुंचता है, यदि पशु हो गये हैं तो भोजन घास हो जाता है यदि सर्प जैसे रेंगने वाली योनि में हैं तो यह भोजन वायु आदि के रूप में उन्हें मिलता है।' मत्स्य पुराण का यह उल्लेख महत्वपूर्ण है। यहां आये प्रश्न तत्कालीन समाज के ही तर्क हैं। उत्तर श्राद्ध समर्थकों के स्पष्टीकरण माने जा सकते हैं। असल में श्रद्धा कर्म परम्परा पुरानी है और पुर्नजन्म मान्यता भी। ऋग्वेद में भी पुर्नजन्म का उल्लेख है। संतानों द्वारा प्रेषित भोजन पितरों तक पहुंच जाने के सिद्धांत का मूल श्रद्धा है। पुर्नजन्म सिद्धांत के कारण आत्मा के नये शरीर धारण की बात आई। आर्य समाज श्राद्धकर्म के पक्ष में नहीं है। उसने वैदिक दर्शन को प्रतिष्ठा दी। आर्य समाज ने ऋग्वैदिक पितरों को मृत नहीं माना। उन्हें जीवित वानप्रस्थी बताया। शतपथ ब्राह्मण में मंत्र है 'यह भोजन पिता जी आपके लिए है।' याज्ञवल्क्य की व्यवस्था है 'वसु, रूद्र और आदित्य हमारे पितर हैं। वे श्राद्ध के देवता हैं। पितरों का ध्यान वसु रूद्र और आदित्य के रूप में ही करना चाहिए। वृहदारण्यक उपनिषद् में याज्ञवल्क्य ने शाकल्य को रूद्र और वसु का अर्थ समझाया है। यहां पृथ्वी, आकाश आदि वसु हैं, प्राण, इन्द्रियां मन आदि रूद्र हैं। आदित्य प्रकाश हैं। यहां प्रकृति की शक्तियों के प्रति पितर श्रद्धा है। ऋग्वेद के दसवें मण्डल (सूक्त 14) में मृत पितरों पर रोचक विवरण हैं। कहते हैं 'यम (नियम) व्यवस्था को कोई बदल नहीं सकता। जिस मार्ग से हमारे पूर्वज गये हैं, उसी मार्ग से सभी मनुष्य जायेंगे। अन्ततः सबको यम के पास जाना ही पड़ता है।' मृत पिता से कहते हैं 'जिस पुरातन मार्ग से पूर्वज पितर गये हैं, आप भी उसी से गमन करें।' फिर यज्ञ कर्म की चर्चा है। यम से प्रार्थना है कि 'आप अंगिरा आदि पितरजनों सहित हमारे यज्ञ में आएं।' आगे (सूक्त 15) पितरों को नमस्कार निवेदन करते हैं, जो पितामह आदि पितर पूर्वज या उसके बाद मृत्यु को प्राप्त पितर हैं, या जो फिर से उत्पन्न हो गये हैं।

■ हृदयनारायण दीक्षित

# शौर्य का पर्याय भारतीय वायुसेना

*भारतीय* वायुसेना के शौर्य पर हम भारतीय नागरिक जितना चाहें गर्व कर सकते हैं। देश आठ अक्टूबर को वायुसेना स्थापना दिवस के रूप में मनाता है। इसकी स्थापना 1932 में आठ अक्टूबर को हुई थी। तब तो अंग्रेजी हुकूमत के दिनों में इसे रायल इंडियन एयरफोर्स कहा जाता था। भारतीय वायुसेना को उसके कार्यों और देश की मजबूत सुरक्षा में योगदान के लिए हमेशा याद रखा ही जाना चाहिए। भारतीय वायुसेना की शक्ति सारे देश और देशवासियों को आश्वस्त करती रहती है। जब भी दुश्मन ने भारत पर हमला किया तो वायुसेना ने सेना के बाकी अंगों के साथ मिलकर शत्रु की गर्दन में ऐसा अंगूठा डाला है जिससे उसकी जान निकल गई है। भारतीय वायुसेना के गौरवमयी इतिहास से सारा देश परिचित है। अगर बात 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध से शुरू करें तो फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों की याद आना स्वाभाविक है। वे उस वक्त राजधानी के रेस कोर्स स्थित एयर फोर्स स्टेशन में ही रहते थे, जब 1971 की जंग छिड़ी थी। वे भारत की जंग में विजय के नायकों में से थे। उस जंग के लिए 14 दिसम्बर 1971 का दिन खास था। उस दिन फ्लाइंग ऑफिसर सेखों ने पाकिस्तान के दो लड़ाकू सेबर जेट विमानों को ध्वस्त कर दिया था। उन्हें उस जंग में अदम्य साहस के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से नवाजा गया था। फ्लाइंग अफसर निर्मलजीत सिंह सेखों का जन्म पंजाब के लुधियाना जिले में 1946 में हुआ था। 1967 में बतौर पायलट वायुसेना में शामिल हुए। 1971 में पाकिस्तानी वायुसेना ने जब श्रीनगर हवाई अड्डे पर हमला किया तब सेखों ने एक जेट से चार पाकिस्तानी सेबर जेट का मुकाबला कर दो को नेस्तनाबूद कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी थी। उसी दौरान मात्र 26 वर्ष की उम्र में वीरगति को प्राप्त हुए। जिन्होंने अपनी शादी का जश्न मनाने के लिए मैदान-ए-जंग को चुना। यदि भारत ने 1971 की जंग में पाकिस्तान की कमर तोड़ डाली थी, तो इसका कहीं न कहीं श्रेय एयर चीफ मार्शल इदरीस हसन लतीफ को भी जाता है। वे 1971 के युद्ध के दौरान एयर वाइस मार्शल के पद पर थे। वे जंग के समय शत्रु से लोहा लेने की रणनीति बनाने के अहम कार्य को अंजाम दे रहे थे। लतीफ लड़ाकू विमानों के उड़ान भरने, युद्ध की प्रगति तथा यूनिटों की आवश्यकताओं पर भी नजर रख रहे थे। लतीफ शिलांग स्थित पूर्वी सेक्टर में थे जब पाकिस्तान ने हथियार डाले थे। दिल्ली कैंट में उस महान योद्धा के नाम पर एक सड़क भी है। एयर चीफ मार्शल इदरीस हसन लतीफ का देश के पहले गणतंत्र दिवस से एक अलग और खास संबंध रहा। दरअसल उन्हीं के नेतृत्व में उस गणतंत्र दिवस पर फ्लाई पास्ट हुआ था जिसे देखकर देश मंत्रमुग्ध हो गया था। देश ने पहले कभी लड़ाकू विमानों को अपने सामने कलाबाजियां खाते नहीं देखा था। लतीफ तब स्क्कवाड्रन लीडर थे। वे और उनके साथ हॉक्स टैम्पेस्ट लड़ाकू विमान उड़ा रहे थे। तब लड़ाकू विमानों ने वायुसेना के अंबाला स्टेशन से उड़ान भरी थी। लतीफ ने 1948 और 1965 की जंग में भी सक्रिय रूप से भाग लिया था। लतीफ के एयर फोर्स चीफ के पद पर रहते हुए वायुसेना का बड़े स्तर पर आधुनिकीकरण हुआ। उन्होंने जगुआर लड़ाकू विमान की खरीद करने के लिए सरकार को मनाया था। वायुसेना दिवस के अवसर पर भारतीय वायुसेना के पहले एयर चीफ मार्शल सुब्रतो मुखर्जी का स्मरण करना भी आवश्यक है। उनको फादर ऑफ द इंडियन एयर फोर्स कहा जाता है। सुब्रतो मुखर्जी के पिता सतीश चंद्र मुखर्जी आईसीएस अफसर थे। सुब्रत मुखर्जी 1932 में वायुसेना में शामिल हुए। उन्होंने दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान भाग लिया। भारत की आजादी के बाद वे भारतीय वायुसेना के आधुनिकीरण में अहम रोल अदा किया। वे एक जाबांज पायलट थे। एयर चीफ मार्शल सुब्रतो मुखर्जी का आठ नवंबर, 1960 को टोक्यो में खाना खाते समय निधन हो गया था। उनके शव को दिल्ली लाया गया और पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उसके बाद ही उनके नाम पर आज का सुब्रतो पार्क बना। यहां पर एयरफोर्स से जुड़े विभिन्न स्कूल, दफ्तर और आवास हैं। उनके जीवनकाल में ही राजधानी में एयरफोर्स स्कूल 1955 में खुल गया था। इसका उदघाटन भी एयर चीफ मार्शल सुब्रत मुखर्जी ने ही किया था। इस स्कूल को खोलने का मकसद यह था ताकि एयर फोर्स से जुड़े लोगों के बच्चों को उच्चस्तरीय शिक्षा उनके घरों के पास ही मिल जाय। इस तरह, भारतीय वायुसेना के लिए 23 अकबर रोड का भी अत्यंत खास स्थान है। भारतीय वायुसेना के एयर चीफ मार्शल राजधानी के 23 अकबर रोड के बंगले में रहते हैं। देश की स्वंतत्रता से पहले ही 23 अकबर रोड को वायुसेना प्रमुख का आवास बना दिया गया था। इसमें अंतिम रायल इंडियन एयर फोर्स के एयर वाइस मार्शल मेरिडिथ थामस भी रहे थे। 23 अकबर रोड को एयर फोर्स हाउस भी कहते हैं। इस लुटियन बंगले में सन 1947 के बाद अर्जन सिंह, सुब्रतो मुखर्जी, इदरीस हसन लतीफ, पीसी लाल, एनएके ब्राउन जैसे वायुसेना के प्रमुखों का निवास स्थान रहा। अर्जन सिंह बताते थे कि वे एयरफोर्स हाउस में पहली मर्तबा जनवरी,1945 को गए थे। वे दूसरे विश्व युद्ध से लौटे थे। वे तब इस बंगले में एयर वाइस मार्शल मेरिडिथ थामस से मुलाकात करने के लिए गये थे। अर्जन सिंह इसमें 1964 से 1969 तक रहे। वे इस दौरान भारतीय वायुसेना के प्रमुख थे। एयरफोर्स हाउस में वायुसेना प्रमुख हर साल आठ अक्टूबर को वायुसेना दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री वगैरह भाग लेते हैं। एयर हाउस में ही रहने का सौभाग्य 1971 की जंग के एक नायक एयर चीफ मार्शल पीसी लाल को भी मिला। दूसरे विश्वयुद्ध से लेकर 1971 की जंग को पीसी लाल ने देखा था।

**1967 में बतौर पायलट वायुसेना में शामिल हुए। 1971 में पाकिस्तानी वायुसेना ने जब श्रीनगर हवाई अड्डे पर हमला किया तब सेखों ने एक जेट से चार पाकिस्तानी सेबर जेट का मुकाबला कर दो को नेस्तनाबूद कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी थी। उसी दौरान मात्र 26 वर्ष की उम्र में वीरगति को प्राप्त हुए। जिन्होंने अपनी शादी का जश्न मनाने के लिए मैदान-ए-जंग को चुना।**

इन दिनों



आर.के.सिन्हा

# राज्यों में चुनाव बनाम मुफ्त की घोषणाओं की बारिश

*वैश्विक* स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में लगभग प्रतिवर्ष चुनावी पर्व होता ही रहता है। परंतु पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि राज्य स्तरपर किसी राज्य में विधानसभा चुनाव की संभावना का पता उस राज्य की जनता को ही नहीं पूरे विश्व को चल जाता है कि इस राज्य में चुनावी मौसम की घटनाएं घट रही है। वह ऐसे कि कुछ अवधि पूर्ण से ही राजनेता अपनी-अपनी बिसात बिछाना शुरू कर देते हैं। ताबड़तोड़ दौरे, जन भागीदारी को महत्व, जनसंपर्क, जनता की गतिविधियों में शामिल होना शुरू कर देते हैं क्योंकि इसका दूरगामी परिणाम चुनाव में देखने को मिल जाता है। परंतु अभी हम देख रहे हैं कि एक नई प्रथा शुरू हो गई है, मुफ्त की घोषणायें! जिसमें इतने यूनिट बिजली फ्री, गैस सिलेंडर लैपटॉप वाईफाई इंटरनेट कोविड से लेकर अभी तक राशन फ्री इत्यादि अनेक प्रकार की मुफ़्त घोषणाओं का परचम लहराया जाता है। आज अगर वह पार्टी सिलेंडर 600 में देने की घोषणा कर दी है तो यह पार्टी 500 में देने की घोषणा कर रही है। वह महिलाओं को इतने हजार फ्री देने की घोषणा कर रहे हैं तो यह इतने हजार फ्री देने की घोषणा कर रही है, ऐसे में जनता जनार्दन को चुनावी पर्व में आनंद आना स्वाभाविक बात भी है। इसके अतिरिक्त चुनाव से एक दिन पहले भी रात को प्रसिद्ध पुरानी कहावत कत्ल की रात आई यह भी बोलते हैं, क्योंकि उस रात जनता पर हरों की बारिश भी होती है। यह मैंने स्वयं ने भी अपने पड़ोस में अपनी आंखों से देखा है किस तरह कार्यकर्ता थैली में लेकर आते हैं और जितने घर के मेंबर उतने हरे देकर जाते हैं! खैर यह तो अंदर की बात है, परंतु यह मुफ्त की घोषणायें वर्तमान में ही नहीं इसकी प्रथा 1954 से देखने को मिल रही है, जिसकी चर्चा हम नीचे पैरा में करेंगे। चूंकि अभी दो राज्यों में चुनाव आयोग ने सर्वे कर लिया है, तारीखें घोषित करने के लिए उच्च स्तरीय सभा हो गई है उम्मीद है बहुत जल्द तारीखें घोषित हो जायेगी। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में 70 वर्षों से जारी चुनावी फ्री स्कीम्स को बंद करने का स्थाई समाधान ढूंढना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम सीईओ के विचारों और पांच राज्यों में चुनाव तारीखों की करें तो, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ने गुरुवार को कहा था कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। देश के पांच राज्यों में अगले महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव की तारीख का एलान अभी नहीं हुआ है, लेकिन कहा जा रहा है कि इसको लेकर अहम जानकारी सामने आई है। कहा जा रहा है कि नवंबर के दूसरे हफ्ते और दिसंबर के पहले हफ्ते के बीच पांच राज्यों में चुनाव कराये जा सकते हैं। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, वो राज्य हैं- राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम। विधानसभा चुनाव की तारीखों को लेकर दिल्ली में पर्यवेक्षकों की अहम बैठक हो गई है। इस बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त के अलावा दोनों चुनाव आयुक्त भी शामिल थे। साथ हीजनरल ऑब्जर्वर, एक्सपेंडिचर और सिक्योरिटी ऑब्जर्वर भी मौजूद थे। अगले हफ्ते चुनाव की तारीखों का एलान हो सकता है। मीडिया में एक रिपोर्ट केमुताबिक राजस्थान, मध्य प्रदेश, मिजोरम और तेलंगाना में एक चरण में चुनाव हो सकते हैं। पिछली बार भी इन राज्यों में एक ही चरण में मतदान हुआ था। वहीं, छत्तीसगढ़ में दो चरणों में चुनाव कराये जाने की संभावना है। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसंबर को खत्म हो रहा है। वहीं, तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में खत्म होगा। साथियों बात अगर हम दो राज्यों में मुफ्त घोषणाओं पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दाखिल करने और नोटिस जारी होने की करें तो, मध्य प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों की तरफ से चुनाव से पहले की जा रही घोषणाओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दोनों राज्य सरकारों केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। मुफ्त की घोषणाओं पर पहले से लंबित याचिका के साथ इस मामले को भी जोड़ा गया है। याचिकाकर्ता का कहना था कि चुनावी लाभ के लिए बनाई जा रही योजनाओं से आखिरकार आम लोगों पर ही बोझ पड़ता है राजस्थान और मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले लोगों के लिए ऐसी योजनाओं का ऐलान किया जा रहा है, जिसमें उन्हें कैश दिया जाएगा। इसे फ्रीबीज भी कहा जा रहा है।

**साथियों बात अगर हम सीईओ के विचारों और पांच राज्यों में चुनाव तारीखों की करें तो, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ने गुरुवार को कहा था कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। देश के पांच राज्यों में अगले महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं।**

■ किशन भावनानीं गोंदिया

## है न विचित्र बात !

### देव आनंद के गोल्डी

**देव** आनंद का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। पूरे देश को अपने खास अंदाज से मोहित कर देने वाले देव आनंद सच में एक ऐसे प्रेम पुजारी थे जिन्होंने भारतीय सिनेमा में प्यार को रूमानियत के साथ-साथ शोखपन और असीम ऊर्जा प्रदान की। देव को देव आनंद बनाने में चार लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सबसे पहले चेतन आनंद फिर गुरुदत्त और राज घोसला और उसके बाद उनके छोटे भाई विजय आनंद यानी गोल्डी। जिद्दी (1948) देव की पहली सुपरहिट फाल्म थी जिसे बॉम्बे टॉकीज के लिए शाहिद लतीफ ने निर्देशित किया था के बाद 1949 में देव आनंद ने अपने बड़े भाई चेतन आनंद के साथ नवकेतन फिल्म्स नामक फिल्म कंपनी की स्थापना की। अफसर (1950) इस बैनर की पहली फिल्म थी जिसे चेतन आनंद ने निर्देशित किया था। नवकेतन की अगली फिल्म बाजी थी जिसे उनके मित्र गुरुदत्त ने निर्देशित किया। दरअसल गुरुदत्त, देव आनंद की पहली फिल्म हम एक हैं (1946) के सहायक निर्देशक और हम उम्र थे। इसलिए शीघ्र ही दोनों की अच्छी दोस्ती हो गई । दोनों ने आपस में यह वादा भी किया कि जब भी वे अपनी पहली फिल्म बनायेंगे तो एक-दूसरे को मौका अवश्य देंगे। आंधियां ( 1952), टैक्सी ड्राइवर (1954) और फंटूश (1956) के निर्देशन के बाद चेतन आनंद नवकेतन से अलग हो गये और उन्होंने अपनी निर्माण कंपनी हिमालय फिल्म के नाम से बना ली। इस दौरान राज घोसला ने और लोगों के लिए उनकी कुछ हिट फिल्में निर्देशित की। काला पानी (1958) का निर्देशन उन्होंने नवकेतन के लिए किया फिर वे गुरुदत्त के साथ व्यस्त हो गये। ऐसे में विजय आनंद की एंट्री नवकेतन में हुई । हालांकि टैक्सी ड्राइवर के निर्माण के समय विजय आनंद पहली बार नवकेतन से जुड़े। इस फिल्म के लिए उन्होंने संवाद लेखन का कार्य किया। विजय आनंद की पटकथा नौ दो ग्यारह (1957) से प्रभावित होकर देव आनंद ने उसके निर्देशन की जिम्मेवारी भी उनको सौंप दी। फिल्म बेहद सफल रही और उसके बाद तो नवकेतन की फिल्मों के निर्देशन की जिम्मेदारी विजय आनंद को मिल गई जिसे उन्होंने लंबे समय तक निभाया। विजय आनंद ने उनके लिए 10 फिल्मों का निर्देशन किया जिसमें चार फिल्में काला बाजार (1960 ), तेरे घर के सामने (1963), गाइड (1965) और ज्वैल थीफ (1967) का निर्देशन उन्होंने नवकेतन फिल्म्स के लिए किया और बाद में अपने बनाये बैनर नवकेतन इंटरप्राइजेज के लिए तेरे मेरे सपने (1971), छुपे रुस्तम (1973) और बुलेट (1976) का निर्माण किया। बीच में एक सुपरहिट फिल्म त्रिमूर्ति फिल्म के लिए थी जॉनी मेरा नाम (1970)। यह वह फिल्में हैं जिनसे संपूर्ण देव आनंद की छवि निर्मित होती हैं। देव आनंद को हंसते-गाते रोमांटिक प्रेमी बनाने में विजय आनंद की फिल्मों की विशेष भूमिका रही। उनके द्वारा गीतों को फिल्माये जाने का हुनर सबसे अलग और सबसे निराला था। यह शैली उन्होंने गुरुदत्त से सीखी थी। यह कुछ विशेष गीत हैं ... खोया खोया चांद..., रिमझिम के तराने लेकर आई बरसात...(काला बाजार) या फिर तेरे घर के सामने.... का गीत जो कुतुब मीनार पर फिल्माया गया था। वह दर्शकों का आज तक याद है। यह नवकेतन फिल्म्स की आखिरी ब्लैक एंड व्हाइट फिल्म थी। इसके बाद नकेतन की पहली रंगीन और ऑफबीट फिल्म गाइड का जिम्मा विजय आनंद को मिला। पहले देव आनंद यह फिल्म अंग्रेजी और हिंदी में साथ-साथ बनाना चाहते थे। हिंदी फिल्म का निर्देशन चेतन आनंद कर रहे थे लेकिन विदेशी निर्देशक के साथ बात न बनने के कारण यह फिल्म बंद हो गई । अंग्रेजी फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई। आखिरकार देव आनंद ने गोल्डी से बात की तब गोल्डी ने निर्देशन के साथ-साथ इसकी पटकथा व संवाद भी बदलने की बात कही। फिर तो यह ऐसी कालजयी फिल्म बनी जिसने भारतीय सिनेमा को नई ऊंचाई प्रदान की। वैल थीफ की सफलता के बाद आगे से प्रेम पुजारी (1970) के बाद नवकेतन की फिल्मों के निर्देशन का काम देव आनंद ने स्वयं संभाल लिया।

■ अजय कुमार शर्मा

# चुनावी रथ में ही क्यों सवार होती हैं जन-हित योजनायें

*आजादी* के अमृतकाल के पहले लोकसभा एवं पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की आहट अब साफ-साफ सुनाई दे रही है, राज्यों में चुनावी सरगर्मियां उग्र हो चुकी है। भारत के सभी राजनीतिक दल अब पूरी तरह चुनावी मुद्रा में आ गये हैं और प्रत्येक प्रमुख राजनैतिक दल इसी के अनुरूप बिछ रही चुनावी बिसात में अपनी गोटियां सजाने में लगे दिखाई पड़ने लगे हैं। जिन पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, उनमें राजस्थान सर्वाधिक महत्वपूर्ण बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बहुत पहले ही विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है, वे हर दिन किसी-न-किसी लुभावनी एवं जनकल्याणकारी योजना की घोषणा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा सहित विभिन्न योजनाओं की तरह अब उन्होंने प्रदेश के 240 राजकीय विद्यालयों को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रूपांतरित करने का ऐलान किया किया है। निश्चित ही एक आदर्श राज्य के रूप में गहलोत की योजनाओं की देशभर में चर्चा हो रही है, लेकिन क्या इन योजनाओं के बल पर वे पुनः सत्ता प्राप्त करने में सफल हो पायेंगे? असल में गहलोत का मुकाबला इस बार सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से होने जा रहा है। मोदी पहले सीकर एवं अब जोधपुर में जनता का मानस बदलने एवं राजस्थान के गहलोत सरकार के घोटालों को उजागर किया है। लोकलुभावन घोषणा एवं मुक्त की रेवड़ियां राजस्थान की तरह ही मध्यप्रदेश में शिवराजसिंह चौहान भी बांट रहे हैं, अभी तो इनके बल पर चुनाव जीते जा सकते हैं, लेकिन उन्हें पूरा करने के लिए दोनों ही प्रांतों की चुनी सरकारों को एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ेगा, क्योंकि राज्य की वित्तीय स्थिति उन्हें पूरा करने की अनुमति दे पायेंगी, इसमें संदेह है। जैसी गारंटियां, लोकलुभावन वादे एवं मुक्त की रेवड़ियां देने की परम्परा दक्षिण से शुरू हुई थी, वैसी ही अब देश के अन्य प्रांतों में वहां की सरकारें कर रही हैं। अभी हाल में दिल्ली नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी ने दस गारंटियां दी थीं। ये गारंटियां और कुछ नहीं लोकलुभावन वादे ही थे, जिन्हें जनकल्याण का नाम दिया गया है। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव से छह महीने पहले ही लोक कल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगा रखी है जिससे राज्य का चुनावी माहौल और गर्मा रहा है। निश्चित ही राजस्थान में लोकलुभावनी योजनाओं का जनता को लाभ मिला है, राजस्थान का कायाकल्प भी हुआ। गहलोत अपने राजनीतिक जीवन की सबसे चुनौतीपूर्ण पारी खेलते हुए एक कद्दावर नेता के रूप में सामने आ रहे हैं। लेकिन मतदाता के मन में ये योजनायें हैं या और कुछ? यह वक्त ही बतायेगा। लेकिन एक बात बहुत स्पष्ट है कि मतदाता अब ज्यादा जागरूक हुआ है तो गहलोत भी ज्यादा सर्तक, समझदार एवं चालाक हुए हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें बिछाने शुरू कर दिये हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ प्रतीत करेगा। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जायेगा प्रदेश की लगभग आठ करोड़ जनता को आजादी के अमृतकाल में। सभी नंगे खड़े हैं, मतदाता किसको कपड़े पहनायेगा, यह एक दिन के राजा पर निर्भर करता है। सभी इस एक दिन के राजा को लुभाने में जुटे हैं। कोई मुफ्तखोरी की राजनीति का सहारा लेकर चुनाव जीतने की कोशिश करने में जुटा है तो कोई गठबंधन को आधार बनाकर चुनाव जीतने के सपने देख रहा है। विधानसभा चुनावों की सरगर्मियां उग्रता पर है, इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प एवं चुनौतीपूर्ण होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह भाजपा की स्थिति को मजबूती देते हुए गहलोत सरकार को पछताड़े में लगे हैं। लेकिन भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह अपनी हार के कारणों को बड़ी गहराई से लेते हुए उन कारणों को समझने एवं हार को जीत में बदलने के गणित को बिठाने में माहिर है। गहलोत प्रखर नेता के रूप में न केवल भीतर संघर्ष कर रहे हैं बल्कि भाजपा को चुनौती देने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने दूरगामी सोच एवं राजनीतिक कौशल से अनेक प्रभावी योजनाओं को लागू किया है। आज राजस्थान एक 'आदर्श राज्य' के रूप में उभरा है या नहीं? यह देश के सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाले राज्यों में से एक है भी या नहीं है? यह विश्लेषण के विषय हैं। आज देश में राजस्थान की चर्चा सबसे अच्छी सड़कों, सबसे अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं, सबसे अधिक विश्वविद्यालयों व सबसे आगे बढ़ने वाले राज्य से अधिक गहलोत की योजनाओं के रूप में हो रही है और यह सब योजनाएं चुनावी रथ पर सवाल होकर जीत को सुनिश्चित करने की चेष्ठा है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन पांच राज्यों में जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश एवं प्रदेश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि 'अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।' राजस्थान के चुनाव का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी, यह समय के गर्भ में है। पर एक संदेश इस चुनाव से मिलेगा कि अधिकार प्राप्त एक ही व्यक्ति अगर ठान ले तो अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार, महंगाई, गरीबी, अशिक्षा, स्वास्थ्य आदि समस्याओं पर नकेल डाली जा सकती है। लेकिन देश एवं प्रदेश बनाने एवं विकास की ओर अग्रसर करने की बजाय सभी दल मुक्त रेवडियां बांट कर एक अकर्मण्य पीढ़ी को गढ़ने की कुचेष्टा करते हैं या येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीत का सेहरा अपने सीर पर बांधना चाहते हैं। कई बार तो ऐसी घोषणाएं भी कर दी जाती हैं, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं होता। उन्हें या तो आधे-अधूरे ढंग से पूरा किया जाता है या देर से अथवा उनके लिए धन का प्रबंध जनता के पैसों से ही किया जाता है। उदाहरणस्वरूप दिल्ली एवं कर्नाटक सरकार ने बिजली मुफ्त देने के वादे को पूरा करने के लिए बिजली महंगी कर दी या नई गलियां निकाल ली। इसी तरह पंजाब सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वैट बढ़ा दिया।

**अभी हाल में दिल्ली नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी ने दस गारंटियां दी थीं। ये गारंटियां और कुछ नहीं लोकलुभावन वादे ही थे, जिन्हें जनकल्याण का नाम दिया गया है। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव से छह महीने पहले ही लोक कल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगा रखी है जिससे राज्य का चुनावी माहौल और गर्मा रहा है। राजस्थान का कायाकल्प भी हुआ। गहलोत अपने राजनीतिक जीवन की सबसे चुनौतीपूर्ण पारी खेलते हुए एक कद्दावर नेता के रूप में सामने आ रहे हैं।**

■ ललित गर्ग

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट। - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# वायु सेना में पलामू का भी है योगदान

## आज पूरा देश वायु सेना दिवस मना रहा है



आज भारतीय वायु सेना दिवस पलामू सहित हमारे पूरे देश में धूमधाम से मनाई जा रही है। आज जिस तरह का देश प्रेम भारतीय सेनाओं में देखा जाता है वह और कहीं नहीं है। वैसे तो भारतीय पूरे साल देशभक्ति की गाथा गाते हैं, लेकिन 8 अक्टूबर का दिन सबके लिए बेहद खास होता है। क्योंकि इस दिन भारतीय वायु सेना दिवस मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष वायु सेना की वर्षगांठ बड़े ही अनोखे अंदाज में मनाया जाता है। इसमें तीनों सेनाओं के प्रमुख उपस्थित रहते हैं। भारतीय रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और प्रधानमंत्री जैसे अन्य बड़े नेता भारतीय वायुसेना दिवस पर जवानों का पराक्रम देखने के लिए उपस्थित रहते हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर इंडियन एयर फोर्स के जांबाज सैनिक एक साथ परेड करते हैं। आसमान में वायु सेना के जवान अपने फाइटर जेट्स और अन्य हवाई विमानों की प्रदर्शनी करके आकाश में ही भारतीय तिरंगा लहराते हैं। भारतीय वायुसेना दिवस के दिन भारत के राष्ट्रीय चैनल दूरदर्शन के अलावा दूसरे टीवी चैनल पर भी इस कार्यक्रम में परेड को दिखाते हैं। सुरक्षा के लिए जितने भी नए हथियार वायु सेना के लिए आयात करवाए जाते हैं। उन्हें भी आज के इस खास कार्यक्रम में शामिल किया जाता है। भारतीय वायुसेना आज इतनी मजबूत हो चुकी है, कि अब पाकिस्तान और चाइना जैसे देश एक बार कोई भी हमला करने से पहले हजार बार सोचेंगे। जितने भी जांबाज अपनी जान अपने देश के लिए निछावर कर दिए उन सभी के बारे में जानकारी बड़े ही गर्व से दी जाती है। इस दिन देशभक्ति का कार्यक्रम जगह-जगह पर आयोजित किया जाता है। जिसमें लोग वायुसेना दिवस के अवसर पर भारत माता की जय कार करते हुए वायुसेना के बलिदानों को याद करते हैं। भारत की सीमाओं पर किसी भी प्रकार का संकट अगर आता है तो इसके लिए सबसे पहले भारतीय वायु सेना को पता चलेगा और किसी भी तरह के आतंकवादी गतिविधियों को भी सबसे पहले भारतीय वायु सेना देख सकती है और उसका बचाव कर सकती है। हमें यह पता चलता है कि हमारा देश कितना प्यारा है और हमारे देश में जितने भी सेना मौजूद हैं वह सब कहीं ना कहीं अपनी जान की परवाह न किए बगैर हम सबको सुरक्षित रखते हैं। इस दिन वीर सैनिकों के बलिदान और साहस को हम लोगों के द्वारा याद किया जाता है उन सैनिकों के द्वारा जीवन को दावों पर लगाकर देश के लिए जो समर्पित भाव थे। उन्हें याद कर इस दिन हर कोई गर्व महसूस करता और इसके अतिरिक्त भारत के वायुसेना के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भी वायु सेना दिवस मनाया जाता है। ज्यादा से ज्यादा लोगों तक भारतीय वायु सेना सहित अन्य सेना की बहादुरी की किस पहुंचे और के हमारे लिए इतनी महत्वपूर्ण क्यों है हम सभी को पता चले।

❖ उदय कुमार पंडित



## भारतीय सेना का भारत की भूमि पर महत्वपूर्ण योगदान

इंडियन एयर फोर्स को ही भारतीय वायुसेना भी कहा जाता है। हमारे भारत की आजादी के बाद ही भारतीय सेना का हमारे भारत की भूमि पर बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय वायु सेना के वजह से हम सभी लोग आज के समय बेफिक्र होकर कहीं आ और जा सकते हैं। अब तक इतिहास में जितने भी युद्ध हमारे देश की सुरक्षा के लिए हुए हैं उनमें से भारतीय वायु सेना के द्वारा बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। भारतीय वायुसेना में सबसे अच्छे वायु कर्मियों और लड़ाकू विमानों के बेड़े का दावा है। वास्तव में यह दुनिया की वायु सेनाओं के मुख्य उद्देश्य भारतीय हवाई क्षेत्र को सतर्क रूप से गश्त करना और स्थिति उत्पन्न होने पर हवाई युद्ध करना है। भारतीय वायुसेना, भारतीय सशस्त्र बलों की वायु सेना, भारतीय हवाई क्षेत्र को सुरक्षित करने के साथ-साथ किसी भी संघर्ष के दौरान हवाई युद्ध करने की अपनी मुख्य ज़िम्मेदारी है।दुनिया की प्रमुख वायु सेनाओं में से एक माना जाता है। भारतीय क्षेत्रों को सभी जोखिमों से बचाने, प्रभावित क्षेत्रों को प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सहायता प्रदान करने की ज़िम्मेदारी होती है। आज के समय भारतीय वायु सेना ना हो तो हमारे देश को बहुत सी मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि आजकल आतंकवादी कहीं से भी हमला कर देते हैं। ज्यादातर आसमान के माध्यम से वह लोग हमला करने के लिए तैयार रहते हैं। भारतीय वायुसेना हम सभी लोगों के लिए बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है और भारतीय वायु सेना अपने जान पर खेल कर हम सबकी सुरक्षा करती है। सभी संभावित खतरों से भारतीय हवाई क्षेत्र की रक्षा करना, सशस्त्र बलों की अन्य शाखाओं के साथ सामंजस्य स्थापित कराना और राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा भारतीय वायुसेना की प्राथमिक जिम्मेदारी है। भारतीय वायुसेना युद्ध के मैदान में भारतीय सेना के सैनिकों को हवाई समर्थन तथा सामरिक और रणनीतिक एयरलिफ्ट करने में भी सहयोग देती है। भारत में इस बल की शुरूआत के दिन भारतीय वायुसेना दिवस मनाया जाता है, ताकि वह जमीन पर लड़ रहे सेना की सहायता कर सके। भारत के वायु सेना का भारतीय सशस्त्र बल में बहुत महत्व है। इनका योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण है। भारत के वायु सेना के जांबाज सैनिक हवाई जहाज की सहायता से भारत की सीमा पर पहरेदारी करते हैं। हवाई सुरक्षा से आतंकी गतिविधियों पर भी निगरानी रखते हैं, ताकि देश पर आक्रमण होने से रोका जा सके। हमारे वायु सेना के सैनिक बिना अपनी जान की चिंता किए देश की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। युद्ध के दौरान यह फाइटर विमानों की मदद से सैनिकों की सहायता करते हैं। दुश्मन देशों के द्वारा हमारे देश पर आक्रमण करने वाले आक्रमणकारियों के अतिरिक्त हमारे देश के वायु सेना के जाबाज सैनिक प्राकृतिक आपदा में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

❖ सुरेन्द्र कुमार



भारत की आजादी से पहले भारतीय वायु सेना का नाम इंडियन एयर फोर्स नहीं था बल्कि रॉयल एयर फोर्स का नाम दिया गया था। लेकिन जब हमारा देश आजाद हुआ तब रॉयल इंडियन एयर फोर्स नाम हटाकर इंडियन एयर फोर्स रख दिया गया था। वायु सेना अंतर्राष्ट्रीय सीमा को निगरानी बहुत ही अच्छे से रखतीं है। भारतीय वायु सेना सबसे पहले 8 अक्टूबर 1935 को मनाया गया था। वहीं प्रत्येक वर्ष इसी दिन भारतीय वायुसेना दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय वायु सेना दिवस हर साल बहुत ही अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। भारतीय वायु सेना दिवस को मनाने का अंदाज बहुत ही अनोखा है। भारत के जितने भी सभी बड़े वायुसेना के स्थान है। वहां पर राष्ट्रपति के कार्यक्रम आयोजित कराए जाते हैं। इसी के साथ-साथ शौर्य पराक्रम का प्रदर्शन भी कराया जाता है। वायु सेना दिवस के लिए जो कार्यक्रम आयोजित होते हैं इसकी शुरूआत सर्वप्रथम राष्ट्रीय गान के साथ हमेशा किया जाता है। इस कार्यक्रम में तीनों सेना के प्रमुख सहित बड़े-बड़े नेता राष्ट्रपति शामिल होते हैं। भारत का वायु सेना भारत की सबसे गौरव वाली सेना होती है। क्योंकि इसके कारण हमारा देश हर दिन पूरी तरह से सुरक्षित रहता है। भारत का सशस्त्र बल तीन शखाओं में बंटा हुआ है। जिसमें से थल सेना, जल सेना और वायु सेना है। तीनों सेना भारत की रक्षा में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वायु सेना भी भारतीय शत्रु सेना का एक अलग और बहुत खास अंग होता है। दुश्मन आसमान से तेज पर हमला न करें। इसलिए यह सी व्यू चौकसी का बहुत ही महत्वपूर्ण काम करती है। भारत के वायु सेना को दुनिया का चौथा सबसे बड़ा वायु सेना कहा जाता है। वायु सेना हमारे भारत की सशस्त्र सेना होती है और यह बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती है। वायु सेना हमेशा वायु युद्ध और वायु सुरक्षा के द्वारा तैयार रहती है। आतंकवादी किसी भी तरीके का हमला हमारे देश में ना कर दे। हमारे देश की भलाई के लिए भारतीय वायुसेना हमेशा तट पर खड़ी रहती है। यह वायु सेना 24000 किलोमीटर तक की निगरानी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की बहुत अच्छे से रख सकती है। भारत की सीमाओं पर किसी भी प्रकार का संकट आया है या कोई आतंकवादी गतिविधि हुई है। उस समय भारतीय सेना ने एक दैवीय शक्ति के रूप में अपना परिचय दिया है। भारतीय वायुसेना के क्या उद्देश्य हैं? भारतीय वायु सेना को सभी खतरों से जो भी हमारी भारतीय सीमा पर होते हैं या अंतरराष्ट्रीय सीमा पर होते हैं। उन सभी की हवाई क्षेत्र से रक्षा करता है।

### सबसे पहले 8 अक्टूबर 1935 को वायु सेना दिवस मना

❖ उर्मिला कुमारी

## आजादी से पहले अंग्रेजों ने वायु सेना को रॉयल इंडियन एयर फोर्स का नाम दिया था



भारतीय वायुसेना की स्थापना 8 अक्टूबर 1932 के दिन की गई थी। आज के दिन ही वायु सेना दिवस जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसी मौके को याद करते हुए हर साल इस दिन को भारतीय वायुसेना दिवस के रूप में मनाया जाता है। वायुसेना भारतीय सशस्त्र सेना का एक अंग है जो वायु युद्ध, वायु सुरक्षा, और वायु चौकसी का महत्वपूर्ण काम देश के लिए करती है। भारतीय वायु सेना हमारे भारत की सशस्त्र सेना होती है और यह बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती है वायु सेना हमेशा वायु युद्ध और वायु सुरक्षा के द्वारा तैयार रहती है ताकि वायु में कोई भी आतंकवादी किसी भी तरीके का हमला हमारे देश में ना कर दे हमारे देश की भलाई के लिए भारतीय वायुसेना हमेशा तट पर खड़ी रहती है। भारत की आजादी से पहले वायु सेना का नाम भारतीय वायु सेना या फिर इंडियन एयर फोर्स नहीं था आजादी से पहले अंग्रेजों ने वायु सेना को रॉयल इंडियन एयर फोर्स का नाम दिया था लेकिन आजादी के बाद इस नाम को पूरी तरह से बदल दिया गया और इंडियन एयर फोर्स का नाम दिया गया। भारतीय वायु सेना पूरी दुनिया की सबसे बड़ी चौथे नंबर की वायु सी कहलाती है। जिसकी मदद से हमारा भारत देश पूरी तरह से सुरक्षित हो पता है। हमारा भारत की वायु सेना में सबसे अच्छी तरह से वायु कर्मियों और लड़ाकू विमान में निपुण होने का दावा किया है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत की सीमा को हवाई क्षेत्र से गश्त करना और किसी भी असंवैधानिक गतिविधि को रोकने के लिए हवाई युद्ध करना। इस दिन इंडियन एयर फोर्स के जांबाज सैनिक परेड करते हैं। आसमान में फाइटर जेट्स और अन्य हवाई विमानों का प्रदर्शन करते हैं। आकाश में भी भारत के तिरंगे को भी लहराते हैं, जिसका दृश्य इस कार्यक्रम में उपस्थित हर लोगों में राष्ट्रीय भावना जागृत कर देती हैं। इस दिन के कार्यक्रम और परेड भारत के राष्ट्रीय चिन्ह और अन्य न्यूज चैनल व अखबारों में छपा व देखा जा सकता है। इस दिन वायु सेना के लिए जो भी सुरक्षा की दृष्टि से नए हथियार आयात करवाए जाते हैं, उन्हें भी कार्यक्रम में शामिल किया जाता है। भारतीय वायु सेना दिवस के दिन लड़ाकू विमानों और अन्य उपकरणों की प्रदर्शनी भारतीय वायु सेना दिवस के दिन अब तक युद्ध में इस्तेमाल किए गए और इस्तेमाल किए जाने वाले लड़ाकू विमानों एवं अन्य उपकरणों के गैलरी डिस्प्ले को रखा जाता है ताकि दर्शकगण भी वायु सेना में युद्ध के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरणों से परिचित हो सके। यहां पर प्रत्येक उपकरणों का किस तरीके से उपयोग किया जाता है, उसका भी विवरण दिया होता है। इस दिन विभिन्न मिशन के लिए लॉन्च किए जाने वाले एयरक्राफ्ट भी लगाए जाते हैं। यहां पर प्रत्येक मशीनों के आसपास वायु सेना कार्मिक भी मौजूद होते हैं, जो मशीनों के उद्देश्य की व्याख्या करते हुए यह दिवस मनाया जाता है।

❖ बजरंगी कुमार

## विश्व की सबसे मजबूत वायु सेना



भारतीय वायुसेना के सैनिक देश की सुरक्षा करने हमेशा अपनी मातृभूमि को प्राथमिकता देते हैं। भारतीय गौरव तथा एकता एवं सुरक्षा के लिए बलिदान देने वाले समस्त वायु सेना के जवानों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष भारतीय वायु सेना दिवस मनाया जाता है। हमारे देश की वायु सेना विश्व की सबसे मजबूत सेनाओं में से एक मानी जाती हैं। भारतीय वायु सेना अपनी हवाई जहाज की सहायता से भारत की सीमा सुरक्षा की हर तरह से पहरेदारी करती है और हवाई सुरक्षा से आतंकी गतिविधियों को भी देखने की निगरानी करती है ताकि हवाई आतंकी से वह लोग हमेशा तैयार रहते है। भारतीय वायुसेना में भर्ती होकर अपना बहुत ही बड़ा योगदान भी दिया है। भारतीय वायु सेना में जो सैनिक होते हैं। वह बहुत ही ईमानदार होते हैं और वह लोग छल कपट कीजिए या फिर हमारे भारत देश से धोखा बिल्कुल भी नहीं कर सकते हैं। अपने देश के लिए वह लोग अपना जान भी दे देते हैं। हवाई जहाज के माध्यम से पूरे देश के निगरानी रखने वाले भी होते हैं। भारत के वायु सेना का भारतीय सशस्त्र बल में बहुत ज्यादा महत्व है। भारतीय वायु सेना के बिना सशस्त्र बल पूरा नहीं हो सकता है। इनका योगदान बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण है। भारत के वायु सेना के जवाब सैनिक हवाई जहाज की सहायता से भारत की सीमा पर पहरेदारी करते हैं और कहीं ना कहीं उनकी पहरेदारी की वजह से ही हमारा भारत पूरी तरह से सुरक्षित हो पता है। हम सभी लोग चैन से रह पाते हैं। हवाई सुरक्षा से आतंकी गतिविधियों पर भी निगरानी रखी जाती है। देश पर आक्रमण होने से पहले ही भारतीय वायु सेना वाले जवाजों को पता चल जाए और उसे रोका जा सके। हमारे वायु सेना के सैनिक बिना अपनी जान की चिंता किए देश की रक्षा करते हैं और देश के सुरक्षा के लिए वह लोग हमेशा चाहे दिन हो चाहे आधी रात हो हमेशा तैयार रहते हैं। सभी युद्ध के दौरान यह फाइटर विमान की मदद से सैनिकों की सहायता भी की जाती है। दुश्मन देश के द्वारा हमारे देश पर आक्रमण करने वाले आक्रमणकारियों के अतिरिक्त हमारे देश के वायुसेना के जांबाज सैनिक प्राकृतिक आपदा में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में पीछे नहीं हटती है। भारतीय वायु सेना पति महत्वपूर्ण कार्य करती है और वह लोग किसी जांबाज सेना से कम नहीं होती है। जब भी देश में बाढ़ आती है उसे समय बाढ़ में फंसे लोगों को बचाना भारतीय वायु सेना का काम होता है और उन तक खाना पहुंचना उन्हें सुरक्षित घर पहुंचना यह सभी कार्य भारतीय वायु सेना द्वारा किया जाता है। भारतीय वायु सेना में न केवल पुरुष शामिल होते हैं बल्कि अब तो भारतीय सेना में महिलाएं भी अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

❖ कुमारी रिया

## घुसपैठ में आतंकवादियों को भगाने में महत्वपूर्ण भूमिका



आज तक जितने भी युद्ध स्वतंत्रता के पश्चात हुए हैं, उसमें भारतीय वायुसेना का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय वायुसेना दिवस इसलिए भी मनाया जाना आवश्यक है। क्योंकि इससे अतीत में वायु सेना के जवानों द्वारा दी गई सहादत के विषय में पता चलता है। तमाम युद्ध में वीरगति को प्राप्त होने वाले एयर फोर्स के जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए भारतीय वायुसेना दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है। हमारी वायु सेना के पराक्रम, वीरता, बलिदान तथा साहस को प्रदर्शित करने के लिए भारतीय वायु सेना दिवस बेहद खास दिन है। अपने जीवन को दांव पर लगाकर देश के लिए समर्पित रहने वाले सभी जवानों पर पूरे हिंदुस्तान को फक्र होता है। भारतीय वायु सेना को सभी खतरों से जो भी हमारे भारतीय सीमा पर होते हैं या अंतरराष्ट्रीय सीमा पर होते हैं उन सभी की हवाई चित्र से जरूर से रक्षा की जाती है। भारतीय वायु सेना समय-समय पर हर युद्ध के लिए तैयार रहती है इसमें कोई दोराय नहीं है। जब भी हमारे भारत देश की सीमा पर किसी भी तरह से कोई गुस्ताखी हुई है तो उस समय हमारे भारत वायु सेना के जवान तट पर हमेशा खड़े रहे हैं और उन सभी को मुंह तोड़ जवाब भी दी है। भारतीय वायु सेना की दूसरे देशों पर नजर बनाने के लिए तथा भारतीय सीमा में घुसपैठ में आतंकवादियों को भगाने में बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य करता है। यह हमेशा उन आतंकवादियों की गतिविधियों पर नजर रखता है। वहीं हवाई माध्यम के द्वारा हमारे देश को नुकसान पहुंचा सकते हैं। भारत में जब भी किसी भी तरीके की प्राकृतिक आपदा बाढ़ सुनामी आती है। उन सभी में लोगों के बचाव के लिए हमेशा भारतीय वायु सेना तैनात खड़े रहते हैं। वह सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुरक्षा प्रदान करने की कोशिश करते हैं। भारतीय वायु सेना बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लोगों का रिस्क कर उनको बचाकर और उन्हें उनके सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में बहुत ही सहायक होती है। भोजन सामग्री बाढ़ में फंसे लोगों तक पहुंचाने का भी काम भारतीय वायु सेना द्वारा ही करवाया जाता है।

❖ गुड्डू कुमार

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### प्रधानमंत्री ने बैठक में की लाल किले से की गई घोषणाओं की समीक्षा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले के भाषण में की गई घोषणाओं की समीक्षा के लिए शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इसकी जानकारी दी गई। पीएमओ के अनुसार अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में प्रधानमंत्री ने गरीबों और मध्यम वर्ग के आवास के लिए किफायती ऋण सुनिश्चित करने का उल्लेख किया था। इसी घोषणा के अनुरूप प्रधानमंत्री ने इस घोषणा को क्रियान्वित करने की तैयारियों की समीक्षा की। अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में प्रधान मंत्री ने घरों के लिए सौर ऊर्जा सुनिश्चित करने का उल्लेख किया था। प्रधानमंत्री ने इस योजना को क्रियान्वित करने की तैयारियों की समीक्षा की।

### सरकार की प्राथमिकता में नहीं है मनरेगा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) केन्द्र सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। मोदी सरकार मनरेगा के बजट को धीरे-धीरे कम कर इसे खत्म करना चाहती है। पार्टी महासचिव एवं मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि जहां एक तरफ अप्रैल से सितंबर 2023 के दौरान भारत में कुल बिकने वाली गाड़ियों में 48 फीसदी गाड़ियां एसयूवी थीं, वहीं दूसरी तरफ इस वित्त वर्ष के पहले 6 महीने में ही 2023-24 के लिए पूरे साल भर के मनरेगा बजट के 60,000 करोड़ रुपये खत्म हो चुके हैं। यह न सिर्फ देश भर में बढ़ रहे ग्रामीण संकट और असमानता को स्पष्ट रूप से इंगित करता है बल्कि मोदी सरकार की प्राथमिकताओं को भी दिखाता है, जो अनुचित ढंग से मजदूरी के भुगतान में देरी करके मनरेगा के तहत काम की मांग को दबा रही है। रमेश ने कहा कि काम की मांग को और कम करने के लिए मोदी सरकार ने पारदर्शिता के नाम पर डिजिटलाइजेशन के लिए मजबूर किया है।

### सिक्किम त्रासदी में मरने वालों की संख्या 27 हुई, 141 लापता

**गंगटोक।** सिक्किम में बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में आई बाढ़ ने राज्य में भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वालों की संख्या 27 तक पहुंच गई है, जबकि अभी 141 लोग लापता हैं। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने शनिवार सुबह 10 बजे ये आंकड़े जारी किए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक अब तक मंगन जिले में 4, गंगटोक जिले में 6 और पाकिम जिले में 17 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ का असर नामची जिले पर भी पड़ा है, लेकिन यहां किसी की मौत नहीं हुई है। रिपोर्ट में लापता लोगों की संख्या 141 बताई गई है।

### छात्रवृत्ति घोटाले में जीविका इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के चेयरमैन गिरफ्तार

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छात्रवृत्ति घोटाला मामले में जीविका इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी के चैयरमैन राम गोपाल को शनिवार को गिरफ्तार किया। पूछताछ के लिए कोर्ट ने राम गोपाल को सात दिन की ईडी की हिरासत में भेजने का आदेश दिया। ईडी ने एक्स पर बताया कि जीविका इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी के चेयरमैन राम गोपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह डॉ. भीमराव आम्बेडकर एजुकेशनल सोसाइटी के मैनेजर भी हैं।

## मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में अमित शाह बोले

# बच्चों में कुपोषण की समस्या को दूर करना सबकी जिम्मेदारी

**एजेंसी। नई टिहरी**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकार से बदलकर एक्शन प्लेटफार्म के रूप में कारगर साबित हुई है। उन्होंने यह बातें उत्तराखंड के नई टिहरी के नरेन्द्र नगर में मध्य क्षेत्रीय परिषद परिषद की 24वीं बैठक में कहीं। इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा सहकारी संघवाद की भावना को मजबूत करने पर बल दिया है और क्षेत्रीय परिषदों ने समस्याओं का समाधान निकालने, फाइनेंशियल इन्क्लूशन बढ़ाने और नीतिगत बदलावों में केटालिस्ट की भूमिका निभाई है। मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्य देश में कृषि, पशुपालन, अनाज उत्पादन, खनन, जल आपूर्ति और पर्यटन के प्रमुख केन्द्र हैं। इन राज्यों के बिना जलापूर्ति की कल्पना ही नहीं की जा सकती।




मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीम इंडिया के कांसेप्ट को जमीन पर उतारा है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि बच्चों में कुपोषण की समस्या को पूरी संवेदनशीलता के साथ दूर करना हम सबकी ज़िम्मेदारी है। आज की बैठक में निर्णय लिया गया कि लाख उत्पादन को रिवाइज्ड वेदर बेस्ट क्राप बीमा योजना में शामिल करने के लिए आईसीएआर इसका अध्ययन करेगा। इससे लाख उत्पादन से जुड़े किसानों को फायदा होगा। उन्होंने सहकारिता, स्कूली बच्चों की ड्रॉप आउट दर और कुपोषण जैसे मुद्दों को प्राथमिकता से बताते हुए सभी सदस्य राज्यों से इन पर खास ध्यान देने को कहा।


इस बैठक में कोदो और कुटकी उपज के मूल्य को रागी के एमएसपी के बराबर तय करने का भी निर्णय लिया गया। इस फैसले से देशभर, विशेषकर मध्य क्षेत्रीय परिषद के सदस्य राज्यों के करोड़ों किसानों को फायदा होगा। पांच किमी के दायरे में हर गांव तक बैंकिंग सुविधा, देश में 2 लाख नई पीएसीएस के गठन, रॉयल्टी और खनन संबंधित मुद्दों और वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित जिलों में बुनियादी सुविधाओं के निर्माण जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इसमें बताया गया कि 2004 से 2014 तक क्षेत्रीय परिषदों की 11 और स्थायी समितियों की 14 बैठकें हुईं, जबकि 2014 से 2023 तक क्षेत्रीय परिषदों की 25 और स्थायी समितियों की 29 बैठकें हुईं हैं। 2004 से 2014 के बीच कुल 570 मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें से 448 को सुलझा लिया गया है, जबकि 2014 से 2023 के बीच कुल 1315 मुद्दों पर चर्चा हुई जिनमें से 1157 मुद्दों को सुलझा लिया गया। बैठक में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ शामिल हुए।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया। बैठक में छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू और केन्द्रीय गृह सचिव, अंतर राज्य परिषद सचिवालय की सचिव, सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव और राज्य सरकारों तथा केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## हमने दशकों की क्षति और विनाश को समृद्धि में बदल दिया है : उपराज्यपाल

**एजेंसी। श्रीनगर**

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को श्रीनगर में यंग प्रेसिडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (वाईपीओ) -ग्रेटर इंडिया चैप्टर के सदस्यों के साथ बातचीत की और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में व्यापार के अवसरों पर चर्चा की। अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में जम्मू-कश्मीर के असाधारण परिवर्तन और कुछ वर्षों के भीतर इसकी अर्थव्यवस्था के सबसे तेज विस्तार पर प्रकाश डाला। उपराज्यपाल ने कहा कि हमने दशकों की क्षति और विनाश को समृद्धि में बदल दिया है। लोगों को अपनी शर्तों पर जीवन जीने के लिए एक माहौल बनाया, व्यवसायों और स्टार्ट-अप को फलने-फूलने के लिए उचित माहौल प्रदान किया और उद्यमियों को अपने विचारों को लाभदायक व्यवसायों में बदलने के लिए सही अवसर प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर आज सामाजिक-आर्थिक चमत्कार का भी पर्याय है। उन्होंने कहा कि यूटी विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के ढेर सारे अवसर प्रदान कर रहा है और निवेशकों को सर्वोत्तम प्रोत्साहन दे रहा है। बातचीत के दौरान उपराज्यपाल ने



सवालों के जवाब दिए और विभिन्न क्षेत्रों में दर्ज की गई अभूतपूर्व प्रगति को साझा किया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर अब वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर है। उन्होंने कहा कि इस साल सितंबर तक 1.67 करोड़ पर्यटकों ने केंद्र शासित प्रदेश का दौरा किया और पिछले साल की तुलना में विदेशी पर्यटकों की संख्या 350 प्रतिशत बढ़ गई है। उन्होंने देश के विकास में योगदान और समाज को लौटाने की अटूट प्रतिबद्धता के लिए युवा उद्योग जगत के नेताओं की सराहना की और उन्हें जम्मू कश्मीर की विकास यात्रा में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर उपस्थित वाईपीओ के सदस्यों और युवा उद्योग के दिग्गजों ने भी केंद्र शासित प्रदेश की अपनी यात्रा के अनुभव को साझा किया।

## बीस वर्षों में उच्च व सर्वोच्च न्यायालय में आधी जज महिलाएं हो सकती हैं

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने उम्मीद जताई है अगले दस या बीस वर्षों में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में महिला न्यायाधीशों की संख्या बढ़ जाएगी। उन्होंने अपने कोर्ट रूप में महाराष्ट्र के 75 नये न्यायिक अधिकारियों से मुलाकात की। इन न्यायिक अधिकारियों में 42 महिलाएं थीं। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि एक या दो दशक में सर्वोच्च व उच्च न्यायालयों की आधी जज महिलाएं हो सकती हैं। कहा कि पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान न्यायपालिका में लैंगिक समानता के लिए यह बदलते समय का संकेत है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, यह अब पूरे देश में न्यायिक अधिकारियों की भर्ती में एक चलन है। मुझे सभी को यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि महाराष्ट्र से अदालत कक्ष में मौजूद और सर्वोच्च न्यायालय का दौरा करने वाले नए बैच के 75 न्यायिक अधिकारियों में से 42



महिलाएं हैं। पांच सीधी भर्ती वाले जिला न्यायाधीश हैं, जिनमें से दो महिलाएं हैं। ट्रायल कोर्ट में न्यायिक अधिकारियों के बीच 35 प्रतिशत महिलाओं का होना एक अच्छा संकेत है। मुख्य न्यायाधीश ने संकेत दिया, हाल के दिनों में न्यायिक अधिकारियों की भर्ती से महिलाओं की संख्या अधिक होने का एक स्वस्थ रुझान सामने आया है।उन्होंने कहा, जैसा कि लैंगिक समानता जिला अदालतों में मजबूती से जड़ें जमा रही है, मुझे यकीन है कि एक या दो दशक में संवैधानिक अदालतों में महिलाओं का समान प्रतिनिधित्व देखा जाएगा।

### हमास हमले पर प्रधानमंत्री ने कहा

## इस कठिन समय में इजराइल के साथ एकजुटता से खड़े हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजा पट्टी के नजदीक हमास आतंकियों के हमले को लेकर इजराइल के साथ एकजुटता दशार्यी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर कहा, इजराइल में आतंकवादी हमलों की खबर से गहरा सदमा लगा है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। हम इस कठिन समय में इजराइल के साथ एकजुटता से खड़े हैं। उल्लेखनीय है कि गाजा पट्टी के नजदीक आज हमास आतंकियों ने इजराइल पर पहले रॉकेट से हमला किया। बाद में आतंकियों ने इजरायल में घुसपैठ भी की। इसमें अबतक 22 इजरायली नागरिकों के मारे जाने की सूचना है। इजराइल ने इसे युद्ध की संज्ञा देते हुए कड़े शब्दों में कहा है कि आतंकियों को इसकी कीमत चुकानी होगी। इसी बीच इजराइल में भारतीय दूतावास ने वहां रह रहे सभी भारतीयों को सजग रहने की सलाह दी है। उनका कहना है कि स्थानीय प्रशासन की ओर से जारी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जाना चाहिए। गैर जरूरी आवाजाही से बचना चाहिए। साथ ही आपात स्थिति में दूतावास से संपर्क किया जाए।

### लोस अध्यक्ष ने बलिराम भगत को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** लोस अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बलिराम भगत को उनकी जयंती पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने भी संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में बलिराम भगत के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## FILMY हलचल

### अक्षय कुमार की 'मिशन रानीगंज' ने पहले दिन कमाए 2.8 करोड़



**अक्षय** कुमार स्टारर 'मिशन रानीगंज' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। घोषणा के बाद से ही यह चर्चाओं में थी। यह फिल्म सरदार जसवन्त सिंह गिल के जीवन पर आधारित है। फिल्म की पहले दिन की कमाई सामने आ गई है। 'सैक्निल्क' की रिपोर्ट के मुताबिक, 'मिशन रानीगंज' ने पहले दिन 2.8 करोड़ की कमाई की है। अगर फिल्म को वीकेंड का फायदा मिलता है तो ये दो दिनों में बेहतर कलेक्शन बटोर सकती है। परिणीति चोपड़ा ने इस फिल्म में अक्षय कुमार की पत्नी का किरदार निभाया है। इसमें कुमुद मिश्रा, रवि किशन, पवन मल्होत्रा, लंकेश भारद्वाज, राजेश शर्मा भी हैं। यह फिल्म पश्चिम बंगाल के रानीगंज के एक खदान में फंसे 65 श्रमिकों को सरदार जसवंत सिंह गिल और अन्य लोगों द्वारा बचाने पर आधारित है। सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म में बड़ी स्टारकास्ट भी है। कई रोमांचकारी दृश्य भी हैं। फिल्म का बजट 55 करोड़ है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन औसत शुरूआत की है।

### राजवीर-पालोमा की फिल्म 'दोनों' ने कमाए सिर्फ 30 लाख रुपये

**सनी देओल** के छोटे बेटे राजवीर और पूनम ढिल्लों की बेटी पलोमा ने एक ही फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। उनकी पहली फिल्म 'दोनों' शुक्रवार (6 अक्टूबर) को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म का निर्देशन सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश बड़जात्या ने किया है। फिल्म की पहले दिन की कमाई सामने आ गई है। 'दोनों' एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। फिल्म का प्रमोशन आमिर खान, सलमान खान और अनुपम खेर ने किया था, लेकिन लगता है फिल्म को कुछ खास फायदा नहीं हुआ। फिल्म ने पहले दिन महज 35 लाख रुपये का कलेक्शन किया, जो कि बहुत कम है। फिल्म को ओपनिंग-डे पर 'मिशन रानीगंज' और भूमि पेडनेकर की 'थैंक यू फॉर कमिंग' से मुकाबला करना पड़ा। तीनों में से फिल्म दोनों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सबसे कम था।

### कंगना 'तेजस' का पूरा ज्यूकबॉक्स रिलीज कर मेकर्स ने फैंस को दिया शानदार सरप्राइज

**कंगना रनौत** स्टारर 'तेजस' भारतीय सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। फिल्म में कंगना एक बार फिर एक्शन और इंटेंस अवतार में वापसी कर रही है। हाल ही में जारी हुए टीजर ने सोशल मीडिया पर प्रशंसकों और दर्शकों से शानदार प्रतिक्रियाएं हासिल की। टीजर में कंगना का दमदार अवतार देखकर हर कोई हैरान है। टीजर के अलावा डायलॉग और टैगलाइन की सराहना हो रही है। फैंस को सरप्राइज करते हुए फिल्म निमार्ताओं ने ज्यूकबॉक्स लॉन्च किया है, जिससे हर कोई खुश है। टीजर पहले ही सोशल मीडिया पर धूम मचा चुका है।




ज्यूकबॉक्स एक्शन से भरपूर और देशभक्ति गीतों का खूबसूरत मेल है, ये यूट्यूब सहित लोकप्रिय प्लेटफार्मों पर विशेष उपलब्ध है। फैंस फिल्म के साउंडट्रैक को एंजॉय कर सकते हैं। जहां फिल्म देशभक्ति की थीम पर बेस्ड है, वहीं फिल्म के गाने थीम के साथ न्याय करते हैं। शानदार टीजर की तरह ज्यूकबॉक्स भी हर किसी में देशभक्ति की भावना जगाएगा। आरएसवीपी द्वारा निर्मित 'तेजस' में कंगना रनौत मुख्य भूमिका में हैं। सर्वेश मेवाड़ा द्वारा लिखित, निर्देशित और रोनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## मुद्दा

### जातिगत सर्वे को लेकर बिहार व अन्य राज्यों में राजनीति गरम

# पिछड़ों में 10 फीसदी अल्पसंख्यक समुदाय से

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

बिहार की नीतीश सरकार ने जो जातिगत सर्वे कराया व उसका रिपोर्ट जारी किया है, उसके बाद न केवल बिहार बल्कि अन्य राज्यों में भी राजनीतिक बहस छिड़ गई है। परेशान भाजपा की हालत यह है कि नीतीश सरकार पर गलत आंकड़े पेश करने का आरोप लगा रही है। जबकि बिहार के मुस्लिम नेता व पसमांदा के संस्थापक तथा पूर्व राज्यसभा सांसद अली अनवर ने इसपर खुशी जताते हुए कहा है कि बिहार जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट में पहचाने गए पिछड़े वर्गों में से 10% अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। इस सच्चाई को लंबे समय तक राजनीति के रहते छिपाया गया था। इस आंकड़े को लेकर भाजपा व मुसलमान नेताओं के अपने-अपने मत हैं। भाजपा वाले इसे भ्रमित करने वाला आंकड़ा बता रहे हैं ,जबकि दूसरी तरफ पूर्व राज्यसभा सांसद व ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के प्रमुख अली अनवर अंसारी का कहना है कि नए ईबीसी आंकड़े बताते हैं कि पिछड़े मुसलमानों की संख्या अच्छी खासी है, इससे उन्हें उनका हक मिलने में आसानी होगी।

बिहार सरकार ने जो आंकड़े पेश किए हैं उसके अनुसार बिहार की कुल आबादी 13 करोड़ है, इसमें 81.99 प्रतिशत हिंदू व 17.70 प्रतिशत मुसलमान हैं। मुस्लिम आबादी को इस सर्वे में 3 वर्गों में बांटा गया है। मुस्लिम आबादी का सबसे बड़ा हिस्सा अति पिछड़े मुसलमानों का है। सर्वे के मुताबिक कुल मुसलमानों में लगभग 10.58 प्रतिशत अति पिछड़े (ईबीसी) मुसलमान हैं। इसमें सबसे उच्च तबके में शेख-सैयद और पठान आते हैं, उनकी संख्या 4.80 प्रतिशत है। जबकि बैकवर्ड मुसलमान 2.03 प्रतिशत के लगभग हैं ।लेकिन मुस्लिम आबादी का सबसे बड़ा हिस्सा अति पिछड़े मुसलमानों का है, कुल मुसलमानों में लगभग10.58 प्रतिशत अति पिछड़े मुसलमान हैं। दो मुस्लिम समूहों झ नालबंद और मलिक को राज्य में ओबीसी के रूप में पहचाना जाता है। इसके अलावा 24 जातियों को ईबीसी के तहत सूचीबद्ध किया गया है। ईबीसी मोमिन / जुलाहा / अंसारी 3.54% हैं, ये जनसंख्या का सबसे बड़ा हिस्सा हैं। इस पूरे मामले में भाजपा को बहुत सतर्क होकर सवाल उठाना होगा, क्योंकि भाजपा बिहार में पसमांदा वोटों की बड़ी संख्या का फायदा हासिल करती रही है। बारह वर्ष तक राज्यसभा सांसद रहे अली अनवर अंसारी का कहना है, बिहार जाति सर्वेक्षण ने वही साबित कर दिया है जो हम हमेशा से कहते रहे हैं। 1931 की जनगणना तक मुसलमानों को जाति के आधार पर गिना जाता था और मंडल आयोग की रिपोर्ट में भी इसका उल्लेख किया गया था, लेकिन मुसलमानों को एक गुट के रूप में दिखाकर राजनीति खेली गई है। जाति मुसलमानों में भी उतनी ही वास्तविकता है जितनी हिंदुओं में।ह्वअली अनवर ने आगे कहा, मैं पिछले 25 वर्षों से पसमांदा मुसलमानों के लिए लगभग अकेले ही लड़ाई लड़ रहा हूं। यह सच है कि नीतीश कुमार ने मुझे दो बार राज्यसभा सांसद बनाया और कुछ अन्य पसमांदा मुसलमानों को भी स्वीकार किया गया, लेकिन मुस्लिम ईबीसी को बड़े पैमाने पर नजरअंदाज किया गया है। अब हमें इस वर्ग के लिए समर्पित नीतियों और कार्यक्रमों की उम्मीद है, राज्य सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में एक पसमांदा सेल होना चाहिए।

### बिहार की तरह राजस्थान में भी होगी जातिगत जनगणना

**आरएनएम। नई दिल्ली**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में 8 समाज कल्याण बोर्ड गठित करने का ऐलान करने के बाद कहा है कि राजस्थान में भी बिहार पैटर्न पर जातिगत योजना जनगणना होने जा रही है। गहलोत ने जातिगत जनगणना कराने का कोई तय समय नहीं बताया। लेकिन ये कहा कि वो भी ऐसी गणना कराने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी जातिगत जनगणना होगी और हम बिहार पैटर्न पर यह काम करवाएंगे। उनका कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार के सर्वे पर रोक नहीं लगाई है। लिहाजा हमें नहीं लगता कि इस सारी कवायद में किसी तरह का अड़ंगा लग सकता है। मालूम हो कि बिहार की नीतीश सरकार ने हाल ही में जातिगत सर्वे के आंकड़े जारी किए थे , जिसके बाद राजनीति सरगर्मी बढ़ गयी है। भाजपा को बिहार सरकार का ये कदम ठीक नहीं लगा। जिस दिन सर्वे के आंकड़े जारी हुए उसी दिन पीएम मोदी ने मप्र में कहा कि वो पहले भी गरीबों की भावनाओं से खेलते थे, आज भी वही खेल खेल रहे हैं। वो तब भी जात-पात के नाम पर समाज को बांटते थे, आज भी वही पाप कर रहे हैं। बातों से साफ है कि पीएम को बिहार के सीएम नीतीश कुमार का दांव ठीक नहीं लगा। उन्होंने किसी का नाम तो नहीं लिया अलबत्ता जातिगत सर्वे को लेकर विपक्षियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई। बिहार के सर्वे के मुताबिक 36.01 प्रतिशत के साथ अत्यंत पिछड़ा वर्ग सबसे बड़ा वोट बैंक है। इसके बाद ओबीसी 27.12 प्रतिशत हैं। 14.26 प्रतिशत संख्या यादवों की है। आंकड़ों के मुताबिक राज्य में दलितों की संख्या 19.65 प्रतिशत है।ये मामला सर्वोच्च न्यायालय में भी पहुंच चुका है। सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने जातिगत सर्वे पर यथास्थिति का आदेश देने से मना कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम किसी राज्य सरकार को नीति बनाने या काम करने से नहीं रोक सकते। हां सुनवाई में उसकी समीक्षा जरूर कर सकते हैं। अदालत का कहना था कि ये बात सही है कि सरकारी योजनाओं के लिए आंकड़े जुटाना जरूरी है। हम आप सभी को सुनना चाहेंगे।

## गागर में सागर

### झारखंड हाईकोर्ट से प्रतुल शाहदेव को मिली बड़ी राहत



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव को बड़ी राहत मिली है। उन पर लातेहार के बालूमाथ थाने में दर्ज प्राथमिकी को हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है। प्रतुल शाहदेव पर मंटु राम नामक व्यक्ति ने मारपीट करने, जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने व हत्या के प्रयास को लेकर प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। इसके खिलाफ प्रतुल शाहदेव ने झारखंड हाईकोर्ट का रुख किया था। उन्होंने अपनी याचिका में खुद को निर्देश बताते हुए कहा था कि चंदवा के अभिजीत प्लांट में स्क्रैप की लूट के खिलाफ आवाज उठाने के कारण स्क्रैप माफियाओं द्वारा फर्जी मुकदमा कराया गया है। वहीं इस दौरान कोर्ट को कई दस्तावेज पेश कर शिकायतकर्ता और गवाहों के आपराधिक इतिहास को भी उजागर किया था। कोर्ट ने इस मामले में प्रतुल शाहदेव को निर्दोष बताते हुए दर्ज प्राथमिकी को फर्जी पाया और उसे निरस्त करने का आदेश दिया। मामले की सुनवाई जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत में हुई। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार व अपराजिता भारद्वाज ने पैरवी की। वहीं शिकायतकर्ता की ओर से दीपांकर और साहिल ने बहस की।

### आकांक्षा कुमारी ने राष्ट्रीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता में जीता पदक



**रांची।** आकांक्षा कुमारी ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-23 (एसजीएफआई) के कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने राज्य को दूसरा रजत पदक दिलाया है। मध्य प्रदेश के विदिशा में आयोजित कुश्ती प्रतिस्पर्धा में आकांक्षा ने अंडर -14 बालिका के 42 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में स्थान पक्का किया। वहां उसने रजत पदक अपने नाम किया। आकांक्षा के रजत जीतने पर शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीर सेन ए सोरेंग, झारखंड कुश्ती संघ के रजनीश सिंह, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के एम मोदस्सर, समीर कुमार, उमेश दास, प्रभात रंजन तिवारी, विद्या कुमारी, मो जावेद अंसारी, कलावती कुमारी, शंकर पाल, जगजीत सिंह, चन्द्रदेव सिंह एवं जितेंद्र कच्छप सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने आकांक्षा एवं उनके कोच को शुभकामनाएं दी है।

### आजसू पार्टी के संगठन विस्तार को लेकर बैठक आठ को पार्टी कार्यालय में



**रांची।** आजसू पार्टी के संगठन विस्तार को लेकर आठ अक्टूबर को रांची के हरमू रोड स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो करेंगे। इसमें पार्टी के सांसद, विधायकों, पूर्व मंत्रियों, जिला परषिद अध्यक्षों, उपाध्यक्ष्यों, सभी जिला अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों एवं प्रमुख नेताओं के साथ संगठन विस्तार पर चर्चा के लिए महत्वपूर्ण बैठक होगी। बैठक में महाधिवेशन में लिए गए नवनिर्माण संकल्प समागम के निर्णयों पर चर्चा होगी। साथ ही महाधिवेशन के विचार को व्यवहार में लाने के लिए भावी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श भी किया जाएगा। यह जानकारी प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने शनिवार को दी।

### इमा कराटे केंद्र का उद्घाटन आठ अक्टूबर को अशोक नगर रोड नं. 5 में




**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के कराटे केंद्र का उद्घाटन आठ अक्टूबर को अशोक नगर रोड नंबर पांच में किया जाएगा। उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व उप महापौर अजय नाथ शहदेव एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच सुनील किस्पोट्टा करेंगे। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा ने शनिवार को कहा कि अशोकनगर से तीन किलोमीटर के दायरे में रहने वाले खिलाड़ियों के लिए यह सेंटर का उद्घाटन किया जा रहा है। इस शाखा में खिलाड़ी आसानी से आकर प्रशिक्षण ले सकेंगे। शाखा में सोमवार और गुरुवार को शाम 4:30 बजे से छह बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण केंद्र में हर उम्र के लड़के-लड़कियां और महिला-पुरुष नामांकन करा सकते हैं। पहले आने वाले 20 लोगों का निशुल्क नामांकन लिया जाएगा।

## श्री श्याम मंदिर में 82वें श्याम भंडारे का किया गया आयोजन

# श्रद्धालुओं ने सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शनिवार को श्री श्याम मंदिर में 82वें श्याम भंडारे का आयोजन किया गया है। इस मौक पर श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान संजय सिंघानिया रेखा सिंघानिया संजीत सिंघानिया साक्षी सिंघानिया ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। सिंघानिया परिवार ने खाटूनरेश को प्राकृतिक पंखा डोलाकर भोग स्वीकार करने की मनुहार की। भोग लगे अमृतमय प्रसाद को सिंघानिया परिवार ने वृहद भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्यों को भंडारे का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा



श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है । 82 वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद में छोला भटूरा खीर मोहन (रसगुल्ला) हरा मिर्च का आचार का प्रसाद श्री श्याम मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया था। भंडारे का वितरण समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से अट गया था। हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारें लग गई । खाटू नरेश की जय जयकारो जय घोष से संपूर्ण छेत्र गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच सिंघानिया परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। लगभग 3200 से ज्यादा लोगों ने अमृतमय महाप्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया संजय सिंघानिया रेखा सिंघानिया संजीत सिंघानिया साक्षी सिंघानिया, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्याम सुंदर शर्मा, पूर्व सांसद अजय मारू,

**मंगलवार को 71 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ**

मंगलवार को सांय 4:30 बजे से 71 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है।

अनिल नारनोली, राजीव रंजन मित्तल, स्नेह पोद्दार, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, अमित सरावगी, वेद भूषण जैन, राहुल मारू, श्याम सुंदर जोशी, कौशल चौधरी, कमलेश सावा, अंकित, राजेश कटारुका, मनोज खेतावत, स्नेहा पोद्दार, अन्नपूर्णा सरावगी, कविता मित्तल, रमा सरावगी, सरिता अग्रवाल, अभिषेक सरावगी, साहित्य पवन, मनीष वर्मा, झूलन मुंडा, उपेंद्र पांडे, सुक्रा उरांव, संजय शर्मा, अमित महतो, अभिषेक गुप्ता, तरुण शर्मा, नकुल मुंडा, कुमार पवन शर्मा, मदन सोनी, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार, संजय सराफ सहित 70 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

# दुर्गा पूजा महोत्सव में महावीर मंडल रांची का हस्तक्षेप अनुचित : अशोक चौधरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने दुर्गा पूजा महोत्सव में महावीर मंडल रांची द्वारा हस्तक्षेप करने पर आपत्ति जतायी है। उन्होंने कहा है कि रामनवमी के समय किसी भी दुर्गा पूजा समिति द्वारा महावीर मंडल रांची के कोई भी कार्यक्रम में हस्तक्षेप नहीं किया जाता है। तो फिर किस आधार पर महावीर मंडल दुर्गा पूजा महोत्सव में हस्तक्षेप कर रहा है। उन्होंने बताया कि राजधानी में दुर्गा पूजा महोत्सव के व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालन के लिए रांची जिला दुर्गा पूजा समिति, रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति एवं महानगर औद्योगिक श्री दुर्गा पूजा समिति का गठन हुआ है। रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के अंतर्गत शहर के लगभग 80 से ज्यादा पंडाल शामिल हैं। समिति में किसी भी प्रकार की ना तो राजनीति है और ना तो समिति किसी राजनीतिक पार्टी द्वारा संचालित हैं। उन्होंने बताया कि अपर जिला दंडाधिकारी महोदय के द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 04.10.2023 मैं आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर दिनांक 07.10.2023 को अपराह्न 3:00 से राज्य के सभी दुर्गा पूजा समितियों की संयुक्त बैठक बुलाई गई थी जिसकी ना तो समिति को कोई सूचना मिली ना तो कोई पत्र। उक्त पत्र महावीर मंडल रांची के राजीव रंजन मिश्रा को दिया गया ऐसी सूचना एडीएम द्वारा प्राप्त की गई। उन्होंने कहा, महावीर मंडल रांची के जय सिंह यादव द्वारा पूर्ण रूप से दुर्गा पूजा महोत्सव में अपना आधिपत्य जमाने का प्रयास किया जा रहा है।प्रश्न यह उठता है कि महावीर मंडल रांची द्वारा दुर्गा पूजा महोत्सव में हस्तक्षेप कहां तक उचित है? रामनवमी के समय किसी भी दुर्गा पूजा समिति द्वारा महावीर मंडल रांची के कोई भी कार्यक्रम में हस्तक्षेप नहीं किया जाता है। इसलिए, दुर्गा पूजा महोत्सव में महावीर मंडल रांची का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप शोभनीय नहीं है।

### झारखंड सरकार का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह लकवाग्रस्त : अविनेश सिंह

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह ने शनिवार को कहा कि झारखंड सरकार का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह लकवाग्रस्त हो चुका है। इसका ताजा प्रमाण पलामू जिला के नीलांबर पीतांबर पुर प्रखंड में एक गर्भवती महिला द्वारा सड़क पर बच्चे को जन्म देने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि महिला प्रसव वेदना से तड़पती रही और उसे ममता वाहन नहीं मिल सका और ना ही एम्बुलेंस आई। दूसरा मामला लातेहार जिला के माल्हन पंचायत का है, जहां एम्बुलेंस नहीं आने पर ग्रामीणों द्वारा गर्भवती महिला को खाट पर तीन किलोमीटर दूर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यह दृश्य राज्य की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को उजागर करता है। सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार के पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की बदहाल व्यवस्था पर झारखंड हाई कोर्ट भी सिस्टम फेल होने की टिप्पणी कर चुका है। फिर भी सरकार निष्क्रिय अवस्था में है। उन्होंने कहा कि झारखंड में 59 एम्बुलेंस कई महीनों से खराब पड़ी हुई है, जिसे स्वास्थ्य विभाग को दिये गए एमवीआई के रिपोर्ट के अनुसार उपरोक्त एम्बुलेंस को बनवाने में मात्र तीन लाख 78 हजार रुपये का अनुमानित खर्च बताया है, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने अभी तक कोई संज्ञान नही लिया है जबकि यह काफी संवेदनशील मामला है।

## शिक्षा विभाग व पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना की उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं बनाने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में शिक्षा विभाग एवं पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, मिथलेश केरकेट्टा, रांची जिला के सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, राँची जिला के सभी प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी एमडीएम रहमत अली, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना रांची, आशीष कुमार और अन्य सभी संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल थे। उपायुक्त द्वारा ई-विद्यावाहिनी के प्रोगेस्न में खलारी,



लापुंग, नगड़ी, रांची सदर, ओरमांझी में जिला औसत से काम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा हैं, कहा इसे 15 दिनों के अंदर ई-विद्यावाहिनी में अपडेट कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने शिक्षक उपस्थिति की जानकारी लेते हुए सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की सभी शिक्षकों को बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाना अनिवार्य हैं। जो शिक्षक बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं बनाते है, उनपर कार्रवाई करने और उनसे स्पष्टीकरण मांगने के लिए सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया एवं सम्बंधित अधिकारी से उपायुक्त रांची, ने जानकारी लेते हुए पूछा की अब तक कितनो का वेतन/मानदेय रोका गया। उपायुक्त रांची, श्री राहुल कुमार सिन्हा ने छात्र उपस्थिति की भी जानकारी लेते हुए ई-विद्यावाहिनी में इसे अपडेट कराना सुनिश्चित करने को कहा गया। बैंक खाता सत्यापन में जिले के 19% बच्चों का अब तक पूर्ण किया गया हैं। जिसमें नामकुम, चान्हो, ओरमांझी, तमाड़, राहे इन प्रखण्ड का बैंक सत्यापन औसत से काफी कम पाया गया है। जिसपर उपायुक्त रांची, द्वारा 15 दिनों के अंदर ई-विद्यावाहिनी से सम्बंधित सभी आंकड़े को पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा की प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी इसकी गहन अनुश्रवण करेंगे। उपायुक्त ने निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की स्थिति की विस्तृत जानकारी लेते हुए सम्बंधित अधिकारी को पाठ्य पुस्तक के आंकड़ो को ई-विद्यावाहिनी में अपडेट करने का निर्देश दिया गया।

### जेएसईआरसी से अनुमोदन के बगैर जेयूएसएनएल ने जारी किया टेंडर

# सीएम को बाबूलाल ने लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ऊर्जा विभाग (झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड) जेएसईआरसी द्वारा जारी टेंडरों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि जेयूएसएनएल ने एक निविदा निकाली है। इसे जेएसईआरसी के द्वारा अनुमोदन नहीं दिया गया है। उसके मुताबिक इसकी अभी कोई जरूरत नहीं है। दो ग्रिड सब स्टेशन (चांडील-169 करोड़, कोडरमा-213 करोड़) के लिए निकाली गयी निविदा की अनुमानित लागत 382 करोड़ रुपये है। मरांडी ने कहा है कि जेएसईआरसी के अनुमोदन के बिना इस निविदा को निकाला जाना सरकारी राशि का दुरुपयोग है। क्योंकि, भविष्य में बिजली दर निर्धारण के समय यह खर्च न्यायसंगत नहीं होगा और इसको उचित खर्च नहीं माना जायेगा। साथ ही इस पर जेएसईआरसी के द्वारा टैरिफ निर्धारण में कोई विचार नहीं किया जायेगा। उन्होंने लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में जेएसईआरसी के द्वारा 175 करोड़ रुपये का थ्रेस होल्ड



लिमिट तय किया गया है। यदि इसके ऊपर कोई कार्य का निष्पादन होना है तो उसे टीबीसीबी के माध्यम से होना है ना कि आरटीएम के माध्यम से लेकिन 213 करोड़ रुपये के कार्य कराये जा रहे हैं नियम विरुद्ध हैं। इसके अलावा बलियापुर व अन्य जगहों के लिए निविदा निकाली गयी है, जिस पर जेएसईआरसी का अनुमोदन नहीं लिया गया है। इस कार्य को भी जेएसईआरसी के द्वारा मना किया जा चुका है। ये सारे कार्य नियम कानून को ताक पर रख कर किए जा रहे हैं। बाबूलाल ने सवाल किया है कि सीएम ऊर्जा विभाग के मंत्री भी हैं।

### आईएसओ प्रमाणन के लिए गुमला जिले से दो पंचायत चयनित

**रांची।** पंचायती राज विभाग के नेतृत्व में गुमला जिला के बसिया (कलिगा) और रायडीह प्रखंड (परसा) से एक-एक पंचायत का चयन आईएसओ प्रमाणन के लिए किया गया है। किला, केरल के द्वारा इन्हें चुना गया है। पंचायत को सशक्त बनाने के लिए वहां के मुखिया और कुछ वार्ड सदस्यों को किला, केरल का एक्सपोजर विजिट कराया जा रहा है, जिसकी निर्धारित तिथि आठ अक्टूबर से 12 अक्टूबर है। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिस प्रकार केरल की पंचायत सशक्त और आत्मनिर्भर हैं, उसी प्रकार यहां की पंचायत भी बनें। इससे जनप्रतिनिधियों में नैतिक साहस और कल्पनाशीलता बढ़े। वे पंचायती राज, लोकतंत्र की जानकारी का सकारात्मक उपयोग कर सकें। इस विजिट में बसिया के कलिगा पंचायत से मुखिया मरियम बेक,वार्ड सदस्य पतरसिया बेक और मंजू डुंगडुंग शामिल होंगे। प्रदान संस्था की ओर से अंकित कुमार होंगे। साथ ही रायडीह प्रखंड के परसा पंचायत से उप मुखिया शशि उरांव और वार्ड सदस्य धर्मा मुंडा शामिल होंगे।

# राजधानी रांची में ओपीडी सेवा शुरू करने जा रहे हैं मेदांता गुरुग्राम के चिकित्सक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। देश की बढ़ती जनसंख्या के साथ ही यूरो आंकोलॉजी (प्रोस्टेट, किडनी और ब्लैडर के कैंसर) के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के यूरो आंकोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी के कंसल्टेंट डॉ गोपाल शर्मा झारखंड की राजधानी रांची में ओपीडी सेवा शुरू करने जा रहे हैं। प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान डॉ गोपाल ने कहा कि झारखंड में यूरो आंकोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख करते हैं। ऐसे में झारखंड की राजधानी रांची और जमशेदपुर में प्रत्येक महीने के अंतिम सोमवार को ओपीडी सेवा शुरू करने जा रही है। डॉ गोपाल ने कहा कि जिन मरीजों को रोबोटिक सर्जरी की जरूरत पड़ेगी, उन्हें मेदांता गुरुग्राम ले जाकर इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ओपन सर्जरी से ज्यादा खर्च रोबोटिक सर्जरी में होता है, लेकिन इस विधि से मरीजों को ज्यादा समस्या नहीं होती है और वह जल्द ही रिकवर करते हैं। इसमें रक्तस्राव बहुत कम होता है।

## पृष्ठ एक के शेष

**भ्रष्टाचार व अपराध मुक्त झारखंड...**

संगठन मंत्री कर्मवीर जी, राज्यसभा सदस्य प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, बाल मुकुंद सहाय प्रदेश महामंत्री, दीपक वर्मा प्रदेश महामंत्री, प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर, प्रदेश संकल्प यात्रा कार्यक्रम संयोजक विनय लाल, सुशील अग्रवाल, अवधेश सिंह चेरों, मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, बृजेश कुमार सिंह, दिलीप यादव, प्रदीप सिंह प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, प्रमुख सुशीला देवी, कालो देवी, रेखा पाठक, मुन्ना गुप्ता, प्रदीप सिंह, मनोज प्रसाद आदि मौजूद थे।

**मुख्यमंत्री देवघर व जामताड़ा में मेगा...**

होने और खेतों में जल की जरूरत सीमित होने की स्थिति में पानी को स्थानांतरित कर नजदीक के तालाबों को भरने का प्रावधान किया है, ताकि ग्रामीणों को तालाबों के माध्यम से हमेशा जल मिल सके।

**झारखंड में जातीय जनगणना की...**

जातीय गणना के पक्ष में है। अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि केंद्र सरकार जानबूझकर इस मुद्दे से पीछे हट रही है ताकि देश में पिछड़ों को इसका लाभ नहीं मिल सके। राज्य में कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम बिहार सरकार की पहल को सराहनीय बताते हुए कहते हैं, जब केंद्र सरकार इसे लागू नहीं कर रही है, तो देश की राज्य सरकारों को अपने बूते गणना करानी चाहिए। जब राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन की सभी पार्टियां जातीय जनगणना की पक्षधर हैं, तो क्या झारखंड सरकार इस दिशा में बिहार की तरह अपने स्तर पर जातीय जनगणना कराने का फैसला लेने वाली है?

दरअसल, राज्य में जो मौजूदा परिस्थितियां हैं, उसमें सरकार इस दिशा में तुरंत कदम बढ़ाने की स्थिति में नहीं दिखती। राज्य में सभी नगर निकायों का कार्यकाल सात-आठ पहले ही पूरा हो चुका है, लेकिन सरकार इनका चुनाव कराने को लेकर अब तक अनिर्णय की स्थिति में है। दरअसल, सरकार ने कैबिनेट की बैठक में महीनों पहले निर्णय लिया था कि नगर निकाय के चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण दिया जाएगा। मुश्किल यह है कि इस आरक्षण का प्रतिशत कितना हो, यह तय करने के लिए राज्य सरकार को ट्रिपल टेस्ट सर्वे के जरिए राज्य की पिछड़ी आबादी की संख्या और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति का आकलन करना होगा।

सरकार ने ट्रिपल टेस्ट कराने के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग को अधिकृत भी किया है, लेकिन अभी तक आयोग का गठन ही नहीं हो सका है। आयोग का अध्यक्ष झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को बनाए जाने का प्रस्ताव था, पर लाभ के पद को लेकर अड़चन खड़ा होने से उनकी नियुक्ति टल गई। इसके बाद से पिछले एक महीने से मामला ठंडे बस्ते में है। तो, हालत ये है कि जिस पिछड़ा वर्ग आयोग को निकाय चुनाव में पिछड़ों के आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट सर्वे करना है, उस आयोग में न तो कोई अध्यक्ष है न सदस्य। अक्टूबर का पहला सप्ताह खत्म होने को है। इस महीने से दशहरा, दीपावली, छठ, भाईदूज जैसे त्योहारों की श्रृंखला शुरू हो रही है, जो दिसंबर में क्रिसमस तक जारी रहेगी। इसके बाद फरवरी 2024 से लोकसभा चुनाव के पूर्व मतदाता सूची पुनरीक्षण, बूथों का निर्धारण, मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण आदि की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। लोकसभा चुनाव खत्म होंगे तो विधानसभा के चुनाव की तैयारी शुरू हो जाएगी। जाहिर है इन परिस्थितियों में 2024 के अंत तक राज्य में जातीय जनगणना के आसार नहीं लगते। 2024 के अंत में राज्य में बनने वाली नई सरकार निर्भर करेगा कि झारखंड में जातीय गणना को लेकर उसका स्टैंड क्या होगा। बहरहाल, तब तक यह मसला सियासी तौर पर जरूर उछलता रहेगा।

**क्या है गगनयान...**

करीब 3 दिनों तक पृथ्वी का परिक्रमा करेगा। इसके बाद इसके कैप्सूल (क्रू मॉड्यूल) को पैराशूट के माध्यम से समुद्र में उतारा जाएगा। गगनयान मिशन की सफलता से भारत, पूर्ववर्ती यूएसएसआर, अमेरिका और चीन के बाद अंतरिक्ष में मानव भेजने वाला चौथा देश बन जाएगा। डेनमार्क समेत कई अन्य देश भी इस दिशा में काम कर रहे हैं।

## पुलिस डयूटी मीट का समापन, दुमका ओवर ऑल चैंपियन और रांची बनी रनअप

# पुलिस को दक्ष बनाने अहम भूमिका निभाता है डयूटी मीट : मिथिलेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पुलिस ड्यूटी मीट पुलिस को दक्ष बनाने और जिम्मेदारी निभाने में अहम भूमिका निभाता है। पुलिस को हर तरह से तकनीकी रूप से मजबूत बनने की जरूरत है। हर क्षेत्र में दक्ष बनना पड़ेगा। तभी अपराध पर अंकुश लगेगा। ठाकुर शनिवार को डोरंडा स्थित जैप-1 परिसर में 18वीं झारखंड राज्य पुलिस डयूटी मीट प्रतियोगिता के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस मजबूत होगी तभी जनता सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारी पुलिस अब टेक्निकली पूरी तरह से दक्ष है। नए बहाल सब इंस्पेक्टर में इंजीनियर हैं तो कोई दूसरे टेक्निकल मामलों में दक्ष है। एक दिन ऐसा भी आएगा जब झारखंड में



गंभीर अपराध के मामले पूरी तरह से थम जाएंगे। एक दो अपराध ही होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच है राज्य के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने की। पुलिस के जरिए ही यह संभव है। झारखंड में उग्रवाद और नक्सलवाद में काफी कमी आयी है। यह पुलिस की दक्षता का ही नतीजा है। एक-दो साल में झारखंड में पूरी तरह से नक्सलवाद का सफाया हो जायेगा। साथ ही कहा कि पुलिस जनता पर विश्वास कायम कर आपराधिक घटनाओं पर काबू पा सकती है। उन्होंने साइबर क्राइम को लेकर चिंता जताई और डीजीपी से कहा कि इस पर विशेष तौर पर काम होना चाहिए ताकि राज्य से साइबर अपराध का भी खात्मा हो सके। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस की दक्षता बढ़ाने के लिए पुलिस डयूटी मीट का आयोजन किया जाता है। महिलाओं और बच्चों के लिए पुलिस बेहतर कार्य कर रही है। झारखंड पुलिस नक्सल समस्या पर बेहतर कार्य कर रही है। इसकी प्रशंसा गृह मंत्री दिल्ली की बैठक में भी कर चुके है। तीन दिनों तक चले इस आयोजन के दौरान झारखंड पुलिस की सात टीमों के प्रतिभागियों ने अपराध अनुसंधान के विषयों को लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। झारखंड पुलिस ड्यूटी मीट में सर्वाधिक पुरस्कार के साथ दुमका ओवर ऑल चैंपियन बनी जबकि रांची की टीम दूसरे स्थान पर रहकर रनरअप बनी। पुलिस डयूटी मीट प्रतियोगिता में फॉरेंसिक साइंस में देवघर के शाहदेव प्रसाद प्रथम स्थान, पश्चिमी सिंहभूम की सब इंस्पेक्टर मीनू कुमारी दूसरे स्थान, बोकारो सब-इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

# अफगानिस्तान को बांग्लादेश ने हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**
विश्व कप के तीसरे मैच में बांग्लादेश ने शनिवार को अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराकर विश्व कप में अपनी पहली जीत हासिल कर ली है। मैच में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी की थी और 37.2 ओवर में 156 रन ही बना सकी, जिसके बाद बांग्लादेश ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य को आसानी के साथ हासिल कर लिया। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने 57 रन की पारी खेली तो वहीं नजमुल हुसैन शान्तो ने 59 रन बनाकर बांग्लादेश को जीत दिला दी। इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। अफगानिस्तान 156 रनों पर ऑल-आउट हो गई थी।

### शांतो-मिराज की अर्धशतकीय साझेदारी

पावरप्ले में दोनों ओपनर गंवाने के बाद बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो और मेहदी हसन मिराज ने टीम को संभाला। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 97 की साझेदारी की। इस साझेदारी को नवीन-उल-हक ने तोड़ा।

### पावरप्ले में बांग्लादेश

पावरप्ले में बांग्लादेश की मिली-जुली शुरूआत रही। टीम ने पहले 10 ओवर में 44 रन बनाए लेकिन दोनों ओपनर के विकेट गंवा दिए। तंजिद हसन तमीम 5 और लिट्टन दास 13 रन बनाकर आउट हुए।

### गुरबाज ने सबसे ज्यादा रन बनाए

पहले बैटिंग करते हुए अफगानिस्तान की टीम 37.2 ओवर में 156 रन पर सिमट गई। ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 62 गेंदों पर 47 रन की पारी खेली। अजमतुल्लाह ओमरजई और इब्राहिम जादरान ने 22-22 रन बनाए।




## स्कोर बोर्ड

| अफगानिस्तान | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहमानउल्लाह गुरबाज | 47 | 62 | 4 | 1 |
| इब्राहिम जदरान | 22 | 25 | 3 | 1 |
| रहमत शाह | 18 | 25 | 1 | 0 |
| हशमतउल्लाह शहीदी | 18 | 38 | 2 | 0 |
| नजीबउल्लाह जदरान | 5 | 13 | 0 | 0 |
| मोहम्मद नबी | 6 | 12 | 0 | 0 |
| अजमतउल्लाह ओमरजाई | 22 | 20 | 4 | 0 |
| राशिद खान | 9 | 16 | 1 | 0 |
| मुजीब उर रहमान | 1 | 4 | 0 | 0 |
| नवीन उल हक | 0 | 6 | 0 | 0 |
| फजलहक फारूकी | 0 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 8, **कुल :** 8/156 (37.2 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-47, 2-83, 3-112, 4-112, 5-122,6-126, 7-150, 8-156, 9-156, 10-156.
**गेंदबाजी :** तस्किन अहमद 6-0-32-1, शोरिफुल इस्लाम 6.2-1-34-2, मुस्तफि जुर रहमान 7-1-28-1, शाकिब अल हसन 8-0-30-3, मेहदी हसन मिराज 9-3-25-3, महमुदउल्लाह 1-0-7-0

| बांग्लादेश | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तंजिद हसन | 5 | 13 | 19 | 0 |
| लिटन कुमार दास | 13 | 18 | 29 | 0 |
| मेहदी हसन मिराज | 57 | 73 | 89 | 0 |
| नजमुल शान्तो नाबाद | 59 | 83 | 112 | 1 |
| शाकिब अल हसन | 14 | 19 | 24 | 0 |
| मुशफि कुर रहीम | 2 | 3 | 6 | 0 |

**अतिरिक्त :** 8, **कुल :** 4/158 (34.4 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-19 , 2-27, 3-124, 4-146.
**गेंदबाजी :** फजलहक फारूकी 5-0-19-1, मुजीब उर रहमान 7-0-30-0, नवीन उल हक 5.4-0-31- 1, राशिद खान 9-0-48-0, मोहम्मद नबी 6-1-18-0, अजमतउल्लाह ओमरजाई 2-0-9-1

## वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | एनआरआर | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 1 | 1 | 0 | +2.149 | 2 |
| पाकिस्तान | 1 | 1 | 0 | +1.620 | 2 |
| अफगानिस्तान | 0 | 0 | 0 | - | 0 |
| ऑस्ट्रेलिया | 0 | 0 | 0 | - | 0 |
| बांग्लादेश | 0 | 0 | 0 | - | 0 |
| भारत | 0 | 0 | 0 | - | 0 |
| साउथ अफ्रीका | 0 | 0 | 0 | - | 0 |
| श्रीलंका | 0 | 0 | 0 | - | 0 |
| नीदरलैंड्स | 1 | 0 | 1 | -1.620 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | -2.149 | 0 |
| पाकिस्तान | 1 | 1 | 0 | +1.620 | 2 |

## वर्ल्ड कप 2023 का पूरा शेड्यूल

| दिन तथा तिथि | टीम 1 | बनाम | टीम 2 | शहर |
|---|---|---|---|---|
| सोमवार, 9 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | नीदरलैण्ड | हैदराबाद |
| मंगलवार, 10 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | धर्मशाला |
| मंगलवार, 10 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | श्रीलंका | हैदराबाद |
| बुधवार, 11 अक्टूबर | भारत | बनाम | अफगानिस्तान | दिल्ली |
| गुरुवार, 12 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | लखनऊ |
| शुक्रवार, 13 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | चेन्नई |
| शनिवार, 14 अक्टूबर | भारत | बनाम | पाकिस्तान | अहमदाबाद |
| रविवार, 15 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | दिल्ली |
| सोमवार, 16 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | श्रीलंका | लखनऊ |
| मंगलवार, 17 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | नीदरलैण्ड | धर्मशाला |
| बुधवार, 18 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | चेन्नई |
| गुरुवार, 19 अक्टूबर | भारत | बनाम | बांग्लादेश | पुणे |
| शुक्रवार, 20 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | पाकिस्तान | बेंगलुरू |
| शनिवार, 21 अक्टूबर | नीदरलैण्ड | बनाम | श्रीलंका | लखनऊ |
| शनिवार, 21 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | मुंबई |
| रविवार, 22 अक्टूबर | भारत | बनाम | न्यूजीलैण्ड | धर्मशाला |
| सोमवार, 23 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | अफगानिस्तान | चेन्नई |
| मंगलवार, 24 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | बांग्लादेश | मुंबई |
| बुधवार, 25 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | नीदरलैण्ड | दिल्ली |
| गुरुवार, 26 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | श्रीलंका | बेंगलुरू |
| शुक्रवार, 27 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | चेन्नई |
| शनिवार, 28 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | न्यूजीलैण्ड | धर्मशाला |
| शनिवार, 28 अक्टूबर | नीदरलैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | कोलकाता |
| रविवार, 29 अक्टूबर | भारत | बनाम | इंग्लैण्ड | लखनऊ |
| सोमवार, 30 अक्टूबर | अफगानिस्तान | बनाम | श्रीलंका | पुणे |
| मंगलवार, 31 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | बांग्लादेश | कोलकाता |
| बुधवार, 1 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | पुणे |
| गुरुवार, 2 नवंबर | भारत | बनाम | श्रीलंका | मुंबई |
| शुक्रवार, 3 नवंबर | नीदरलैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | लखनऊ |
| शनिवार, 4 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | पाकिस्तान | बेंगलुरू |
| शनिवार, 4 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | ऑस्ट्रेलिया | अहमदाबाद |
| रविवार, 5 नवंबर | भारत | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | कोलकाता |
| सोमवार, 6 नवंबर | बांग्लादेश | बनाम | श्रीलंका | दिल्ली |
| मंगलवार, 7 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | अफगानिस्तान | मुंबई |
| बुधवार, 8 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | नीदरलैण्ड | पुणे |
| गुरुवार, 9 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | श्रीलंका | बेंगलुरू |
| शुक्रवार, 10 नवंबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | अफगानिस्तान | अहमदाबाद |
| शनिवार, 11 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | बांग्लादेश | पुणे |
| शनिवार, 11 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | पाकिस्तान | कोलकाता |
| रविवार, 12 नवंबर | भारत | बनाम | नीदरलैण्ड | बेंगलुरू |
| बुधवार, 15 नवंबर | --------- | सेमीफाइनल 1 | --------- | मुंबई |
| गुरुवार, 16 नवंबर | --------- | सेमीफाइनल 2 | --------- | कोलकाता |
| रविवार, 19 नवंबर | --------- | फाइनल | --------- | अहमदाबाद |

# दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 102 रनों से किया पराजित




**एजेंसी। नई दिल्ली**
दक्षिण अफ्रीका ने विश्व कप के चौथे मैच में शनिवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में श्रीलंका को 102 रन से हराया। इसे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए क्विंटन डी कॉक (100), राशी वेन डर डुसेन (108) और एडन मार्करम (106) की शानदार शतकीय पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर 428 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 44.5 ओवर में 326 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस मैच में 74 चौके और 31 छक्के लगे। 429 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरूआत खराब रही और दूसरे ही ओवर में 1 रन के कुल स्कोर पर पाथुम निशांका को मार्को जेनसेन ने बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। पहला विकेट जल्दी गिरने के बाद कुसल मेंडिस ने मोर्चा संभाला और विकेट के चारों तरफ शॉट लगाए, उन्होंने केवल 25 गेंदों पर 6 छक्के और 3 चौके की बदौलत अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। 8वें ओवर में 67 के कुल स्कोर पर कुसल परेरा को मार्को जेनसेन ने बोल्ड कर मैच का अपना दूसरा विकेट लिया। 13वें ओवर में कागिसो रबाडा ने श्रीलंका को बड़ा झटका दिया। रबाडा ने 109 के कुल स्कोर पर कुसल मेंडिस को क्लासेन के हाथों कैच कराकर श्रीलंका को तीसरा झटका दिया। मेंडिस ने 42 गेंदों में 4 चौके और 8 छक्के की बदौलत 76 रनों की शानदार पारी खेली। 14वें ओवर में 111 के कुल स्कोर पर गेराल्ड कोएट्जी ने सदीरा समरविक्रमा को आउट कर श्रीलंका को चौथा झटका दिया। इसके बाद धनंजय डीसिल्वा और चारिथ असालंका ने पांचवें विकेट के लिए 41 गेंदों पर 39 रन की साझेदारी कर श्रीलंका को 150 रनों के स्कोर तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर केशव महाराज ने डीसिल्वा को आउट कर श्रीलंका को पांचवां झटका दिया। डीसिल्वा ने 14 गेंदो पर 11 रन बनाए। डीसिल्वा के आउट होने के बाद असालंका और दासुन शनाका ने छठे विकेट के लिए 72 गेंदों पर 82 रनों की साझेदारी की।

## सबालेंका बाहर, स्वीयाटेक और गॉफ चाइना ओपन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी। बीजिंग**
दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को यहां चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना ने 7-5, 6-2 से हरा दिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे मैच के दौरान शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारूसी को सर्विस की समस्या का सामना करना पड़ा, उन्होंने रिबाकिना के एक के मुकाबले आठ डबल फॉल्ट किए और पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने चार बार उनकी सर्विस तोड़ी। रिबाकिना ने 12 ऐस लगाए जबकि सबालेंका केवल चार ऐस लगा पाईं। सेमीफाइनल में रिबाकिना का मुकाबला रूस की ल्यूडमिला सैमसोनोवा से होगा, जिन्होंने लातविया की जेलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-2 से हराया। विश्व की



दूसरे नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वीयाटेक और दुनिया की तीसरे नंबर की अमेरिका की कोको गॉफ दूसरे सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगी। शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में, स्वीयाटेक ने एक सेट से पिछड़ने के बाद फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया को 6-7 (8), 7-6 (5), 6-1 से हराया, जबकि गॉफ ने ग्रीस की मारिया सकारी को 6-2, 6-4 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक बढ़ाया।

## हैदराबाद में प्रतियोगिता के दौरान पहलवान भिड़े

**हैदराबाद।** हैदराबाद के एलबी स्टेडियम में शुक्रवार रात एक प्रतियोगिता के दौरान पहलवानों के दो समूह आपस में भिड़ गए। झगड़े का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया। मोदी केसरी कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवान हिस्सा ले रहे थे। दो पहलवानों के बीच कुछ बहस हो गई। इसके बाद दोनों पहलवानों के समर्थकों ने एक दूसरे पर हमला शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान उन्होंने एक-दूसरे पर कुर्सियां भी फेंकीं। कहा जाता है कि ये समूह पुराने शहर के जफर पहलवान और सलाम बिन यूसुफ पहलवान के रिश्तेदार थे। झड़प में अली बिन यूसुफ पहलवान समेत दोनों गुटों के दस लोग घायल हो गये। इस घटना से स्टेडियम में तनाव फैल गया और दर्शक बाहर भाग गए। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

### पाकिस्तानी मीडिया को वीजा देना बीसीसीआई का काम

# 60 पाक पत्रकार को मैच कवर करने भारत आने का इंतजार

**एजेंसी। हैदराबाद**
पाकिस्तानी प्रशंसकों और मीडिया को वीजा दिए जाने में देरी पर पीसीबी द्वारा फिर निराशा जताये जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा कि बीसीसीआई भारत में विश्व कप की कवरेज के लिए आने का इंतजार कर रहे पाकिस्तानी पत्रकारों को वीजा दिलाने के लिए प्रयास कर रहा है। करीब 60 पाकिस्तानी पत्रकार विश्व कप कवर करने भारत आने का इंतजार कर रहे हैं।

नीदरलैंड के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच में पाकिस्तान को काफी घरेलू समर्थन मिला लेकिन पाकिस्तान का कोई पत्रकार या प्रशंसक मौजूद नहीं था। कराची में जन्मे मोहम्मद बशीर अमेरिकी नागरिक हैं और यहां पाकिस्तान की हौसलाअफजाई के लिये आये हैं।




आईसीसी विश्व कप का आयोजक है तो बीसीसीआई मेजबान। आईसीसी प्रवक्ता ने कहा, वीजा दिलाना मेजबान बीसीसीआई का काम है और हमारे पूरे सहयोग के साथ वह इस पर काम कर रहा है। इस मसले को सुलझाने के पूरे प्रयास किये जा रहे हैं । पीसीबी के एक प्रवक्ता ने कहा, हम आईसीसी को बार बार याद दिला रहे हैं कि प्रशंसकों और पत्रकारों को वीजा दिलाना उसका दायित्व है। हम आगे भी यह मसला उठाते रहेंगे। आईसीसी विश्व कप में पाकिस्तान का पहला मैच कवर करने के लिये भारतीय वीजा को लेकर अनिश्चितता की स्थिति देखकर निराशा हुई। पाकिस्तानी पासपोर्ट धारक का वीजा आवेदन भारत में गृह, विदेश और खेल मंत्रालय से होकर गुजरता है।




# एशियन गेम्स : भारत ने पहली बार 100 से ज्यादा मेडल जीते, क्रिकेट, हॉकी और कबड्डी में गोल्ड

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय महिला हॉकी टीम ने जापान को हराकर एशियाई खेलों का कांस्य पदक जीता। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने एशियाई खेलों के बेहद तनावपूर्ण फाइनल में ईरान को हराकर स्वर्ण पदक जीता है। भारत और अफगानिस्तान का मुकाबला बारिश के कारण धुल गया, जिसके बाद टीम इंडिया को चैंपियन घोषित किया गया। भारतीय टीम को रैंकिंग के आधार पर गोल्ड मेडल दिया गया है। दूसरी तरफ पुरुष कबड्डी मैच में रेड अंक के चलते खेल काफी देर तक रुका रहा। महिला कबड्डी टीम ने भारत के लिए 100वां मेडल जीता है। कबड्डी में महिलाओं ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई खेलों में 100 मेडल जीतन पर भारतीय दल को बधाई दी है। इससे पहले शानिवार को तीरंदाजी में चार पदक आए। ओजस देवतले ने एशियाई खेलों में पुरुषों की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि अभिषेक वर्मा को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।




### 19वें एशियाई खेलों के पदक मिले

भारत ने 19वें एशियाई खेलों में 107 पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। भारत ने पहले कभी भी 100 पदक नहीं जीते थे, ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत ने एशियाई खेलों में 100 पदक जीते हैं। भारतीय दल के 107 पदकों में 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने एथलेटिक्स में 29 पदक जीते, जिनमें 6 स्वर्ण, 14 रजत और 9 कांस्य पदक शामिल हैं। इसके बाद भारत ने शूटिंग में 22 पदक जीते, जिनमें 7 स्वर्ण, 9 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने तीरंदाजी में 9 (5 स्वर्ण, 2 रजत और कांस्य), कुश्ती में 6 (1 रजत और 5 कांस्य), क्रिकेट में 2 (दोनों स्वर्ण), कबड्डी में 2 (दोनों स्वर्ण), हॉकी में 2 (एक स्वर्ण और एक कांस्य), रोईंग में 5 (2 रजत, तीन कांस्य), स्क्वैश में 5 (2 स्वर्ण, 1रजत और दो कांस्य) और मुक्केबाजी में 5 (1 रजत और 4 कांस्य), सेलिंग में 3 (1 रजत और 2 कांस्य), घुड़सवारी में 2 (1 स्वर्ण, 1 कांस्य). वुशु में 1 रजत, टेनिस में 2 (1 स्वर्ण, एक रजत), गोल्फ में एक रजत, बैडमिंटन में 3 (1 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य), रोलर स्केटिंग में दो कांस्य, टेबल टेनिस में 1 कांस्य, कौनोई में 1 कांस्य, सेपकटक्रा में 1 कांस्य, ब्रिज में एक रजत, और शतरंज में दो रजत पदक शामिल है।

### एशियन गेम्स मेडल टैली सात अक्टूबर तक का




| रैंक | देश | सोना | चांदी | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 194 | 108 | 68 | 370 |
| 2 | जापान | 49 | 62 | 68 | 179 |
| 3 | कोरिया गणराज्य | 39 | 56 | 89 | 184 |
| 4 | भारत | 28 | 38 | 41 | 107 |
| 5 | उज्बेकिस्तान | 21 | 18 | 27 | 66 |
| 6 | चीनी ताइपे | 18 | 19 | 28 | 65 |
| 7 | थाईलैंड | 12 | 14 | 31 | 57 |
| 8 | उत्तर कोरिया | 11 | 18 | 10 | 39 |
| 9 | कजाकिस्तान | 10 | 20 | 44 | 74 |
| 10 | ब्रुनेई | 10 | 3 | 5 | 181 |

## मेन्स क्रिकेट में भारतीय टीम को मिला स्वर्ण पदक, बारिश के कारण पूरा नहीं हुआ मैच

**एजेंसी। हांगझू**
एशियाई खेलों में भारतीय क्रिकेट टीम को पुरुष क्रिकेट स्पर्धा में स्वर्ण पदक मिला है। भारत और अफगानिस्तान के बीच खेला गया पुरुष क्रिकेट स्पर्धा का फाइनल मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। इसके बाद आईसीसी टी-20 रैंकिंग के आधार पर भारतीय टीम को विजेता घोषित किया गया। रैंकिंग में भारतीय टीम पहले स्थान पर है जबकि अफगानिस्तान की टीम 10वें पायदान पर है। इस तरह भारतीय टीम को स्वर्ण पदक मिला, वहीं अफगानिस्तान टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम पहली बार




एशियाई खेल में हिस्सा लेने उतरी थी और पहली बार में ही स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया है। अफगानिस्तान पहले बल्लेबाजी करने उतरी। अफगानिस्तान ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 112 रन बना लिए थे। इसके बाद बारिश शुरू हो गई, जिस कारण मुकाबला दोबारा शुरू नहीं हो सका और मैच रद्द करना पड़ा। अफगानिस्तान की ओर से शाहिदुल्लाह कमाल नाबाद 43 गेंदों में 49 रन बना कर खेल रहे थे। उनके अलावा कप्तान गुलबदीन नईब 27 रन बनाकर नाबाद रहे। अफसर जजई ने 15 रन का योगदान दिया।
भारत के लिए शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, शाहबाज नदीम और रवि बिश्नोई ने एक-एक विकेट लिए।